* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

10 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 348

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुजरात दौरा : मोधेश्वरी माता मंदिर की आरती में हुए शामिल

SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IX th
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC./M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

भारत ने साउथ अफ्रीका को सात विकेट से हराया

सीरीज 1-1 से बराबर : अय्यर की सेंचुरी, ईशान ने जड़े 93 रन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। टीम इंडिया ने तीन वन डे मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। रांची में मिली इस जीत के साथ भारत ने सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली है। इसका श्रेय जाता है श्रेयस अय्यर और इशान किशन को, जिन्होंने शानदार पारी खेली और भारत को जीत दिला दी। इससे पहले दक्षिणअफ्रीका के कप्तान केशव महाराज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनकी टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 278 रन बनाये। सबसे ज्यादा रन एडेन मार्करम के बल्ले से निकले। उन्होंने 89 बॉल में 79 रन की पारी खेली। रीजा हेन्ड्रिक्स ने 74 रन बनाये।

दक्षिण अफ्रीका के लिए आखिरी ओवरों में एक बार फिर डेविड मिलर ने अच्छी बल्लेबाजी की और 35 रन बनाये। भारत के लिए तीन विकेट मोहम्मद सिराज ने लिये। वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, कुलदीप यादव और शार्दूल को 1-1 विकेट मिला।

जवाब में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की शानदार पारियों के दम पर टीम इंडिया को जीत मिली। अय्यर ने अपने वनडे करियर का दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने 111 बॉल का सामना किया और 113 रन की नाट आउट पारी खेली। वहीं, ईशान ने मैच में 93 रन बनाये। इस दौरान उनके बल्ले से सात छक्के निकले। दोनों के बीच 161 रनों की साझेदारी हुई।

ईशान किशन की शानदार पारी, लेकिन शतक नहीं बना पाये

दूसरे वनडे में नंबर-तीन पर बल्लेबाजी करने आये ईशान किशन ने अपने ग्राउंड में धमाकेदार पारी खेली। उन्होंने 84 बॉल में 93 रन बनाये।

इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और सात छक्के निकले। वह सात रन से अपना पहला वन डे इंटरनेशनल शतक नहीं बना पाये। किशन ने श्रेयस अय्यर के साथ 155 बॉल में 161 रन की साझेदारी निभायी।

फिर फ्लॉप हुए शिखर धवन

टीम इंडिया के कप्तान शिखर धवन दूसरे मुकाबले में भी कुछ कमाल नहीं कर पाये। उन्होंने 20 बॉल का सामना किया और 13 रन बनाये। गब्बर को वेन पर्नेल ने बोल्ड किया। पहले वनडे में भी उनका विकेट पर्नेल ने ही लिया था। धवन के बाद शुभमन गिल भी अच्छी पारी नहीं खेल पाये। उन्होंने 26 बॉल में 28 रन बनाये। उनका विकेट द अफ्रीका के गेंदबाज कगिसो रबाडा ने लिया।

भारत की जीत पर राजधानी में मना जश्न सीएम ने सपरिवार मैच का आनंद उठाया

रांची। रांची की सरजमी पर टीम इंडिया ने जैसे ही शानदार जीत हासिल की, पूरा जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। भारतीय टीम की इस जीत पर रांची में जगह-जगह खूब जश्न मनाया गया। खेल प्रेमी एक-दूसरे से जीत की बधाई दी। मेन रोड सहित राजधानी में कई जगहों पर खेल समर्थक सड़क पर उतर आये और जम कर आतिशबाजी की। टीम इंडिया के नारे भी लगाये। अपनी गाड़ियों में तिरंगा झंडा लगा कर विजय जुलूस के रूप में निकले। उधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सपरिवार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच का आनंद उठाया।

ईद मिलादुन्नबी जुलूस के साउंड सिस्टम में सटा 11000 वोल्ट का तार

एक की मौत, आठ घायल

- चार गंभीर रूप से घायलों को किया गया रांची रेफर

जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी।

पिंटू कुशवाहा दिनकर

बड़कागांव। हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित सिरमा पंचायत के छवनियां पगार मोड़ के चौराहा में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में एक ट्रैक्टर में बंधे साउंड बॉक्स के चोंगा में 11000 वोल्ट के तार के सट जाने से विद्युत स्पर्शाघात से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि आठ घायल हो गये। घटना सुबह 9:15 बजे की है। मृतक का नाम मोहम्मद नियामत अली (उम्र 40 वर्ष), पिता स्व मो कासिम है। वह अपने घर का इकलौता कमाऊ लड़का था। उसकी दो पुत्री हैं। उसका छोटा भाई एवं एक बहन भी है। माता पिता नहीं हैं। इस घटना से जुलूस का जश्न मातम में छा गया। ग्रामीणों द्वारा बड़कागांव अस्पताल में घायलों को लाया गया। उस समय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज हेंब्रम ने इलाज के दौरान तत्परता दिखायी। बड़कागांव अस्पताल से हजारीबाग घायलों को रेफर किया गया, वहां से रांची।

इन घायलों को रांची रेफर किया गया : ईद मिलादुन्नबी जुलूस में 11000 के तार के स्पर्शाघात से चार गंभीर रूप से घायल हो गये हैं, जिनमें से मोहम्मद सरफराज पिता मोहम्मद अब्बास, मो इस्तेखार पिता स्वर्गीय कमालुद्दीन मोहम्मद, अब्दुल्ला पिता मोहम्मद सुलेमान, रवि कुमार महतो पिता संजय महतो (साउंड ऑपरेटर पंडरिया) गंभीर रूप से घायल हो गये हैं, जिन्हें हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक इलाज करने के बाद रांची रेफर कर दिया गया।

इन घायलों का हजारीबाग में चल रहा है इलाज : मोहम्मद हुसैन, पिता मोहम्मद शाहबाज, कमरुल होदा, पिता मोहम्मद मकदूम उर्फ मटन, करामत अली, पिता मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद इफ्तेखार, पिता कलामुद्दीन का इलाज हजारीबाग के शेख भिखारी अस्पताल में किया जा रहा है।

घायलों से मिलने विधायक पहुंची : विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग अस्पताल पहुंच कर घायलों का हालचाल लिया। इससे पहले बड़कागांव अस्पताल में घायलों का हालचाल लेने पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, एसडीपीओ अमित कुमार सिंह भी पहुंचे थे।

ट्रैक्टर में 8 चोंगा लगभग 12 डीजे बॉक्स

बड़कागांव के सिरमा छावनियां के ईद मिलादुन्नबी जुलूस के एक ट्रैक्टर में डीजे साउंड बांधा गया था, जिसमें से आगे 4 चोंगा, पीछे 12 बॉक्स के साथ चार चोंगा बंधा हुआ था। जुलूस में लगभग 200 महिला-पुरुष शामिल थे। बिजली के तार सटने के बाद जुलूस में अफरा-तफरी मच गयी। घटना के बाद प्रखंड के सभी गांव से निकाले गये जुलूस को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्थगित कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस एवं प्रखंड प्रशासन के पदाधिकारी घटनास्थल पर कैंप किये हुए हैं।

घटना का मुख्य कारण

घटना का मुख्य कारण विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण 11,000 वोल्ट का तार लगभग 12- 15 ऊंचाई पर झूल रहा था। वहीं सड़क के पूरब साइड में शौचालय की टंकी के लिए खोदी गयी मिट्टी को सड़क पर डाल दिये जाने के कारण सड़क ऊंची हो गयी थी। वहीं पश्चिम साइड में नवनिर्मित मकान के लिए काटी गयी मिट्टी भी सड़क पर लगभग दो फीट ऊंची जमा थी। मिट्टी जमा होने के कारण सड़क की ऊंचाई बढ़ गयी थी। जुलूस के दौरान ट्रैक्टर में बंधा साउंड का चोंगा बिजली के तार से सट गया।

ग्रामीणों ने मांगा मुआवजा

घटना के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, इस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की, जिला परिषद सदस्य याशमीन निशा, प्रमुख फुलवा देवी, प्रमुख वचनदेव कुमार के अलावा अन्य बुद्धिजीवी लोग के पास ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को नौकरी एवं मुआवजा की मांग की है।ग्रामीण जब तक मांगें पूरी नहीं हो जातीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजने की बात कर रहे थे। लोगों का कहना था कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह घटना घटी है।

राजद के सम्मेलन में बवाल, लालू प्रसाद के बेटे तेज प्रताप गुस्से में निकले, बोले : श्याम रजक ने बहन की गाली दी

आजाद सिपाही संवाददाता

पटना। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे और बिहार के वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव ने पार्टी नेता श्याम रजक पर आरोप लगाया है कि उन्होंने मंत्री और उनकी बहन को भद्दी भद्दी गालियां दीं। दिल्ली में आरजेडी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक छोड़ कर निकले तेज प्रताप यादव ने मीडिया से वार्ता में यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसका ऑडियो भी है, जिसे अपने पेज से वायरल कर पूरे प्रदेश की जनता को सुनायेंगे। बैठक छोड़ कर बीच से निकले तेज प्रताप से मीडिया कर्मियों ने जब वजह पूछ ली, तो उन्होंने कहा कि गाली सुनने के लिए बैठक में क्यों रहेंगे? तेज प्रताप ने कहा कि श्याम रजक ने उनके पीए को भी गाली दी। तेज प्रताप ने लगे हाथ श्याम रजक पर आरएसएस और भाजपा का एजेंट होने का आरोप लगाया और पार्टी से निकालने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब श्री रजक से बैठक की टाइमिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपने जवाब में

गालियां दीं।

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें गाली गलौज किया जा रहा है। यह ऑडियो श्याम रजक का बताया जा रहा है। ऑडियो में कहा जा रहा है कि मंत्री बन गया तो पीए से बात करवाता है। इस दौरान गाली-गलौज अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया है।

बता दें कि दिल्ली में राजद की दो दिवसीय बैठक हो रही है। पहले दिन 9 अक्टूबर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। लालू यादव के अलावे शरद यादव, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, रामचंद्र पूर्वे, अब्दुल बारी सिद्दिकी, श्याम रजक समेत पार्टी के कई नेता मंच पर बैठे। तेजप्रताप यादव और श्याम रजक मंच पर एक साथ बैठे थे। बैठक के दौरान भारी बवाल हुआ।

मीटिंग शुरू होने के थोड़े देर बाद ही लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप गुस्से में लाल होकर मीटिंग छोड़ कर निकल गये। बाहर निकलते ही ऐलान कर दिया कि श्याम रजक ने बहन की गाली दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि श्याम रजक आरएसएस का एजेंट है। तेज प्रताप ने कहा कि एक एक को हैसियत बता देंगे। आरएसएस के एजेंटों को नहीं रहने देंगे।

जवाब : भाजपा एजेंडा वाले बयान पर पीके ने नीतीश पर किया पलटवार

नीतीश के बयानों में बढ़ती उम्र का असर, कुछ भी बोल रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के बीच जुबानी जंग शुरू हो गयी है। शनिवार को नीतीश ने पीके पर भाजपा एजेंडे पर काम करने का आरोप लगाया, तो प्रशांत ने भी अगले दिन पलटवार कर दिया है।

प्रशांत ने कहा- अब नीतीश कुमार की उम्र हो गयी है, जिसकी वजह से वे बोलते कुछ हैं और करते कुछ। बता दें कि नीतीश कुमार ने पुरानी बातों को याद करते हुए शनिवार को कहा कि प्रशांत मेरे साथ रहते थे, मेरे साथ खाते पीते थे, मेरे घर में रहते थे,

लेकिन अब वह बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। बिहार के सीएम ने कहा था कि शायद प्रशांत किशोर चाहते हैं कि केंद्र में कोई जगह मिल जाये।

प्रशांत किशोर से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैंने कभी उनको मिलने के लिए नहीं बुलाया है, वह खुद मिलने आते रहे हैं। नीतीश ने शुक्रवार को पीके पर बड़ा दावा किया था। कहा था कि एक मीटिंग में पीके ने मुझसे आकर जदयू को कांग्रेस में मर्ज करने के लिए कह दिया था। वह बिल्कुल पॉलिटिकल व्यक्ति नहीं हैं। उनको राजनीति की समझ नहीं है। अब वह बीजेपी के एजेंडे पर काम कर रहे हैं और बीजेपी के लिए ही कैंपेन कर रहे हैं।

डर रहे हैं नीतीश कुमार साथियों पर भरोसा नहीं

जन सुराज पदयात्रा से वीडियो जारी कर पीके ने कहा- नयी सरकार बनने के बाद से नीतीश को कुछ समझ नहीं आ रहा है। उनके पास जो लोग हैं, उन पर भी वे भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए नीतीश को अलग-थलग पड़ने का डर सता रहा है। भाजपा एजेंडे पर पीके ने कहा कि अगर मैं भाजपा के एजेंडे पर काम कर रहा होता तो मैं कांग्रेस को मजबूत करने की बात क्यों करता?

पीके ने केंद्र में मंत्री बनवाने का ऑफर दिया था: ललन सिंह

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि जब प्रशांत किशोर यूपी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लिए काम कर रहे थे, उस समय वह नीतीश कुमार के पास आकर बोले थे कि आप जेडीयू का विलय कांग्रेस के साथ कर लीजिए। तब नीतीश कुमार ने साफ मना कर दिया था। मैं वहीं था। प्रशांत किशोर झूठ बोल रहे हैं। जब वह अलग-अलग तरीके से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास मैसेज भेजवा रहे थे कि मैं आपके साथ काम करना चाहता हूं। नीतीश कुमार ने कहा था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिल लीजिए। वह आकर कई घंटे तक मुझसे बात किये और मुझे उन्होंने ऑफर दिया था कि आपको केंद्र में मंत्री बनवा देता हूं। और नीतीश कुमार को भी मैनेज कर लेता हूं। प्रशांत किशोर बीजेपी के लिए ही कैंपेन कर रहे हैं। हो सकता है उनको डर हो कि कहीं सीबीआइ उनके पीछे ना पड़ जाये।



आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 48,600 रु./10 ग्राम
चांदी 62,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com

सियासत : आखिर जगदानंद सिंह को वफादारी का रिटर्न क्या मिला!

क्या पुत्र मोह में ढह जायेगा लालू का साम्राज्य!

आजाद सिपाही विशेष

बिहार की राजनीति में अभी कई ट्विस्ट देखने को मिलने वाले हैं। नीतीश कुमार की पलटी तो महज एक ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। बिहार की जनता को अभी फ्रंट-बैक दोनों सीट बेल्ट बांध कर रखने की जरूरत है, क्योंकि इस वाहन के ड्राइवर बारी-बारी से अपना राजनीतिक हुनर और लालसा दिखायेंगे। शुरुआत तो नीतीश कुमार ने कर ही दी है। झपकी आने पर तेजस्वी भी ड्राइविंग का मजा ले रहे हैं। फाइनल डेस्टिनेशन पहुंचते-पहुंचते अभी कई पड़ाव आने बाकी हैं। भाजपा भी ड्राइविंग करने की कम इच्छुक नहीं है। अमित शाह बिहार का दौरा कर आये हैं। रोड मैप भी उन्होंने बना लिया है। लेकिन नीतीश-तेजस्वी की सरकार में एक ऐसा ब्रेकर आया है, जिसे जंप कर दिया गया है। अब देखना यही है कि इससे नुकसान कितना हुआ है। जगदानंद सिंह राजद के अति विश्वसनीय सार्थियों में से एक हैं, लेकिन हाल के दिनों में उनकी वफादारी पर लालू पुत्रों ने सवाल उठा दिये हैं। तेज प्रताप ने तो बार-बार उन्हें अपमानित किया है, बावजूद इसके जगदानंद सिंह ने लालू और राजद के प्रति वफादारी निभाते हुए उस अपमान को अपने कंठ में उतार लिया। कभी पलट कर जवाब नहीं दिया। फिर भी आज जगदा बाबू की वफादारी का इनाम उनके ही पुत्र सुधाकर को बलि का बकरा बनाये जाने के रूप में मिला। जगदा बाबू के पुत्र और बिहार के कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने 2 अक्टूबर को अपना इस्तीफा तेजस्वी यादव को सौंप दिया था। उम्मीद यही थी कि उनकी मान-मनव्वल होगी, लेकिन तेजस्वी यादव ने सुधाकर सिंह के साथ-साथ जगदानंद सिंह को भी स्तब्ध कर दिया। उन्होंने सुधाकर सिंह का इस्तीफा नीतीश के पास पहुंचा दिया। नीतीश तो मानो इंतजार ही कर रहे थे। इस्तीफा पहुंचते ही उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। तेजस्वी की इस हरकत से जगदानंद सिंह को करारा झटका लगा है। वह अंदर तक हिल चुके हैं और गुस्से में भी हैं। वह ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सबको पता है कि जब लालू यादव जेल में थे, तो वह जगदा बाबू ही थे, जिन्होंने लालू पुत्रों के अभिभावक की भूमिका निभायी थी। वह कटप्पा बन लालू पुत्रों की रक्षा कर रहे थे। यही नहीं, ताउम्र राष्ट्रीय जनता दल और लालू प्रसाद यादव के संकटमोचक रहे रघुवंश प्रसाद सिंह ने भी जीवन के अंतिम दिनों में लालू यादव से किनारा कर लिया था, क्योंकि लालू यादव पुत्र मोह में ऐसा फंसे कि उन्हें पार्टी के लिए क्या हितकारी है, दिखाई नहीं पड़ा। रघुवंश प्रसाद सिंह के नहीं रहने और अब जगदानंद के साथ लालू परिवार के बेरुखे रवैये से अगर सबसे ज्यादा किसी को फायदा होनेवाला है, या हुआ है, तो वह हैं नीतीश कुमार। नीतीश को यह अच्छी तरह से पता था कि अगर जगदानंद सिंह जैसे छत्रप तेजस्वी के साथ रहेंगे, तो वह कभी भी तेजस्वी को अपने माया जाल में नहीं फांस पायेंगे। और तेजस्वी यादव राजनीतिक रूप से उनसे कद्दावर नेता बने रहेंगे। इसीलिए नीतीश कुमार राजद को कभी माय समीकरण से अलग निकलने देना नहीं चाहते थे। इधर राजद लगातार माय समीकरण के बाहर भी अपना प्रभाव बढ़ाने लगा। यही बात नीतीश की आंखों में खटक रही थी। वह नहीं चाहते थे कि राजद ए-टू-जेड समीकरण के रास्ते पर चले। राजद सवर्णों के साथ-साथ अति पिछड़े और एससी-एसटी को भी लुभाने की कोशिश में जुटा रहा। इसकी शुरुआत 2020 में ही हो गयी थी, जब राजद जिलाध्यक्षों की सूची में भारी फेरबदल हुआ था। राजद में माय समीकरण के साथ-साथ सवर्णों, एससी-एसटी और अति पिछड़ों को इसमें जगह दी गयी। ये ऐसे वोट बैंक हैं, जिससे नीतीश की राजनीतिक दुकान चलती है। फिलहाल राजद कोटे से दो सवर्ण मंत्रियों की छुट्टी हो चुकी है। पहले कार्तिकेय सिंह, उसके बाद सुधाकर सिंह। अब जगदा बाबू के इस्तीफे की भी बात जोर पकड़ रही है। वहीं राजद की दिल्ली में हुई बैठक में अति पिछड़ों के नेता श्याम रजक का रौद्र रूप भी बहुत कुछ कह रहा है। जाहिर है, इस पूरे घटनाक्रम से राजद का सवर्ण और अति पिछड़ा वोट बैंक बिदकजायेगा। अगर तेजस्वी अभी भी नीतीश की चाल को भांप नहीं पायें, तो जाहिर है उनके विधायकों की संख्या भी 79 से 45 पर पहुंच जायेगी। नीतीश के मन में क्या चल रहा है। तेजस्वी यादव कहां गच्चा खानेवाले हैं। जगदानंद क्या कुछ कर सकते हैं, इस पर नजर डालने की कोशिश कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

इतिहास गवाह है, पुत्र मोह में धृतराष्ट्र का प्रताप खत्म हो गया। साम्राज्य ढह गया। कौरवों का विनाश हो गया। पुत्र मोह के कारण बिहार में लालू जैसा कद्दावर नेता अब अपने को असहाय महसूस कर रहा है। दरअसल बिहार की राजनीति पिछले 30 साल से लालू यादव और नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द घूम रही है। लालू यादव को द लालू प्रसाद यादव बनाने में कई लोगों ने अहम भूमिका निभायी। इस दौरान नीतीश कुमार जैसे कई लोगों ने उनका साथ छोड़ दिया, तो कई नेता चट्टान की तरह उनके साथ डटे रहे। वे हर हालात में लालू यादव की परछाईं बने रहे। उनमें कुछ नाम बेहद खास हैं, रघुवंश प्रसाद सिंह और जगदानंद सिंह। 1990 में जगदानंद सिंह जैसा सारथी अगर लालू यादव को नहीं मिलता, तो लालू के लिए मुख्यमंत्री पद दूर की कौड़ी होती। वहीं रघुवंश प्रसाद सिंह से भी लालू प्रसाद का रिश्ता जगदानंद सिंह जैसा ही था। काले बाल से शुरू हुई दोस्ती, बाल के सफेद होने तक बरकरार रही। बिहार में जब भी लालू यादव की सरकार आयी तो उसमें भी रघुवंश प्रसाद सिंह की भूमिका अहम रही। कहा जाता है कि जगदानंद सिंह और रघुवंश प्रसाद सिंह लालू यादव के साथ तब जुड़े, जब आरजेडी की स्थापना भी नहीं हुई थी।

जगदानंद की लालू के प्रति वफादारी, बदले में रिटर्न गिफ्ट मिला भारी

जयप्रकाश नारायण के आंदोलन (1974) में जगदानंद सिंह ने सक्रिय भूमिका निभायी थी। उसी आंदोलन के दौरान लालू प्रसाद यादव से उनकी मुलाकात हुई। लालू प्रसाद से जगदानंद सिंह की दोस्ती आरजेडी की स्थापना (1997) से पहले से है। बाद में जैसे-जैसे लालू प्रसाद यादव का सियासी कद बढ़ा, वैसे-वैसे जगदा बाबू भी कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते गये। जब जगदानंद सिंह को पहली बार आरजेडी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, तो उन्होंने कहा था कि वह चाहते तो 10 साल पहले ही पार्टी के अध्यक्ष बन सकते थे, मगर उनको पद का लोभ-लालच नहीं है। जगदानंद सिंह की लालू प्रसाद यादव के प्रति वफादारी अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब उनके पुत्र सुधाकर सिंह ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा, तो जगदानंद सिंह ने अपने बेटे के खिलाफ राजद उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार किया और बेटे को हार का मुंह देखना पड़ा। बात 2010 की है। जगदानंद सिंह के पुत्र जब राजद कोटे से विधानसभा चुनाव में टिकट मांग रहे थे, तब जगदा बाबू अपने बेटे को टिकट नहीं दिला पाये थे। उसके बाद पुत्र सुधाकर ने बगावत कर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। पिता जगदा बाबू ने अपने बेटे के खिलाफ चुनाव प्रचार किया। उन्होंने अपनी पूरी ताकत लगा दी। यहां लालू यादव के प्रति जगदा बाबू की वफादारी को समझा जा सकता है। कोई दूसरा होता तो ऐसा नहीं करता। कोई भी पिता अपने पुत्र के खिलाफ नहीं जाता। खुद लालू यादव भी जगदानंद सिंह के लिए ऐसा नहीं करते। जगदा बाबू ने राजद प्रत्याशी अंबिका यादव से अपने बेटे सुधाकर सिंह को 2010 के बिहार विधानसभा चुनाव में हरवा दिया। जगदानंद बाबू का एक फलसफा है कि बड़े लक्ष्य के लिए त्याग करना पड़ता है। लेकिन यह त्याग वह सिर्फ अकेले करते रहे। समय बदला, सुधाकर सिंह राजद में आ गये। लालू को लगा कि पार्टी के लिए जगदा बाबू अगर अपने बेटे के खिलाफ रहेंगे, तो पार्टी की तसवीर गलत जायेगी, सो सुधाकर सिंह को राजद ज्वाइन करवा दिया। अभी-अभी नीतीश-तेजस्वी मंत्रिमंडल में उन्हें कृषि मंत्री बनाया गया। लेकिन जिस विभाग के वह मंत्री थे, उसके अधिकारी उन पर भारी पड़ गये। उन अधिकारियों पर नीतीश का वरदहस्त था। सुधाकर सिंह का काम करना मुश्किल हो गया। सुधाकर सिंह हमेशा से नीतीश के खिलाफ बोलते आये हैं। वह उन्हें पल्टूबाज नेता कहते रहे। मंत्री बनने के बाद सुधाकर सिंह ने अपने मंत्रालय के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जब मुहिम चलायी, तब नीतीश के अधिकारी एक्टिव हो गये। सुधाकर सिंह ने बयान दिया था कि उनके विभाग के सभी अधिकारी चोर हैं और इस विभाग के प्रमुख होने के नाते वह चोरों के सरदार हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि हमारे ऊपर भी कई और सरदार मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि ये वही पुरानी सरकार है। इसके चाल चलन पुराने हैं। हम लोग तो कहीं-कहीं हैं, लेकिन जनता को लगातार सरकार को आगाह करना होगा। जाहिर है, पुरानी सरकार के पुराने अधिकारी किसके हैं। बयान के बाद नीतीश कुमार अंदर ही अंदर आगबबूला हो गये। परिस्थितियां ऐसी बनीं कि सुधाकर सिंह को इस्तीफा देना पड़ा। सुधाकर सिंह ने अपना इस्तीफा नीतीश को न देते हुए तेजस्वी को सौंपा, शायद यह सोच कर कि तेजस्वी उनका इस्तीफा कबूल नहीं करेंगे। लेकिन हुआ इसके उलट। तेजस्वी ने इस्तीफा पत्र को नीतीश कुमार को भेज दिया। नीतीश कुमार तो इसी ताक में थे। इस्तीफा मिलते ही उन्होंने उसे स्वीकार कर लिया। यही वह झटका था, जिसने जगदानंद सिंह को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि जिन लालू पुत्रों के बुरे समय में वह उनके अभिभावक बने रहे, सबसे मजबूत छत्रप की भूमिका निभायी, आज उन्हीं के पुत्र जब नीतीश की चाल में फंस गये, तो लालू परिवार ने उनका साथ छोड़ दिया। ऐसे रिटर्न गिफ्ट की उम्मीद शायद जगदा बाबू ने सपने में भी नहीं की थी। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि दरअसल यह बिसात तेजस्वी यादव के लिए बिछाई गयी है, जिसे वह अभी नहीं समझ पा रहे हैं। आज राजनीतिक गलियारे में एक ही चर्चा है। क्या पुत्र सुधाकर सिंह के मंत्री पद से त्यागपत्र से आहत राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह पद छोड़ सकते हैं? अगर जगदानंद सिंह ने ऐसा किया, तो तेजस्वी यादव बुरे फंस जायेंगे। सुधाकर सिंह पहले भी भाजपा में रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि जब अमित शाह का दौरा बिहार में हुआ था, तब सुधाकर सिंह के करीबियों ने उनसे मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात से यह मैसेज भी राजनीतिक गलियारे में पहुंच चुका है कि बिहार में कुछ बड़ा होनेवाला है। अमित शाह बिना वजह कहीं भी आते-जाते नहीं। अगर राजद जगदा बाबू को नहीं मना पाया, तो उसका टूटना तय है। नीतीश कुमार भी तो मन ही मन यह चाहते होंगे। राजद कमजोर होगा, तभी उनकी पार्टी को धार मिलेगी। लेकिन फिलहाल उनकी पार्टी की धार में आग लगाने का काम प्रशांत किशोर कर रहे हैं। कहावत है न कि घर का भेदी लंका ढाये। यहां भी नीतीश के साथ यही हिसाब किताब होनेवाला है।

सीबीआइ के निशाने पर हैं तेजस्वी

बिहार में अभी और राजनीतिक भूचाल आना बाकी है। तेजस्वी पर सीबीआइ की तलवार पहले से ही लटकी हुई है। हाल के दिनों में तेजस्वी जिस प्रकार से केंद्र और सीबीआइ पर हमलावर हैं, उसका परिणाम उन्हें जल्द देखने को मिल सकता है। सितंबर महीने में सीबीआइ का स्टेटमेंट है कि तेजस्वी यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीबीआइ अफसरों को धमकाया है, इसलिए उनकी जमानत निरस्त की जाये। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने दावा किया कि राजद नेता का आचरण एक महत्वपूर्ण जमानत शर्त का उल्लंघन है। जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपी द्वारा दिये गये बयान सीबीआइ, अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए एक खुली धमकी है। जांच एजेंसी ने दावा किया कि आरोपी ने खुले तौर पर सीबीआइ अधिकारियों को जांच करने के खिलाफ चेतावनी दी है, साथ ही इस प्रक्रिया में छल और धमकियों का सहारा लिया है। याचिका में कहा गया है कि तेजस्वी यादव बेहद प्रभावशाली और ताकतवर हैं। वह एक पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे हैं। वह खुद बिहार के उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं और अभी फिर से हैं। सीबीआइ ने कहा कि तेजस्वी ने अपने बयान में कहा था कि क्या सीबीआइ वालों के मां-बेटे नहीं हैं,उनके परिवार नहीं हैं?क्या वे हमेशा सीबीआइ अधिकारी रहेंगे? क्या वे सेवानिवृत्त नहीं होंगे? क्या सत्ता में हमेशा एक ही सरकार रहेगी? बता दें, आइआरसीटीसी घोटाला लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। सीबीआइ मामले की जांच कर रही है। घोटाले में लालू यादव के परिवार के कई सदस्य आरोपी हैं। उनमें तेजस्वी यादव भी शामिल हैं। यदि विशेष कोर्ट ने जमानत निरस्त की, तो उनकी बिहार के उपमुख्यमंत्री पद की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। समझा जा सकता है अगर एक बार तेजस्वी की कुर्सी गयी और वह कानूनी पचड़ों में फंसे तो उनकी पार्टी कब तक इंटैक्ट रह पायेगी यह कहना मुश्किल है। और तो और उन्होंने जगदानंद सिंह को भी नाराज कर दिया है। लालू के पास कोई मुंह नहीं है कि वह जगदानंद सिंह को मना पायें। तो कहा जा सकता है कि पुत्र मोह में लालू प्रसाद के समक्ष एक विकट स्थिति आनेवाली है। राजनीतिक तूफान के थपेड़े तेजस्वी यादव पर भी पड़ेंगे और नीतीश तो यही चाह रहे हैं।

नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट : दुष्कर्म के मामले में झारखंड देश में 8वें नंबर पर है

झारखंड में 18 से 30 साल की महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित

राहुल सिंह

रांची। (आजाद सिपाही)। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने देश के विभिन्न राज्यों में हुए दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर आंकड़े जारी किये हैं। वह बेहद निराश करते हैं। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के पथ पर चलने वाला यह देश महिलाओं के लिए असुरक्षित होता जा रहा है। यह काफी दुखद है, खासकर जब झारखंड जैसे सांस्कृतिक और पारंपरिक भूमि का नाम इस सूची में हो, तो वह और भी निराश करता है।

एनसीआरबी की रिपोर्ट में झारखंड में 2021 में 1425 दुष्कर्म के मामले दर्ज किये गये हैं। जारी रिपोर्ट के अनुसार औसतन छह घंटे में राज्य में एक दुष्कर्म की घटना हो रही है। ये वो आंकड़े हैं जो पुलिस के पास रजिस्टर्ड हुए, और ना जाने ऐसी कितनी बेबस और लाचार महिलाएं होंगी, जो परिवार की इज्जत और समाज के नाम पर सामने न्हीं आती हैं।

घटनाएं जिसने झारखंड को झकझोर कर रख दिया

- जब रक्षक ही भक्षक बन जाये

गुमला के सेरेंगदाग में खेत में काम करने गयी एक 55 वर्षीय महिला का पुलिस के दो जवानों ने गैंगरेप किया। दरिंदगी की हद यह कि उन्होंने महिला के नाजुक अंगों पर किसी धारदार चीज से वार किया। महिला रांची के रिम्स में जिंदगी-मौत से जूझ रही है।

- हर छह घंटे में लूटी जाती है एक लड़की की इज्जत, साल में 1425 मामले दर्ज

जब नन्ही सी बेटी की चीख संन्नाटे में खो गयी

- गुमला जिले के पालकोट कस्बे में 40 साल का दीपक नायक पड़ोस में रहने वाली 9 साल की बच्ची को किसी बहाने पास के एक स्कूल में ले गया और उसका रेप किया। घर के लोग बच्ची की तलाश में निकले तो वह स्कूल के पास खून से लथपथ बेहोशी की हालत में मिली।

जब त्योहार के जश्न में डूबा था झारखंड, वहीं दूसरी तरफ तड़प रही थी बेटी

- गढ़वा जिले के चिनिया थाना क्षेत्र के सरईदोहर गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गयी एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर कुछ लोगों ने उसका गैंगरेप किया।

डायन बिसाही की आड़ में जब लाल हुआ झारखंड

- रांची के तमाड़ थाना अंतर्गत रांची बारेडीह गांव में एक 55 वर्षीय महिला को डायन करार देकर उसके अपने ही भतीजे जय स्वांसी ने धारदार हथियार से काट डाला।
- खूंटी के मारंगहादा गांव में मंगरा नाग ने अपनी भाभी को डायन होने के संदेह में लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला।
- गर्भवती पूजा को भी नही बक्शा हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना अंतर्गत नापो खुर्द गांव में शशि कुमार नामक व्यक्ति ने अपनी नवविवाहिता गर्भवती पत्नी पूजा की गोली मार कर हत्या कर दी।

झारखंड में महिलाओं-बच्चियों से दरिंदगी और बर्बरता भरी ये सभी वारदात लगभग उस वक्त की हैं, जब नवरात्र के नौ दिनों में जब चहुंओर देवी की आराधना के मंत्र गूंज रहे थे। जब नारी शक्ति की पूजा की जा रही थी। एक ओर जब झारखंड मां दुर्गा की आराधना और भक्तिगय वातावरण का गवाह बन रहा था, वहीं दूसरी ओर वही झारखंड अपनी ही मां-बहनों के लिए कत्लगाह बनता जा रहा था।

बेटियों की चीख सुन जब कांप उठा था झारखंड

- दुमका में बीते 40 दिनों में लड़कियों-महिलाओं के खिलाफ रोंगटे खड़ी करनेवाली चार वारदातें हुई। 23 अगस्त को दुमका नगर थाना क्षेत्र में शाहरुख नामक एक युवक ने 12वीं की छात्रा अंकिता सिंह पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। अपने जख्मों के साथ हॉस्पिटल में पांच दिनों तक संघर्ष के बाद अंकिता ने दम तोड़ दिया। अंकिता का कसूर सिर्फ यह था कि शाहरुख उस पर बातचीत और दोस्ती का दबाव डालता था, लेकिन उसने इससे इनकार कर दिया था।
- 2 सितंबर को दुमका के दिग्घी ओपी क्षेत्र के श्रीअमड़ा में एक नाबालिग लड़की से रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गयी और

इसके बाद उसकी लाश एक पेड़ से लटका दी गयी। आरोपी अरमान शादी का झांसा देकर कई महीनों से उसका यौन शोषण कर रहा था।

- बीते 24 सितंबर को दुमका जिले के सरैयाहाट प्रखंड अंतर्गत असवारी गांव के दबंगों ने तीन महिलाओं सहित चार लोगों को डायन-ओझा करार देकर जबरन मल-मूत्र पिलाया और उन्हें लोहे की गर्म छड़ों से दागा।
- चौथी वारदात 6 अक्टूबर की रात की है, जब दुमका जिला अंतर्गत जरमुंडी थाना क्षेत्र के भरतपुर भालकी गांव में राजेश राउत नामक शख्स ने 19 वर्षीय मारुति कुमारी के घर में घुसकर उस पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा दी। मारुति उस वक्त गहरी नींद में थी। आग लगते ही वह चीखने लगी। आग लगाने वाले राजेश को उसने भागते हुए देखा। राजेश राउत शादीशुदा है, लेकिन इसके बावजूद वह मारुति और उसके घर वालों पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। मारुति ने अगले दिन इलाज के लिए रिम्स रांची लाये जाने के दौरान दम तोड़ दिया।
- 7 अक्टूबर को लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र में पप्पू तुरी नामक एक युवक ने अपनी पत्नी के किसी और से अवैध संबंध के शक में अपनी चार वर्षीय पुत्री को जिंदा जला डाला। मासूम बच्ची 80 फीसदी जल गयी है।
- 7 अक्टूबर को ही लातेहार में एक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम देखकर घर लौटने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंची 12 साल की एक नाबालिग से 11 युवकों ने गैंगरेप किया।
- 8 अक्टूबर को रांची तुपुदाना थाना क्षेत्र में 65 वर्ष की एक महिला को डायन करार देकर कुल्हाड़ी से काट डाला गया।

दरअसल, राज्य के हर कोने में ऐसी घटनाओं-वारदातों का अंतहीन सिलसिला है। झारखंड को अलग राज्य बने 23 साल पूरे होने वाले हैं और इस दौरान राज्य में डायन-ओझा के संदेह में एक हजार से भी ज्यादा लोगों की हत्या हुई है। डायन हिंसा और प्रताड़ना का शिकार हुए लोगों में 90 फीसदी महिलाएं हैं।

पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले सात वर्षों में डायन-बिसाही के नाम पर झारखंड में हर साल औसतन 35 हत्याएं हुईं हैं। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) के आंकड़ों के मुताबिक 2015 में डायन बताकर 46 लोगों की हत्या हुई। साल 2016 में 39, 2017 में 42, 2018 में 25, 2019 में 27, 2020 में 28 और 2021 में 22 हत्याएं हुईं। इस वर्ष अब तक डायन के नाम पर 23 हत्याएं हुई हैं। इस तरह साढ़े सात वर्षों का आंकड़ा कुल मिलाकर 250 से ज्यादा है। डायन बताकर प्रताड़ित करने के मामलों की बात करें तो 2015 से लेकर 2020 तक कुल 4556 मामले पुलिस में दर्ज किये गये। यानी हर रोज दो से तीन मामले पुलिस के पास पहुंचते हैं। एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़ों के मुताबिक रेप की घटनाओं के मामले में झारखंड देश में आठवें नंबर पर है। वर्ष 2021 में राज्य में बलात्कार के 1425 मामले दर्ज किये गये। यानी औसतन हर 6 घंटे में दुष्कर्म की एक घटना हो रही है। ये वो आंकड़े हैं जो थाना में रजिस्टर्ड हुए। इसके अलावा झारखंड में महिलाओं पर हमला करने के 164 मामले दर्ज हुए। इसी तरह दहेज प्रताड़ना के 1805, बलात्कार के प्रयास के 164 मामले सामने आये। इनमें 55 मामले गैंगरेप के थे। 46 ऐसे मामले दर्ज किये गये, जिसमें महिलाएं या बच्चियां दूसरी बार रेप का शिकार हुईं।

वर्ष 2021 में झारखंड में रेप के मुकदमों में 720 लोगों को सजा सुनायी गयी, जिसमें 703 पुरुष और 17 महिला आरोपी शामिल हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि झारखंड में 18 से 30 साल की महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। 2021 रेप के कुल 1425 मामलों में 901 केस ऐसे हैं, जिसमें पीड़िताएं 18 से 30 साल की थीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.4 °c	21.6 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.28 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.43 बजे

कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव पर मिल सकती है स्वीकृति

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना-2022 को गिरिडीह से हरी झंडी दिखायेंगे हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य के ग्रामीण इलाकों के लोगों को बेहतर परिवहन सेवा मुहैया कराने के लिए हेमंत सोरेन सरकार मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना-2022 लाने जा रही है। इस योजना को मुख्यमंत्री स्वयं 12 अक्टूबर को गिरिडीह में आयोजित होनेवाले मेगा परिसंपत्ति वितरण कैंप में लांच कर सकते हैं। परिवहन विभाग की इस योजना को लांच करने से पहले कैबिनेट से स्वीकृति ली जायेगी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक सोमवार को होने जा रही हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रस्ताव पर स्वीकृति मिल सकती है। मेगा परिसंपत्ति कैंप आपकी सरकार-आपके अधिकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर आयोजित

किया जाना है। इस कैंप में मुख्यमंत्री द्वारा कई योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जायेगा।

महंगाई भत्ता होगा 34 से 38 प्रतिशत

कैबिनेट में कई अहम प्रस्तावों पर स्वीकृति मिल सकती है। इसमें राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलना शामिल है। इसका फायदा राज्य के करीब 3.25 लाख से अधिक सरकारी कर्मियों और पेंशनभोगियों को होगा। प्रस्ताव के तहत मंहगाई भत्ते में 4 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की जायेगी। 3.25 लाख कर्मियों में 1.90 लाख सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी और 1.35 लाख के करीब पेंशनधारी शामिल हैं। महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी 1 जुलाई से लागू होगी। चर्चा है कि तीन माह के एरियर के साथ नवंबर के वेतन और पेंशन में बढ़े हुए डीए का भुगतान हो सकेगा।

सीएम ने ईद-मिलाद-उन-नबी की दी मुबारकबाद

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को ईद-मिलाद-उन-नबी की दिली मुबारकबाद दी है। उन्होंने पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर सभी के स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहने की कामना की है।

स्वरोजगार को बढ़ावा देना है उद्देश्य

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी सड़क योजना लाकर युवाओं को ग्रामीण सड़कों पर वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है। इसका फायदा एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और बीसी वर्ग के लाभार्थी को मिलेगा। वाहन खरीदने पर सरकार ब्याज पर सब्सिडी भी देगी। ब्याज सब्सिडी के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है। योजना में सरकार प्राइवेट बस ऑपरेटरों को भी प्रोत्साहित करेगी।

15 नवंबर से सरकार किसानों से धान खरीदने का काम शुरू करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार स्थापना दिवस के मौके पर इस वर्ष 15 नवंबर से धान खरीदने का काम शुरू करेगी। इसके लिए किसानों को सूचना जारी की जाने लगी है। खरीफ मौसम 2022-23 में किसानों से धान लिये जाने के लिए जिले स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी है। पलामू सहित अन्य जिलों में इसके लिए पहल शुरू है। किसानों से कहा गया है कि धान बिक्री करने को रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। इसके लिए उन्हें अपने नजदीकी प्रखंड के अंचल अधिकारी से संपर्क करना चाहिए। वहां से आवेदन के सत्यापन के बाद इस पर कार्रवाई के मामले में जिला आपूर्ति कार्यालय का रोल होगा। यहीं से किसानों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जायेगा।

रजिस्ट्रेशन के समय रखें ध्यान

किसानों से कहा गया है कि रजिस्ट्रेशन के लिए उन्हें निर्धारित फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र की जरूरत होगी। आधार संख्या, मोबाइल नंबर, बैंक खाता विवरणी, कृषि कार्य हेतु प्रयुक्त भूमि का रकबा (खाता संख्या, प्लॉल संख्या सहित) की भी जानकारी चाहिए। सीओ कार्यालय और जिला आपूर्ति कार्यालय की मदद से निबंधन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाना है। निर्बंधित किसानों के आवश्यक सभी कागजात जिला आपूर्ति कार्यालयों द्वारा इ-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे। साथ ही ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। संबंधित प्रखंड के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से भी इ-उपार्जन पोर्टल पर इसके लिए आवेदन संभव है।

आपके द्वार कार्यक्रम का भी मिल सकता है लाभ

12 अक्टूबर से राज्य भर में राज्य सरकार के तीन साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम प्रारंभ हो रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से भी किसान रजिस्ट्रेशन के लिए प्रयास कर सकते हैं। सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ संबंधित सीओ से सत्यापन कराते हुए अपना आवेदन अंचल कार्यालय में या आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के लिए लगने वाले कैंप में भी जमा कर सकेंगे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि होगी, व्यवसाय से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे।

वृष बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, मनोनुकूल वातावरण रहेगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

मिथुन नयी कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी, राज्यपक्ष के समर्थन से शत्रुपक्ष पर विजय मिलेगी।

कर्क सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना सफल, धनलाभ होगा।

सिंह आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा, व्यापारिक लाभ।

कन्या विशिष्टजनों से संपर्क बढ़ेगा, पारिवारिक उलझनें दूर होंगी।

तुला नौकरी एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी, मित्रों का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक धन लाभ होगा. संयम, धैर्य, कूटनीतिक चालों से जरूर राहत मिलेगी।

धनु विद्या-प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल रहेगा।

मकर परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा,सुख-साधनों की प्राप्ति,इच्छित सफलता मिलेगी।

कुंभ मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे, नये लोगों से संपर्क, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति।

मीन कठिनाइयों पर विजय, गृह-भूमि-वाहन सुख, आकस्मिक धन लाभ, मान-सम्मान की वृद्धि होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

मारुति के परिजनों से मिले बादल और सीता सोरेन

9 लाख रुपये की दी सहायता राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। कृषि मंत्री सह जरमुंडी के कांग्रेस विधायक बादल पत्रलेख व जामा की झामुमो विधायक सीता सोरेन ने दुमका में पिछले दिनों हुए पेट्रोल कांड की शिकार मारुति कुमारी के घर पहुंच कर मुआवजा राशि के तौर पर 9 लाख रुपये का चेक परिजनों को सौंप और परिजनों को दोनों नेताओं ने ढांढस बंधाया। कृषि मंत्री बादल ने बासुकीनाथ मंदिर के विभिन्न आंतरिक पथों को जोड़ने वाले

पथों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के साथ पुनर्निर्माण कार्य (कुल लंबाई 10.2 किमी) का शिलान्यास किया। इस मौके पर दुमका जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्यामल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एनआइए का खुलासा

माओवाद को बढ़ाने में शामिल था विजय आर्य

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की जांच में खुलासा हुआ है कि भाकपा माओवादी संगठन के सेंट्रल कमिटी मेंबर विजय आर्य माओवादी की विचारधारा का प्रचार और संगठन में भर्ती करने में शामिल था। इस मामले में एनआइए ने विजय आर्य और उमेश चौधरी के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। एनआइए द्वारा दायर की गयी चार्जशीट में कहा गया है, कि माओवादी के केंद्रीय समिति सदस्य आरोपी विजय कुमार आर्य ने अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ भाकपा माओवादी की विचारधारा का प्रचार करने, संगठन में भर्ती करने और दूसरों को प्रेरित करने में सक्रिय रूप से शामिल था। आरोपी उमेश चौधरी ने आरोपी विजय कुमार आर्य को बिहार के रोहतास स्थित अपने घर में शरण दी थी और वह भाकपा माओवादी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की साजिश का हिस्सा था।

चाइबासा में नदी की तेज धार में बह गये दो छात्र

चाइबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत पड़ने वाले हार्टिकल्चर कालेज के दो छात्र रविवार की सुबह संजय नदी में बह गये। दोनों छात्रों की खोज की जा रही है, मगर अभी तक दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया है। नदी की तेज धार में बहे छात्रों का नाम राजन कुमार सिंह और सचिन कुमार किस्कू है।

दोनों छात्र झारखंड के ही रहनेवाले हैं, जो यहां पढ़ाई कर रहे थे। इनमें राजन कुमार सिंह चतरा और सचिन कुमार किस्कू दुमका का रहनेवाला है। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह हार्टिकल्चर कालेज के 10 छात्र घूमने के लिए पुआलबासा गांव होते हुए संजय नदी की ओर चले गये थे। यहां पहाड़ी नदी की कलकल बहती धारा में मस्ती करने के दौरान छात्र सेल्फी लेने के क्रम में संजय नदी में उतर गये। इसी क्रम में अचानक दो छात्र नदी के तेज बहाव में आ गये।

सीसीएल के कई एरिया जीएम बदले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के कई एरिया जीएम का तबादला कर दिया गया है। इसमें कुछ को मुख्यालय बुलाया गया है। तो वहीं कई को मुख्यालय से एरिया भेजा गया है। सभी को 15 दिनों में नयी जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। इसका आदेश मुख्यालय के अधिकारी स्थापना शाखा ने जारी कर दिया है। आम्रपाली और चंद्रगुप्त एरिया के जीएम विमल कांत शुक्ला को मुख्यालय बुला लिया गया है। उन्हें जीएम (ज्योलॉजी) के पद पर पदस्थापित किया गया है। अरगड्डा के जीएम रहे अजय सिंह को बरकासयाल का जीएम बनाया गया है। बरकासयाल का जीएम रहे अमरेश कुमार को आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त का जीएम बनाया गया है। मुख्यालय में जीएम वाशरी रहे सुरेश आर तलंकार को मुख्यालय में ही जीएम ऑपरेशन बनाया गया है। मुख्यालय में जीएम (ऑपरेशन) रहे सुधांशु कुमार को अरगड्डा एरिया का जीएम बनाया गया है। ढोरी एरिया में जीएम (ऑपरेशन) रहे मेराज अहमद मुख्यालय का जीएम (वाशरी) बनाया गया है।

सीआइएसएफ जवान ने पत्नी को मारी गोली, स्थिति नाजुक

साहिबगंज। पारिवारिक विवाद में सीआइएसएफ जवान लाल बहादुर शाह ने अपनी पत्नी को गोली मार दी। घटना जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली स्टेशन चौक स्थित दुर्गा मंदिर के पास हुई है। शिवजी प्रसाद गुप्ता की बेटी गुड़िया कुमारी को उसके पति ने गोली मार दी। गोली महिला के जबड़े को चीरती हुई गलफड़ में फंस गयी है। परिजनों ने तत्काल उसे जिला सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पश्चिम बंगाल के मालदा रेफर कर दिया है। महिला की हालत काफी नाजुक है।जानकारी के मुताबिक साल 2019 में बिहार के मुंगेर जिला में सीआइएसफ के जवान लाल बहादुर शाह से गुड़िया कुमारी की शादी हुई थी। जब जवान केरल में एयरपोर्ट पर तैनात था, तो पत्नी को भी साथ लेकर गया था। वहां वह अक्सर पत्नी के साथ मारपीट किया करता था।

जेयूटी में वीसी नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी के अध्यक्ष बने डीयू कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) में कुलपति की नियुक्ति होगी। इसके लिए सर्च कमेटी का गठन कर दिया गया है। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा कमेटी के गठन के लिए भेजे गये प्रस्ताव पर राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। सर्च कमेटी में अध्यक्ष के लिए विभाग द्वारा चार नाम राज्यपाल के पास भेजे गये थे। राज्यपाल ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह के नाम पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। उनके अलावा कमेटी में जेयूटी एग्जीक्यूटिव काउंसिल द्वारा स्वीकृत राजीव गांधी विवि अरुणाचल प्रदेश के कुलपति डॉ साकेत कुमार कुशवाहा, राज्य सरकार द्वारा एक प्रतिनिधि के रूप में विकास आयुक्त अरुण कुमार

राज्यपाल ने दी स्वीकृति

सिंह और एक अन्य सदस्य के रूप में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीइ) के एक प्रतिनिधि को रखा गया है। सर्च कमेटी के गठन के बाद इसी माह या फिर नवंबर के पहले हफ्ते तक देश भर के योग्य व्यक्तियों से नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे जायेंगे। इसके लिए विज्ञापन जारी किया जायेगा।

वर्तमान में प्रभारी वीसी भरोसे है जेयूटी

जेयूटी की स्थापना 2016 में हुई। इसके बाद 15 जून 2017 को प्रो गोपाल पाठक को कुलपति बनाया गया। प्रो पाठक को पुनः तीन-तीन माह का विस्तार दिया गया। दिसंबर 2020 में प्रो प्रदीप कुमार मिश्रा को कुलपति बनाया गया। प्रो मिश्रा ने जनवरी 2022 में कार्यकाल पूरा करने से पूर्व ही पद त्याग कर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (लखनऊ) के कुलपति पद पर योगदान दे दिया। वर्तमान में बीआइटी सिंदरी के प्राध्यापक प्रो विजय पांडेय कुलपति के प्रभार में हैं। नियमित नियुक्ति नहीं होने के कारण प्रो पांडेय को छह माह का विस्तार दिया गया है। जिसकी अवधि दिसंबर 2022 में पूरी हो जायेगी। इधर, विवि में अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित परिनियम को कैबिनेट से स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

रांची जिला बाल संरक्षण शाखा में कई पदों पर नियुक्ति

रांची। रांची जिला प्रशासन में बाल संरक्षण शाखा ने विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति निकाली है। रांची जिले के अंदर चल रहे संप्रेक्षण गृह के लिए भंडारपाल सह लेखापाल आंकड़ा विश्लेषक (महिला) जिला प्रशासन की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार लेखापाल के लिए बीकॉम के साथ हिंदी, इंग्लिश और कंप्यूटर की जानकारी होनी चाहिए। आंकड़ा विश्लेषक के लिए लिए सोशल वर्क, साइकोलॉजी, सोशियोलाजी में पीजी, स्नातक की डिग्री भी होनी चाहिए। इसके साथ बाल कल्याण या बाल संरक्षण के क्षेत्र में 2 सालों का अनुभव मांगा गया है। इसके लिए हर महीने 15,123 रुपये मनदेय दिया जायेगा। इन पदों की उम्र सीमा 30 से 40 वर्ष निर्धारित की गयी है। आवेदन 15 अक्टूबर तक जमा किया जा सकता है।

पहल : गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने दी जानकारी

दुमका से दिल्ली के लिए जल्द चलेगी बासुकिनाथधाम एक्सप्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

दुमका। संताल वासियों को जल्द एक नयी ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। झारखंड की उपराजधानी दुमका से देश की राजधानी दिल्ली के लिए बासुकिनाथ एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत होनेवाली है। इस बात की जानकारी गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने दी।

एक नयी स्पेशल ट्रेन की भी मिलेगी सौगात

बासुकिनाथ मंदिर कार्यालय में

पत्रकारों से बात करते हुए गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने बताया कि जल्द ही दुमका से दिल्ली के लिए एक नयी ट्रेन की शुरुआत होनेवाली है। इस ट्रेन का नाम बासुकिनाथ धाम एक्सप्रेस दिया जायेगा। सांसद ने कहा कि आनेवाले समय में गोड्डा जिले से भी कई महत्वपूर्ण स्थानों के लिए ट्रेनें चलायी जायेंगी। इसके अलावा दुमका से भी दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन की शुरूआत होगी।

बासुकिनाथ रेलवे स्टेशन में जल्द खुलेगा कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र

उन्होंने कहा कि रेल मार्ग किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए अहम है। रेल मार्ग से विकास कार्यों में गति आती है। इसके साथ-साथ क्षेत्र के व्यवसायी वर्ग, किसान वर्ग, विद्यार्थी एवं आमजनों को भी काफी लाभ पहुंचता है। स्थानीय लोगों की मांग पर उन्होंने बासुकिनाथ रेलवे स्टेशन में जल्द कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र खोले जाने का आश्वासन दिया।

रोजगार में होगी वृद्धि

गोड्डा सांसद डॉ दुबे ने कहा कि बाबा अजगैबीनाथ सुल्तानगंज, बाबा बैद्यनाथधाम, बाबा बासुकिनाथ धाम, तारापीठ सीधे तौर पर रेल मार्ग से जुड़ जाने से श्रद्धालुओं के आगमन में वृद्धि होगी। स्थानीय तौर पर रोजगार में वृद्धि होने से स्थानीय लोगों की आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने क्षेत्र में कई विकास कार्य करने की बात कही।

संताल वासियों के विकास पर केंद्र सरकार का विशेष जोर

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार झारखंड में विशेष फोकस कर रही है। इससे पहले भी दुमका और गोड्डा से कई ट्रेनों की सौगात दी है। कहा कि लोगों का विकास करना इस सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसी के तहत संताल वासियों को विकास से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस 10 अक्टूबर, 2022

भारत सरकार
केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाषः 0651–2450822, 2451115, 2450448, फैक्सः 0651–2450823, 2450408
24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध
सत्यमेव जयते
CIP RANCHI

सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण
निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी

बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/आकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- टेली परामर्श 24x7:
मोबाईल नं.: 9334915046, 9334915047, 9334915048, 9334915049, 9334915050, 9334915051, 9334915052, 9334915053, 9334915054, 9334915057, 9334915058, 9334915060, 9334915062, 9334915063
दूरभाष सख्या: 0651-2451115, 0651-2451116, 0651-2451119
- विडियो परामर्शः अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- साइको सोशल परामर्श सेवाः मरीजों एवं उनकी देखरेख करने वालों के लिए।

विशेष क्लीनिक
- सोमवार : मूड डिसऑडर्स क्लिनिक, न्यूरोलॉजिकल डिसऑडर्स क्लिनिक, पोस्ट–कोविड क्लिनिक
- मंगलवार : निद्रा डिसऑडर्स क्लिनिक, मेमोरी डिसऑडर्स क्लिनिक
- बुधवार : क्रोनिक सिजोफ्रेनिया क्लिनिक, साइकोडर्माटोलॉजिकल डिसऑर्डर क्लिनिक, धूम्रपान निरोधक क्लिनिक, नशाविमुक्ति क्लिनिक, मेटाबोलिक डिसऑर्डर क्लिनिक, बिहेवियर एडिक्शन क्लिनिक और साइकोसेक्सुअल डिसऑर्डर क्लिनिक
- गुरूवार : मिर्गी क्लिनिक, मूवमेंट डिसऑडर्स क्लिनिक एवं क्रोनिकल पेन क्लिनिक
- शुक्रवार : वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
- शनिवार : सिरदर्द डिसऑडर्स क्लिनिक, व्यक्तित्व डिसऑडर्स क्लिनिक, तंबाकू समाप्ति क्लिनिक, ड्रग डी–एडिक्शन क्लिनिक, मेटाबोलिक डिसऑर्डर क्लिनिक, बिहेवियर एडिक्शन क्लिनिक
- प्रतिदिन : बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी.

अंर्तवासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई
- 10 शैय्या की आई.सी.यू. सुविधा

व्यावसायिक चिकित्सा विभाग
- पुर्नवास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकोनोमी

सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम
- बेस्ट बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- दीपशिखा, आईसी.डी. एवं एम.एच.
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
- आस्था सेल दीपाटोली कैंट एवं सैनिक अस्पताल–नामकुम

सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख
- सोशल मिडिया जैसे फेसबुक, वाट्सएप, यू–टूब, ट्विटर, इन्सटाग्राम एवं लिंकडिन

स्नातकोत्तर शिक्षण
- एम.डी. (मनोचिकित्सा)
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रिक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रिक नर्सिंग में डिप्लोमा

पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256– चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128– चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाईरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन
- फंक्शनल नियर–इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कॉपी (एफएनआईआरएस)

सेन्टर फॉर न्यूरोइमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी–फंक्शनल एम.आर.आई. स्कैन
- एम.आर.आई. ब्रेन (रू. 2000/–लगभग) एवं एम.आर. आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रू. 3000/– लगभग)

उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट
- 100 Mbps एन.के.एन. 200 Mbps बी.एस.एन.एल. एवं रेलटेल लीज लाइन
- कलर फोटोकापीयर एवं प्रिंटर, स्लाइड मेकर, डिजीटल फोटोग्राफी
- उच्च तकनीकी, डूअल प्रोसेसर, 64 बिट, 24 GHz, ऑपट्रान सर्वर

पुस्तकालय
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च/RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम
- एस.ए.एन. स्टोरेज सिस्टम (40 TB)

स्वचालित रसोई एवं मिनरल वार्टर सप्लाई
- स्वचालित गैस एवं वाष्पचालित चूल्हा
- स्वचालित आटा गूंथने एवं रोटी बनाने की मशीन
- पल्वराइजर
40 Kg इन्सिनरेटर (जैविक कचरा प्रबंधन हेतु)

बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com

श्री दुर्गा बाड़ी में लक्ष्मी पूजा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार 9 अक्तूबर को श्री श्री हरी सभा और दुर्गा पूजा समिति, अल्बर्ट एक्का चौक, रांची (श्री दुर्गा बाड़ी) के प्रांगण में मां कोजागोरी लोक्खी (लक्ष्मी पूजा) का आयोजन किया गया। संध्या 06:45 बजे पूजा आरंभ की गयी, जो 09:15 बजे संपन्न हुई। पूजा के दौरान चूंकि संध्या बेला की पूजा है, इसलिए इस विशेष पूजा में सर्वप्रथम पूजा के बाद मां की आरती की गयी। आरती में शंख ध्वनि एवं बंग समुदाय का विशेष उलु ध्वनि का ही प्रावधान है। इसके उपरांत मां को भोग निवेदन किया गया, जिसमें मां को शुद्ध नारियल का लड्डू, चूड़ा, चीनी एवं बुंदिया तथा घी की पूड़ी एवं छेना की मिठाई सहित फल, फूल का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात आरती होने के बाद पुष्पांजलि संपन्न हुई। इसके बाद हवन किया गया, जो लगभग 10:30 बजे रात्रि में समाप्त हुआ। दुर्गा बाड़ी में विगत 1934 से यह कोजागरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन होता आ रहा है। इस पूजा की विशेषता यह है कि नयी फसलों का संचय एवं धन संपदा, सुख समृद्धि, दीर्घायु की कामना, साथ ही मंगल कामना हेतु मंदिरों सहित बंग समुदाय में घर-घर में यह पूजा होती है। इसमें मां को नारियल से बने लड्डू का भोग अवश्य चढ़ाया जाता है। यह भी मान्यता है कि लक्ष्मी जी की पूजा करने से एवं घर के चारों ओर आल्पोना देकर मां का आह्वान किया जाता है तथा घर के सभी दरवाजे, खिड़कियां खुली रखते हैं ताकि मां का आगमन हो एवं परिवार के सभी लोगों को सुखमय जिंदगी जीने का आशीर्वाद मां से मिले।

उक्त पूजा को बंगाल से आये दुर्गा बाड़ी के श्री शांतनु भट्टाचार्य ने संपन्न कराया तथा पूजा का संचालन कराने में श्री दुर्गा बाड़ी के गोपाल भट्टाचार्य, सेतांक सेन, श्यामल रॉय, संदीप चौधरी, प्रदीप रॉय, जयंत कर, अमित रॉय, मृणाल घोष, संजय रॉय,देवनाथ गांगुली,छोटन सूत्रधर, नारायण प्रमाणिक, सीमंतो प्रमाणिक सहित अन्य सदस्यों का काफी सहयोग रहा। दुर्गा बाड़ी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने विशेष रूप से बतलाया कि आगामी दिनांक 10.10.2020 दिन सोमवार को प्रातः 7:00 बजे से पहले पूजा आरंभ होगी एवं दिन के 10:00 बजे से 12:00 के मध्य लाइन टैंक रोड स्थित चड़री तालाब में प्रतिमा का विसर्जन होगा। उपरोक्त जानकारी दुर्गा बाड़ी के प्रवक्ता प्रदीप रॉय बाबू ने दी।

बाबा कार्तिक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का सीसीएल के सीएमडी ने किया आगाज, कहा

खेल में हार-जीत होती रहती है खेल भावना से खेलें खिलाड़ी

16 टीमें ले रही हैं हिस्सा, विजेता को मिलेंगे डेढ़ लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 21 वीं बाबा कार्तिक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज रविवार को हेहल के ओटीसी मैदान में सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है। खेल को खेल भावना से खेलना महत्वपूर्ण है। श्री प्रसाद ने मैदान में खिलाड़ियों से परिचय हासिल किया और हेहल स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ अरुण उरांव को इस शानदार आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट में पहले दिन रविवार को दो मैच हुए जिसमें पहले मैच में बरियातू के राजा स्पोर्ट्स की टीम ने जेएसएसपीएस एफसी खेलगांव की टीम को 6 शून्य से हरा दिया। वहीं दूसरे मैच में सनराइज एफसी दलादिली की टीम ने अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद मांडर की टीम को एक शून्य से हरा दिया। दोनों ही मैच रोमांचक रहे और इसे देखने के लिए मैदान के बाहर दर्शकों की भीड़ जुटी रही। टूर्नामेंट में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ भी उपस्थित थे। रविवार को शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 16 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट की आयोजन समिति हेहल स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ अरुण उरांव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में रांची की बेहतरीन टीमों के अलावा दुमका, मांडर और राउरकेला से आनेवाली टीमें भी हिस्सा ले रही हैं। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ वर्ष 1983 में हुआ था। आयोजन की शुरुआत से ही इस टूर्नामेंट को दर्शकों का जोरदार रिस्पांस मिलता रहा है। इसकी वजह ये है कि फुटबॉल आसपास के लोगों के बीच बहुत ही लोकप्रिय है। डॉ अरुण उरांव ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच 16 अक्टूबर को दिन के तीन बजे से खेला जायेगा और इससे पहले लड़कियों का एक प्रदर्शनी मैच होगा। आयोजन को सफल बनाने में हेहल स्पोर्टिंग क्लब के सचिव कैलाश सिंहदेव कोषाध्यक्ष नवेंदु भारती, संजय मिश्रा, पंकज तिर्की, शक्ति तिर्की और कमल शाहदेव महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

दीवा उरांव को बनाया गया सरना धर्मगुरु

आदिवासी परंपरा के संरक्षण के लिए मिलेगा प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरना धर्म प्रार्थना सभा महिला प्रकोष्ठ रांची महानगर की बैठक बांधगाड़ी सामुदायिक भवन में हुई। बैठक में सरना धर्म को मजबूत करने के लिए सभी मौजा के पाहनों से अपील की गयी। पाहनों से कहा गया कि रूढ़िवादी परंपरा, गांव के धरोहरों, धार्मिक जमीन की रक्षा, आदिवासी समाज में जन्म से मृत्यु तक होने वाली पूजा को जीवित रखने के प्रयास करें। इसके लिए लोगों को स्थानीय जानकार व गांव के पाहन प्रशिक्षण देंगे। बैठक में सर्वसम्मति से रांची का सरना धर्मगुरू दीवा उरांव व पूर्वी जोनल में करमा गाड़ी को नियुक्त किया गया। साथ ही दूसरे जिलों में भी नये धर्मगुरू नियुक्त के जायेंगे। बैठक में बताया गया कि पाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 नवंबर से रांची में होगा। बैठक की अध्यक्षता सुभानी तिग्गा ने की। सभा में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, भारत के राष्ट्रीय महासचिव, डॉ. प्रवीण उरांव, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष, अजय तिर्की, उपाध्यक्ष, नवनीत उरांव, धर्म अगुवा बिगु उरांव, सरना धर्म प्रार्थना सभा महिला प्रकोष्ठ, रांची महानगर महासचिव, रश्मि मिंज, उप-महासचिव, राजकुमारी उरांव, कोषाध्यक्ष, सीता खलखो, गीता गाड़ी, संध्या मिंज, मुन्नी कच्छप, गीता टोप्पो, ललिता खलखो, सोमरा मुंडा, गैना कच्छप, अमित गाड़ी के अलावा अन्य मौजूद थे।

30 अक्टूबर को होगी जतरा पूजा : कृष्णा उरांव

12 गांवों के पाहनों के साथ हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को बारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में आगामी जतरा पूजा की तैयारी लेकर एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता श्री मौजा के पाहन बिरसा पाहन ने किया और संचालन श्री समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव ने किया। मौजा के पहान राजा श्री बिरसा मुंडा ने कहा कि इस वर्ष 30 अक्टूबर 2022 को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन किया जायेगा। जतरा एवं अखड़ा स्थल में पहान एवं कोटवार के द्वारा विधिवत रूप से परंपारागत रीति रिवाज, विधि विधान, 12 मुर्गों की बलि प्रथा एवं धार्मिक कर्मकांड से पूजा अर्चना सुनिश्चित किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव ने कहा कि आज जतरा पूजा की तैयारी को लेकर 12 गांवों के पाहन के साथ बैठक हुई। इसबार भी रीति रिवाजों के साथ जतरा पूजा संपन्न किया जायेगा।

बैठक में जयपुर मौजा के पिंकल गाड़ी, भीठा मौजा के सोनू पाहन, कोंगे जयपुर के नरेश पाहन, समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव सचिव मुकेश लकड़ा, कोषाध्यक्ष ललित लिंडा, संरक्षक श्री देवनारायण उरांव , जग्गनाथ उरांव, मंगा उरांव, सुरेश टोप्पो , अजय उरांव, चिलगु लकड़ा, जग्गनाथ उरांव, नकुल तिर्की, अनिल उरांव, राजेश उरांव, कोटवार लक्ष्मन नायक , संजय लकड़ा, सोनू तिर्की, बिनोद राम, अविनाश कुमार, सोनू खलखो, प्रकाश उरांव, आकाश तिर्की, शिबू टोप्पो, सूरजु उरांव, सूरज पहान , नितिन लिंडा बबला राम , संजय उरांव, संजय उरांव, प्रणय खलखो, प्रदीप लकड़ा, दीपू लकड़ा, आलोक बांडो, राहुल उपस्थित थे।

सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की रांची महानगर इकाई की नयी समिति गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की रांची महानगर इकाई की रविवार को कोकर स्थित ग्रैंड ऑकेजन सभागार में हुई। बैठक में महासंघ के केंद्रीय मुख्य संरक्षक ब्रजबिहारी पांडेय एवं अन्य पदाधिकारी।

रांची। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की रांची महानगर इकाई की बैठक अध्यक्ष मुकेश इंद्रगुरु की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर महानगर इकाई की नयी कमेटी का गठन किया गया।

कोकर स्थित ग्रैंड ऑकेजन हॉल में आयोजित बैठक में महासंघ के केंद्रीय मुख्य संरक्षक ब्रज बिहारी पांडेय ने नयी कमेटी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए महासंघ के कार्यों को पूरे महानगर क्षेत्र में विस्तारित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि रांची महानगर में संगठन की ओर से समाज के हर परिवार तक संपर्क स्थापित करें। संगठन से हर परिवार को जोड़ें। समाज को संगठित, शिक्षित और अनुशासित करने से राज्य और देश के विकास में योगदान कर सकेंगे। समाज संगठित और शिक्षित का संकल्प लें। वर्तमान समय में संगठन में ही बल है।

बैठक में महासंघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यज्ञान ने संगठन में व्यक्ति संगठन और धन संग्रह पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन चलाने के लिए अर्थ संग्रह जरूरी है। विशिष्ट अतिथि सियानंद मिश्र ने भी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। महासंघ के केंद्रीय संगठन महामंत्री डॉ सुधांशु शेखर मिश्र ने महानगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन महासंघ की रांची ग्रामीण समिति के अध्यक्ष मृत्युंजय पाठक ने किया। **महासंघ की रांची महानगर इकाई के नव निर्वाचित पदधारी इस प्रकार हैं:** अध्यक्ष- मुकेश इंद्रगुरु, संरक्षक- युगल पाठक, उपाध्यक्ष-संजीत मिश्र, सचिव-सुबोध मिश्र,कोषाध्यक्ष- सुमन कुमार पाठक,प्रवक्ता- प्रभात कुमार पांडेय।

जख्मी लोगों का हाल जानने रिम्स पहुंची अंबा प्रसाद

रांची। हजारीबाग के बड़कागांव में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आने से घायल हुए पांच लोगों को इलाज के लिए रिम्स लाया गया है। इनमें दो की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। वहीं घटना को देखते हुए बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद रिम्स के ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर घायलों का हाल जाना। उन्होंने घटना को लेकर दुख व्यक्त किया। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि घटना की जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी गयी है। मृतक के परिजन को सरकारी सुविधा मिले इसके लिए मैं प्रयासरत हूं।

बीके बिरला ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का दूसरा दिन

ज्ञान की शक्ति सबसे बड़ी ताकत होती है : प्रो गोपाल पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23, फर्स्ट सेमेस्टर के नव नामांकित छात्रों के लिए बीके बिरला ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के द्वितीय दिवस पर फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के छात्रों का इंडक्शन प्रोग्राम का विधिवत शुरूआत विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डीन प्रो एस बी दंडीन, डीन डॉ संदीप कुमार, डीन प्रोफेसर नीलिमा पाठक, डीन हरीबाबू शुक्ला आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। छात्रों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि ज्ञान की शक्ति सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने रविंद्र नाथ ठाकुर द्वारा शांतिनिकेतन एवं पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा बीएचयू विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रेरणा लेकर इस विश्वविद्यालय को आगे ले जाने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद को अधिक से अधिक पढ़ने, समझने की सलाह दी ताकि चरित्र एवं व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास किया जा सके। मानव मूल्यों से रहित शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है।

विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सत्र 2022 23 के लिए नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन आधारभूत संरचना सहित हर सुविधाओं को उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास करेगा ताकि अपने अध्ययन काल में वे अपने आप को पूर्ण रूप से विकसित कर सकें।

कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों से अपेक्षाओं पर चर्चा की तथा विश्वविद्यालय के रूल्स एंड रेगुलेशन से परिचित कराया।

डीन प्रो नीलिमा पाठक ने कहा कि प्रत्येक छात्र अनुपम एवम अद्वितीय क्षमताओं से युक्त होता है। उनके अंतर्निहित क्षमताओं व प्रतिभाओं को विकसित करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। जीवन का प्रबंधन कला सीखना सबसे बड़ी प्रबंधन शिक्षा है। भगवत गीता जीवन प्रबंधन का सबसे योग्य लेशन देती है। छात्र जीवन योग्यता को विकसित करने तथा योग्यता अर्जित करने का अवसर एवं भावी जीवन का आधार है। अपने समाज और परिवार और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर ही हम अपने आप को योग्य बना सकते हैं।

इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डीन हरी बाबू शुक्ला ने प्लेसमेंट का विवरण प्रस्तुत किया।

एग्जामिनेशन कंट्रोलर प्रोफेसर राहुल वत्स ने एग्जामिनेशन रूल्स एंड रेगुलेशन तथा एग्जाम की-पॉइंट पर चर्चा की। डॉ संदीप कुमार ने डीएसडब्ल्यू सेक्शन की सभी गतिविधियों से छात्रों को पूर्ण रूप से परिचित कराया। श्रीमती बनश्री श्रीवास्तव ने लाइब्रेरी से संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की व चंद्रशेखर महथा ने विश्वविद्यालय के विभिन्न क्लब एवं कमेटियों के बारे में सभी को अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका प्रो आरोही आनंद ने किया एवं स्वागत भाषण कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन डॉ संदीप कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की सहायक प्राध्यापिका प्रो राशि मालपानी के द्वारा पुरी की गयी। इस अवसर पर डॉ पार्थ पॉल, डॉ राधा माधव झा, प्रो अमित गुप्ता, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ मनोज पांडे, डॉ अभिषेक चौहान, डॉ मेघना घोष, प्रो एल जी हनी सिंह, डॉ संतोष कुमार दास, डॉ प्रियंका पांडे, डॉ जीवा चिदंबरम, डॉ सौरभ कुमार, डॉ दीपक प्रसाद, डॉ मनोरमा, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ वीएन लक्ष्मी दुर्गा, प्रो अनुषा लाल, प्रो राजीव रंजन, डॉ पिंटू दास, प्रो चंदन कुमार,डॉ नम्रता चौहान, डॉ अर्चना मौर्य, डॉ सोहन चौधरी, आकांक्षा कुमारी, अंजना कुमारी सिंह, डिंपल सिंहानिया, किशलय कुमार, जितेंद्र ठाकुर, श्रेय भारती, सुभाष नारायण शाहदेव, राहुल रंजन, अनुभव अंकित, ऋषि राज जमुआर, अमित शर्मा, दिलीप महतो, आनंद विश्वकर्मा, संतोष द्विवेदी, ओम प्रकाश, उत्सव उमंग, आशीष आदि उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

जेसीआइ रांची उड़ान का प्री दिवाली मेला संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ रांची उड़ान का दो दिवसीय प्री दिवाली मेला का समापन रविवार को हुआ। इसके अध्यक्ष निधि सर्राफ एवं सचिव प्रिया पूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि मेला लगाना काफी सफल रहा। लोगों ने मेले में जी भर कर खरीदारी की और साथ में लोगों को कई गिफ्ट वाउचर भी मिले। पांच हजार की खरीदारी से लेकर पच्चीस हजार तक की खरीदारी करने पर अलग-अलग तरह के गिफ्ट वाउचर थे। पहले दिन महा तंबोला हुआ। उसके पहली विजेता लक्ष्मी पोद्दार, दूसरी विजेता उमा अग्रवाल और तीसरी विजेता रुचिका गाड़ोदिया रहीं। उसके साथ बच्चों और बड़ों के लिये बहुत गेम थे। बिजनेस के साथ-साथ मनोरंजन कैसे करवाना है। जेसीआइ रांची उड़ान इन चीजों को बखूबी जानता है। दोनों दिन जेसीआइ रांची उड़ान की पूर्व अध्यक्ष एवं सारी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की चारों पीसी ने बहुत मेहनत के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया। निधि सर्राफ ने सभी सहयोगीयों को दिल से धन्यवाद दिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी जेसी पूजा सरावगी ने दी ।

बच्चों के बीच कॉपी और पेन का वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल कुमार राम कोल्हान प्रमंडल प्रभारी उपेंद्र कुमार रजक ने चिरौंदी बाल्मीकि सल्म बस्ती में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर बस्ती संपर्क अभियान के तहत सैकड़ों बच्चों के बीच कॉपी, पेन, बुक, फल आदि के वितरण करते हुए शिक्षित बनने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की अनुसूचित जाति वर्गों के लिए चलायी जा रही योजनाओं को बताया। इस मौके पर सुरेंद्र पासवान, प्रेम कुशवाहा, संतोष रवि, जगदीश दास, टिंकू महतो आदि उपस्थित थे।

डिप्टी मेयर ने पीसीसी पथ का शिलान्यास किया

रांची (आजाद सिपाही)। वार्ड नं 08 के अंतर्गत कोकर महावीर नगर में रांची नगर निगम के द्वारा तीन जगहों पर पीसीसी पथ और नाली का निर्माण कार्य का शिलान्यास उप महापौर संजीव विजयवर्गीय के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इसमें मुख्य रूप से समाज सेवी महावीर मिर्धा, अर्जुन ठाकुर, प्रदीप रवि, मनीक चंद , अनील अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, बेनी प्रजापति, संतोष महतो और मोहल्लावासी शामिल रहे।

एसएसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड होटल एसोसिएशन एवं टूर एंड ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ झारखंड का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल से मिला। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, अमरदीप सहाय, चिरंजीवी कुमार, संतोष सिंह, राहुल सिंह, सोनू मिश्रा थे। मिलने के दौरान दुर्गा पूजा में प्रशासनिक तत्परता से पूजा को सफल करवाने के लिए झारखंड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने मोमेंटो देकर एवं टूर एंड ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष अमरजीत सहाय ने वरीय आरक्षी अधीक्षक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल ने झारखंड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना से कहा कि, कई ऐसे होटल हैं जिनमें गैर कानूनी कार्य हो रहा है वैसे होटलों को चिन्हित करें, ताकि हम उनपर कारवाई करें, उन्होंने कहा कि, होटल में जो गैर कानूनी कार्य हो रहा है उससे शहर की छवि बिगड़ती है। अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने आश्वस्त किया कि ऐसी चीजें कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी और ऐसे होटलों को जल्द चिह्नित किया जायेगा जो गैर कानूनी कार्य में लिप्त हैं।

वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रांची महानगर के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन बाल्मीकि नगर किशोरगंज रांची में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची महानगर के अध्यक्ष रामलगन राम ने की। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष केके गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि जी के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपस्थित केके गुप्ता, उपेंद्र रजक, सीमा पासवान, राकेश राम, जोगेंद्र लाल, रामलगन राम ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि ने अपने दिव्य ज्ञान से रामायण महाकाव्य का रचना किया उन्होंने सबसे पहले श्री राम का दर्शन कराया आज कुछ लोग दलितों का दिग्भ्रमित कर अलग दिशा देना चाहते हैं उन्होंने कहा कि आज महर्षि बाल्मीकि के विचारों को अनुग्रहित करने की जरूरत है तभी उनका सच्ची पूजा व श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति का धर्मांतरित लोगों को अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए साथ ही पूर्व चीफ जस्टिस केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में गठित कमेटी को स्वागत करते हुए कहा कि कमेटी यथाशीघ्र रिपोर्ट तैयार करें ताकि अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण एवं उसके अधिकार संरक्षित रह सके कार्यक्रम में राजीव राज, धर्मेंद्र कुमार, संजय रविदास, मोहन राम, दीपक नेहाल, विनोद राम, राजकुमार, नारायण नायक, इंद्रदेव राम, जय नागर, सुमित बाल्मीकि, शुभम बाल्मीकि, गोलू बाल्मीकि, अजय बाल्मीकि, सूरज नायक, दिलीप राम, विनोद बाल्मीकि, सुरेश बाल्मीकि, विजय राम, बाबूराम, नरेश राम, शंभू बाल्मीकि, सुमित बाल्मीकि, अजय नागर, गौतम बाल्मीकि, मुन्ना पवार आदि उपस्थित थे।

श्री गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व 6 नवंबर को

दीवान सजाया जायेगा और नगर कीर्तन निकाला जायेगा

26 अक्टूबर से 4 नवंबर तक प्रभात फेरियां निकाली जायेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में रविवार को सुबह 8 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरुआत सुबह 8 बजे हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई तत्पश्चात शब्द गायन हुआ। प्रकाश पर्व के उपलक्ष में विशेष रूप से पधारे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई अनूप सिंह उना वाले ने सुबह 8:45 बजे से 10:15 बजे तक जल जाओ जीवन नाम बिना जल जाओ... एवं गुण गावा दिन रात गुण गवा, विसर नाही दातार अपना नाम देहो... जैसे कई शब्द गायन कर साथ संगत को निहाल किया।

श्री आनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुकुम नामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 10:45 बजे हुई तत्पश्चात सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। इस मौके पर सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारकादास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई अनूप सिंह एवं साथियों तथा गिरिडीह से पधारे नरेंदर सिंह (शम्मी वीर) तथा गुरु सिंह सभा रामगढ़ के प्रधान सरदार जानू को गुरु घर का सरोपा देकर सम्मानित किया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि प्रकाश पर्व को लेकर रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में सुबह 11.30 बजे आम सभा बुलायी गयी। अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने अध्यक्षता की। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि सत्संग सभा द्वारा श्री गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व 6 नवंबर को मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक भव्य दीवान सजाया जायेगा एवं दोपहर 2:30 बजे दीवान समाप्ति के बाद भव्य नगर कीर्तन निकाला जायेगा। अरदास के साथ रात 8:30 बजे नगर कीर्तन की समाप्ति होगी। साथ ही जानकारी दी कि सत्संग सभा द्वारा इस उपलक्ष में 26 अक्टूबर से 4 नवंबर तक सुबह 5:30 बजे से प्रभात फेरियां निकाली जायेंगी।

खाने-पीने के शौकीन लोगों के लिए एक और डेस्टिनेशन

पिस्का मोड़ में कावेरी की नयी शाखा का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। खाने-पीने के शौकीन लोगों के लिए एक और डेस्टिनेशन बन गया है। रांची के मशहूर कावेरी रेस्टोरेंट ने अपना नया ब्रांच खोल दिया है। यहां पर आप परिवार के साथ आकर भेज खाने का लुत्फ उठा सकते है। रविवार को रेस्टोरेंट कावेरी ने पिस्का मोड़ में एक नया ब्रांच का उद्घाटन किया। नीलू भाटिया ने फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर अश्वनी भाटिया ने कहा कि यहां साउथ इंडियन, इटालियन, चाइनीस और कई वैरायटी की मिठाइयां और खाने का उच्च क्वालिटी और हाइजेनिक खाना उपलब्ध है। इस मौके पर रांची सांसद संजय सेठ, रांची विधायक सीपी सिंह, कुश भाटिया, कावेरी भाटिया, करण भाटिया, आदि भाटिया, अक्षय भाटिया सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

नेशनल पीपुल्स पार्टी ने झारखंड प्रदेश कमेटी का किया पुनर्गठन

रांची (आजाद सिपाही)। नेशनल पीपुल्स पार्टी ने झारखंड प्रदेश कमेटी का पुनर्गठन किया है। संगठन ने पदाधिकारियों की नयी सूची जारी की है। आगामी 2024 लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में खड़ा हो, इसे लेकर गांव से लेकर राज्य तक तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को यूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने को कहा गया है। नेशनल पीपुल्स पार्टी ने पदाधिकारियों की सूची जारी की है। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, महासचिव अमर महतो, प्रदेश महासचिव अमर महतो, प्रदेश प्रवक्ता संजय झा, सुमन बाला, सैयद रिजवी कोषाध्यक्ष रंजन कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव अनथन लकड़ा, भवानी शर्मा, जोसेफ डिपॉट लाकड़ा, मंजू अंसारी, प्रदेश सदस्य शांति कुजूर, आरती देवी, संगीता तिर्की, लाल देव तिर्की, चंद्रमणि, यूनुस अशोक मुंडा हीरालाल महतो और परवेज अंसारी बनाये गये हैं।

29 लावारिस शवों का मुक्ति संस्था ने किया सामूहिक अंतिम संस्कार

रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को रिम्स के शव गृह में रखे हुए 29 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार मुक्ति संस्था ने किया। पूरे विधि-विधान से जुमार नदी के तट पर सामूहिक चिता सजायी गयी थी। जिसके बाद संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने मुखाग्नि दी। गौरतलब है कि शवों के अंतिम संस्कार के लिए नगर निगम की ओर से लकड़ी उपलब्ध कराया जाता है। रिम्स से शवों को पैक कर जुमार नदी के तट पर लाया गया था। चिता सजा कर अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। संस्था की ओर से अब तक 1441 शवों का विधि विधान से अंतिम संस्कार कराया जा चुका है। शवों के अंतिम संस्कार के दौरान संस्था के सदस्यों में प्रवीण लोहिया, सौरभ बथवाल, हरीश नागपाल, रवि अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, परमजीत सिंह टिंकु, संदीप पापनेज, सुनील अग्रवाल, अमरजीत गिरधर, आदित्य रजगढ़ीया, केसी चौधरी, राजेश विजयवर्गीय, संदीप कुमार, विकास सिंघानिया, बलबीर जैन, संजय गोयल, सिताराम कौशिक, मनोज पाठक, रवि शंकर शर्मा, नवीन गड़ोदिया, रोहित कुमार, केवल किशोर टाईवाला मौजूद रहे।

क्रिकेटर सुनील गावस्कर और मांजरेकर पहुंचे करीम रेस्टोरेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शनिवार रात सैनिक बाजार स्थित करीम रेस्टोरेंट में प्रसिद्ध क्रिकेटर सुनील गावस्कर और संजय मांजरेकर ने डिनर का लुफ्त उठाया। समाजसेवी आरसी आलम पप्पू की अगुवाई में दोनों क्रिकेटर करीम रेस्टोरेंट पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता शमशेर आलम और होटल के संचालक मो जमाल ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनकी अगवानी की। इस मौके पर कंप्यूटर व्यवसाई सरफे आलम और मेहर भाई मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने डिनर में मटन, बड़ा मटन बिरयानी, मटन कोरमा और चिकन रेशमी कबाब की जम कर तारीफ की। सुनील गावस्कर और संजय मांजरेकर ने आलम परिवार की तीन छोटी बेटियों को अलीना आलिया और साफिया अपने संग बैठाकर खाना खिलाया। होटल संचालक मोहम्मद जमाल ने अतिथियों को रेस्टोरेंट का भ्रमण कराया। इस दौरान सुनील गावस्कर और संजय मांजरेकर ने होटल की व्यवस्था और रखरखाव की तारीफ भी की।

लखनऊ में आरोग्य भारती का राष्ट्रीय अधिवेशन

राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने प्रवीण प्रभाकर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रवीण प्रभाकर को आरोग्य भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय संयोजक (पर्यावरण आयाम) के पद पर भी मनोनीत किया गया है। लखनऊ में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन में नयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गयी। राष्ट्रीय अधिवेशन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश पंडित, संगठन सचिव डॉ अशोक वार्ष्णेय, कार्याध्यक्ष डॉ बीएन सिंह, महासचिव वैद्य सुनील जोशी, केंद्रीय आयुष सचिव राजीव कोटेजा आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोग्य भारती ने मैदान में उतरकर जनसेवा का कार्य किया और सरकार तथा प्रशासन का कार्य आसान किया।

मनमोहन वैद्य ने कहा कि भारत की विशिष्ट पहचान उसकी अध्यात्मिकता रही है, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में आरोग्य भारती के कार्यों में भी दिखती है।

कवि सम्मेलन आयोजन समिति की वार्षिक आमसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सामाजिक संस्था कवि सम्मेलन आयोजन समिति की वार्षिक आमसभा रविवार को प्रातः 11 बजे स्थानीय अग्रसेन भवन में हुई। समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री पवन पोद्दार ने सत्र 2020-22 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसकी सर्वसमिति से संपुस्टि की गयी। समिति के कोषाध्यक्ष पवन शर्मा ने वर्ष 2021-22 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया, जो अंकेछक मनोज बजाज द्वारा निरक्षित एवं सीए नवीन डोकनिया से आउडिटेड करा कर पेश किया, जिसे पारित किया गया। पूर्व अध्यक्ष ललित पोद्दार ने कार्यों की भूरि भूरि प्रसंशा करते हुए आगामी कवि सम्मेलन के आयोजन हेतु दिनाक 6 मार्च 2023 की तिथि का घोषणा किया। साथ ही कहा की देश के जाने माने कवि कवित्रियो को आमंत्रित किया गया हैं। पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद अग्रवाल ने कहा कि कोविड को लेकर दो वर्ष के पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन शहर वाशियों के लिए हास्य व्यंग के साथ शैक्षणिक व बौधिक विकास के लिये नितांत आवश्यक हैं। समिति के द्वारा कोरोनाकाल एवम दो वर्ष के सत्र मे अनेको जनहित सेवाकार्य, गतिविधियां, आयोजन को समस्त सदस्यों ने करतल धवनिमत से साधुवाद दिया. धन्यवाद ज्ञापन मनोज बजाज ने दिया। इस बैठक मे मुख्यरुप से विनोद जैन, पवन पोद्दार, ललित पोद्दार, सुरेश चंद अग्रवाल, पवन शर्मा, मनोज बजाज, कमल जैन, अनिल अग्रवाल, रतन मोर, राजेश भरतिया, सीए नवीन डोकनिया अन्य सदस्य उपस्थित थे।

ट्राइबल ट्रेड फेयर का आयोजन 14, 15 और 16 अक्टूबर को लोयला मैदान में

रांची (आजाद सिपाही)। ट्राइबल ट्रेड फेयर का आयोजन रांची के पुरुलिया रोड स्थित लोयला मैदान में 14-15 और 16 अक्टूबर को लगेगा। इसका आयोजन श्री साई सपोर्टिंग इंडस्ट्रियल कोपरेटिव सोसाइटी और द ट्राइबल हब के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस संबंध में रविवार को प्रेस वार्ता कर साईं कोऑपरेटिव सोसायटी के सचिव अनूप मिंज ने बताया कि ट्राईबल ट्रेड फेयर का उद्देश्य ट्राइबल से जुड़ी उत्पादों को बढ़ावा देना और उनको एक बाजार उपलब्ध कराना है। ट्राइबल उद्यमियों को अधिवास बाजार और उनकी समस्याओं को भी दूर करना इसका मकसद है। ट्राइबल फेयर मेला में कुल 100 स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेला में वर्कशॉप आयोजित किया जायेगा। इसमें ट्राइबल उद्यमी अपनी समस्याओं को यहां बता सकते हैं। राज्य सरकार केंद्र सरकार और बैंकों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में उद्यमियों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार से भी जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। मेले में एंट्री फीस 50 रुपये रखा गया है। मेले में फूड कोर्ट भी होगा जिसमें ट्राइबल फूड उपलब्ध होगा। इस मेले में कुल 20 ट्राइबल उद्यमियों को मदद की जायेगी। वहीं कल्चरल प्रोग्राम रॉक्सो यात्रा का ऑफ बैंड फैशन शो और क्ले आर्ट वर्कशॉप का भी आयोजन होगा। इस मौके पर पुनीत कुजूर, राहुल मिंज, नेहा तिग्गा, नवनीत गुप्ता और अमन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

महर्षि वाल्मीकि की कथा सामान्य से सर्वश्रेष्ठ बनने की: नागेंद्र त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा एक लुटेरा रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बनने की घटना भारतीय इतिहास में अनूठी और ऐतिहासिक घटना है।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति जब सत्य से जुड़ जाता है और उसका दैनिक अभ्यास करता है तो फिर रामायण जैसा अदभुत ग्रंथ लिख देता है। राम का उच्चारण भी नहीं कर पाने वाले व्यक्ति ने रामायण की रचना कर डाली। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की कथा सामान्य से सर्वश्रेष्ठ बनने की कथा है। हम सभी को उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाज को जोड़ने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति ने किसी को भी अछूत नहीं माना।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भगवान राम के समकालीन थे। उन्होंने अपने तप और त्याग से विश्व को रामायण जैसा अदभुत ग्रंथ दिया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, नीरज पासवान, योगेंद्र लाल, उपेंद्र रजक, सीमा पासवान, राम लगन राम, खुदा राम, राकेश कुमार आदि ने महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

देवघर में खूंटी से भी बड़ा मनरेगा का घोटाला हुआ है : निशिकांत दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बड़ा बयान दिया है। उनके इस बयान के बाद सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया है। निशिकांत दुबे ने कहा है कि देवघर में झारखंड का सबसे बड़ा मनरेगा का घोटाला हुआ है। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी तो आइएएस पूजा सिंघल के कार्यकाल में खूंटी में हुआ घोटाला छोटा पड़ जाएगा। सांसद देवघर में अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे उस दौरान उन्होंने यह बातें कहीं।

अधिकांश योजनाएं अधूरी-निशिकांत : मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि निगरानी समिति का चेयरमैन होने के नाते शनिवार को सोनारायठाढ़ी में मनरेगा योजनाओं की जांच करने के लिए पहुंचा। उन्होंने कहा कि वह अपने साथ बीडीओ समेत अन्य अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों को भी लेकर आए थे। इतना ही नहीं बीडीओ ने जिन योजनाओं को पूरा बताया उसका निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने पाया कि अधिकांश योजनाएं अधूरी है जबकि कहीं पर योजना का बोर्ड नहीं लगा है। डोभा और तालाब से लेकर ट्रेंच कटिंग तक के काम पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब अधूरी योजनाओं को पूरा दिखा कर एक पंचायत में पैसे की निकासी कर ली गयी है, तो जिले भर में चल रही योजनाओं के हाल का अंदाजा लगाया जा सकता है।

क्रिकेटर डेविड मिलर के करीबी का निधन रांची से बच्ची के लिए लिखा इमोशनल नोट

रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर और बल्लेबाज डेविड मिलर इन दिनों अपनी टीम के साथ भारत दौरे पर हैं। इस बीच मिलर के फैंस के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। खबरों की मानें तो डेविड मिलर ने अपने किसी करीबी को खो दिया है। कई रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि मिलर की बेटी का निधन हुआ है। हालांकि यह कंफर्म नहीं हो पाया है। वहीं कई खबरों में कहा जा रहा है कि डेविड मिलर ने अपनी प्यारी और छोटी-सी फैन को खो दिया है। लेकिन माना जा रहा है कि जिस बच्ची की मौत हुई है, वह मिलर की भतीजी है। वनडे सीरीज खेलने रांची आये डेविड मिलर ने खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक बच्ची के साथ वीडियो पोस्ट कर दुख जाहिर किया। डेविड मिलर ने रांची से ही इंस्टाग्राम पर उस बच्ची के साथ इमोशनल वीडियो शेयर किया है। डेविड ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा कि मेरी प्यारी रॉकस्टार, लव यू आलवेज।

वैश्य मोर्चा का स्थापना दिवस सह वार्षिक सम्मेलन 20 अक्टूबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका में रविवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार ने किया। यह बैठक आगामी 20 अक्टूबर को होने वाले स्थापना दिवस सह वार्षिक सम्मेलन की तैयारी तथा केन्द्रीय समिति के पुनर्गठन के मुद्दे पर चर्चा के लिए रखी गयी थी। काफी विचार विमर्श के बाद तय किया गया कि पर्व-त्यौहार को देखते हुए स्थापना दिवस सह वार्षिक सम्मेलन में भीड़ नहीं जुटाया जायेगा, बल्कि यह कार्यक्रम केवल पदाधिकारियों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित किया जायेगा। स्थापना दिवस सह सम्मेलन कार्यक्रम होटल आलोका के सभागार में ही आयोजित किया जायेगा।

बैठक में सर्वसम्मति से यह भी तय किया गया कि स्थापना दिवस सह वार्षिक सम्मेलन के साथ ही वर्तमान केंद्रीय समिति का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा। इसलिए केंद्रीय समिति के पुनर्गठन का अधिकार केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू को दिया जाता है। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की गयी कि सरकार जल्द से जल्द विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर ओबीसी को 27% आरक्षण देने की घोषणा करे और जब तक ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं दे दिया जाता है, तब तक राज्य में नयी बहाली पर पूरी तरह से रोक लगायी जाये।

बैठक में वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, परशुराम प्रसाद, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणू देवी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु आदि उपस्थित थे।

पिछले पांच माह में चार बार रेपो रेट बढ़ाये जाने से व्यापारी चिंतित

संजय अखौरी

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट के दर में वृद्धि के फैसले पर असंतोष जताते हुए झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (जेसीपीडीए) ने कहा कि एक ऐसे समय में जब महंगाई अपने उच्चतम स्तर पर है और लोग परेशान हैं, रेपो रेट में बढ़ोत्तरी उचित नहीं है तथा इससे आम जनजीवन प्रभावित होगा। अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से आरबीआई ने रेपो रेट में बढ़ोत्तरी का फैसला जरूर लिया है, जबकि इसके परिणाम अब तक देखने को नहीं मिले हैं। जेसीपीडीए के अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि आरबीआई को रेपो रेट वृद्धि के बजाय जो लोन एनपीए हो गए हैं उसपर कड़े नियम बनाकर लोन रिकवरी करना चाहिए। क्यूंकि यदि रेपो रेट इसी तरह बढ़ता रहा तो बैंक भी ब्याज दरें बढ़ाते रहेंगे। आरबीआई द्वारा पिछले 5 माह में चार बार रेपो रेट में वृद्धि करने से व्यापारी हतोत्साहित हैं। आरबीआई के फैसले के बाद अब रेपो रेट की दर 5.40% से बढ़कर 5.90% हो गई है, जिससे लोन महंगे हो जायेंगे। अब होम लोन, पर्सनल लोन और अन्य सभी प्रकार के लोन की ईएमआई में इजाफा देखा जा सकता है। श्री अखौरी ने यह भी कहा कि जब रेपो दर बढ़ती है तो बैंकों की रेपो दर से जुड़ी उधार दर (आरएलएलआर) भी बढ़ जाती है, जिस कारण बैंकों द्वारा उद्योग को दिए गए ऋण पर ब्याज दर कम हो जाती है। इससे उत्पादन की लागत में वृद्धि होगी जिससे व्यापार और औद्योगिक क्षेत्र को और नुकसान होगा और अंततः पूरा वित्तीय बोझ ग्राहक द्वारा वहन किया जाएगा। अतिरिक्त वित्तीय बोझ लगाने के बजाय एक राहत पैकेज प्रदान किया जाना चाहिए था।

जेसीपीडीए द्वारा इस बात पर भी चिंता जताई गई कि सरकार की घोषणा के बावजूद खुदरा, थोक व्यापारियों एवं वितरकों को एमएसएमई की तर्ज पर बैंकों से ऋण लेने में कठिनाई हो रही है। कई तरह के क्लॉज लगाकर बैंकों द्वारा छोटे व्यापारियों को ऋण देने में परेशान किया जाता है। यह आग्रह किया गया कि सरकार इस मामले की समीक्षा करे और खुदरा एवं थोक व्यापारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए उन्हें एमएसएमई की तर्ज पर योजना का लाभ दिलाया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि खुदरा, थोक एवं विभिन्न व्यवसाय से जुड़े वितरकों को बैंकों से प्राथमिकता के आधार पर आसानीपूर्वक ऋण की सुविधा मिले। जेसीपीडीए ने कहा कि कोविड काल के बाद से सामान्य होती अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए व्यापारियों को सस्ते दर पर लोन की सुविधा देनी चाहिए न कि रेपो रेट को बढाकर लोन को महंगा कर दिया जाय। लोन महंगा होने से व्यापारी (विशेषकर कम पूंजी वाले) परेशान होंगे।

(लेखक : अध्यक्ष, जेसीपीडीए हैं।)

श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर शरद पूर्णिमा के अवसर पर ने रूप में स्वेत दूधिया, श्वेत श्रृंगार, श्वेत वस्त्र, श्वेता आभूषण, श्वेत फूल, श्वेत लाइट, श्वेत प्रसाद, से जगमग जगमग कर रहा था। पूर्णिमा के संपूर्ण चंद्रमा की रोशनी से श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश भक्तों पर अमृत वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि 400 किलो से ज्यादा सुगंधित रजनीगंधा के फूलों की मालाओं से श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को सजाया गया था। 101 चांदी के सिक्कों की माला से भी खाटू नरेश को अलंकृत किया गया। प्रसिद्ध आचार्य अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्य रिंकू तिवारी ने श्री श्याम दरबार सजाया। श्याम प्रभु को सुगंधित गुलाबों से मसाज की गयी। श्री राजेश शर्मा बिट्टू ने गुलाब रूह की सेवानिवृत्त की। श्री नारसरिया ने बताया कि पूर्णिमा के अवसर पर सुबह नौ श्री शालिग्राम पूजन करके श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन हुआ। पंजीरी फल का भोग चढ़ाकर भक्तों को वितरित किया गया। साईं काल पूर्ण श्रृंगारिक होकर श्री श्याम मंदिर के पट खुलते ही भक्त जनों की दर्शन करने हेतु कतारें लग गयी। शरद पूर्णिमा महोत्सव के मुख्य समारोह के पूर्व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी कार्यक्रम संयोजक स्नेह पोद्दार मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया ने मुख्य समारोह की कमान संभाल कर रात्रि नौ बजे कार्यक्रम का श्रीगणेश करवाया। मंडल के युवा सदस्य श्री उत्कर्ष लोहिया ने अपनी माता शारदा लोहिया एवं परिवार संघ खाटू नरेश की ज्योत प्रज्वलित करके श्वेत पेड़ा, श्वेत खीर, पूरी, काजू, का भोग अर्पित कर अपने परिवार के लिए आशीर्वाद का निवेदन किया। संतोष पोद्दार ने काजू प्रसाद की सेवा निवेदित की। अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों की लंबी लंबी कतारें लगी रही।

लापरवाही बंद हो

पश्चिम अफ्रीकी देश गांबिया में 66 बच्चों की मौत के बाद वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने एक भारतीय कंपनी के बनाए चार कफ सीरप को लेकर ग्लोबल अलर्ट जारी किया है। शुरुआती खबरों से ऐसा लग रहा है कि इन कफ सीरप में डाइथिलीन ग्लाइकोल मिलाया गया था, जिसकी ज्यादा मात्रा जानलेवा होती है। हालांकि डब्ल्यूएचओ से गांबिया में हुई बच्चों की मौतों और कफ सीरप के बीच संबंध की पुष्टि करने वाले और साक्ष्य मांगे गये हैं, लेकिन शुरुआती संकेत भी कम गंभीर नहीं हैं। इस संबंध में पहली बात यह है कि भले ही विवादों में आयी हरियाणा की इस कंपनी को केवल निर्यात के लिए उत्पादन करने का लाइसेंस मिला हुआ था, लेकिन दवाओं में गड़बड़ियों की समस्या देश के अंदर भी उठती रही है। पिछले महीने ही चंडीगढ़ स्थित पोस्ट ग्रेजुएशन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में एनेस्थेटिक इंजेक्शन से पांच मरीजों की मौत हो गयी थी। फरवरी 2020 में हिमाचल प्रदेश की एक कंपनी में बना कफ सीरप पीने से जम्मू-कश्मीर में 11 बच्चों की मौत की खबर आयी थी। जाहिर है, ताजा मामले से जुड़े सारे तथ्य सामने आने ही चाहिए, वे लाए भी जा रहे हैं, लेकिन उस आड़ में समस्या और उसकी गंभीरता से इनकार नहीं किया जा सकता। दूसरी बात यह है कि कफ सीरप में मिलावट कोई नयी बात नहीं, न ही इसे गलत या आपत्तिजनक माना जाता है। सवाल उसकी मात्रा का है। उसका अनुपात निश्चित है, लेकिन प्रोडक्शन कॉस्ट कम करने और मुनाफा बढ़ाने के फेर में अक्सर उसकी मात्रा तय सीमा से ज्यादा कर दी जाती है। इस पर अंकुश रखने के लिए नियम कानून ही नहीं, नियामक तंत्र भी बने हुए हैं। लेकिन देश में करीब 3000 कंपनियां और 10,500 से ज्यादा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हैं। जाहिर है, इन पर लगातार नजर रखने के लिए जितना बड़ा नेटवर्क और जिस स्तर की फंडिंग चाहिए, वह नहीं है। तीसरी और सबसे बड़ी बात यह है कि फार्मास्युटिकल सेक्टर भारत के सबसे संभावनाशील सेक्टरों में है। दुनिया की फार्मेसी कहे जाने वाले भारत की दवाओं के वैश्विक कारोबार में (मात्रा के हिसाब से) एक तिहाई हिस्सेदारी है। इस तरह की घटनाओं से किसी एक कंपनी की नहीं पूरे भारत की मेडिकल इंडस्ट्री की बदनामी होती है, तो मामला देश के अंदर का हो या बाहर का, ऐसी घटनाएं किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। नियामक एजेंसियों की अपर्याप्त संसाधनों की शिकायत भी एक हद तक वाजिब हो सकती है। अगर ऐसा है, तो सरकार को यह शिकायत दूर करनी चाहिए, लेकिन इसके साथ यह भी मानना पड़ेगा कि इन एजेंसियों में इच्छा शक्ति का भी अभाव है, नहीं तो ऐसी घटनाएं बार-बार सामने नहीं आतीं। सवाल इंसानी जिंदगी का है, इसलिए ऐसे मामलों में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

दुनिया की फार्मेसी कहे जानेवाले भारत की दवाओं के वैश्विक कारोबार में (मात्रा के हिसाब से) एक तिहाई हिस्सेदारी है। इस तरह की घटनाओं से किसी एक कंपनी की नहीं पूरे भारत की मेडिकल इंडस्ट्री की बदनामी होती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

चिंताजनक रूप से क्रैडिट सुईस और ड्यूश बैंक जैसे तनावग्रस्त समूहों की संयुक्त संपत्ति 2 ट्रिलियन अमेरिकी डालर है। लेहमैन ब्रदर्ज जिनके पतन ने दुनिया को वैश्विक मंदी में डुबो दिया था, की सम्पत्ति 600 बिलियन डालर मूल्य वाली थी। यदि क्रैडिट सुईस और ड्यूश बैंक गिरते हैं, तो वे पूरी संभावना से वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपने साथ गिरा डालेंगे।

दुनिया एक और मंदी की डगर पर

मनीष तिवारी

सितंबर 2008 में वॉल स्ट्रीट धराशायी हो गया और एक पूर्ण विकसित वित्तीय संकट शुरू हो गया। इसने एक वैश्विक मंदी की शुरुआत को चिन्हित किया जिसने वित्तीय उद्योग के एक बड़े हिस्से को नीचे की ओर ला दिया। अब पारंपरिक ज्ञान क्या है, इसकी भविष्यवाणी करना तब मुश्किल था। यह स्पष्ट नहीं था कि मंदी आने वाली है तथा किसी ने भी सोचा नहीं था कि आने वाली मंदी 1930 के दशक की महामंदी के बाद सबसे बदतर होगी। तब लेहमैन ब्रदर्ज धराशायी हो गये और वॉल स्ट्रीट भी गिर गया।

आज इसी तरह की वैश्विक मंदी की संभावना तेजी से बढ़ रही है। दुनिया के सबसे बड़े निवेश बैंकों में से एक 'क्रैडिट सुइस' के लिए सितंबर महीना एक बुरा सपना रहा है। घबराये हुए निवेशकों ने समूह के क्रैडिट डिफाल्ट स्वैप्स (सीडीएस) को 14 वर्ष के उच्च स्तर पर पहुंचा दिया है।

चिंताजनक रूप से क्रैडिट सुईस और ड्यूश बैंक जैसे तनावग्रस्त समूहों की संयुक्त संपत्ति 2 ट्रिलियन अमेरिकी डालर है। लेहमैन ब्रदर्ज जिनके पतन ने दुनिया को वैश्विक मंदी में डुबो दिया था, की सम्पत्ति 600 बिलियन डालर मूल्य वाली थी। यदि क्रैडिट सुईस और ड्यूश बैंक गिरते हैं, तो वे पूरी संभावना से वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपने साथ गिरा डालेंगे।

निवेशकों ने समूह के क्रैडिट डिफाल्ट स्वैप्स (सीडीएस) को 14 वर्ष के उच्च स्तर पर पहुंचा दिया है।

सितंबर 2022, सितंबर 2008 के भूतों को वापस ले आया है। एस एंड पी 500 में 9.34 प्रतिशत की गिरावट आयी और डॉव जोन्ज इंडस्ट्रियल एवरेज में 8.84 प्रतिशत की गिरावट आयी। मार्च 2020 के बाद से उन्होंने अपना सबसे बड़ा नुकसान देखा है। 2002 के बाद से सितंबर माह का उनका सबसे खराब प्रदर्शन देखने को मिला है। वैश्विक विकास पूवार्नुमानों को तोड़ दिखा गया है।

भारत में भी इसका असर हम पर है। शुक्रवार को डालर 82 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने वार्षिक जीडीपी वृद्धि संख्या को संशोधित कर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन यह संख्या भी बहुत कम आधार से आगे बढ़ती है और वास्तविक विकास को नहीं दर्शाती।

जुलाई में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने 2022 और 23 के लिए अपने वैश्विक विकास पूवार्नुमान को क्रमशः 3.6 प्रतिशत से घटाकर 3.2 प्रतिशत और 2.9 प्रतिशत कर दिया। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) प्रमुख नगोजी ओकोंजो इवैला और विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूइएफ) के अर्थ शास्त्रियों ने उल्लेख किया है कि 2023 तक वैश्विक मंदी विश्व अर्थव्यवस्था का सामना करने वाला सबसे बड़ा संभावित परिदृश्य है।

दरअसल, अमरीकी फैडरल रिजर्व (फेड) द्वारा मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी की संभावना अमेरिका को मंदी की ओर धकेल सकती है। कोई भी अब सॉफ्ट लैंडिंग के लिए तैयार नहीं है। अमेरिकी फेड के अध्यक्ष जे रोम पावेल ने हाल ही में स्वीकार किया कि उन्हें पता नहीं था कि संभावित मंदी कितनी गंभीर हो सकती है।

गणित सरल है : जैसे-जैसे फेड तेजी से बढ़ता हुआ रुख अपनाता है, दुनिया भर की मुद्राओं पर यह दबाव डालता है। केंद्रीय बैंकों को मुद्रास्फीति को लगातार नियंत्रित करने या अपनी मुद्रा की रक्षा करने के लिए मजबूर किया जायेगा, जिससे एक अपरिहार्य मंदी हो जायेगी। सितंबर 2008 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया तो उन्होंने कहा कि मंदी एक अमेरिकी समस्या है, जिसे स्वयं अमेरिकियों द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए।

पिछले हफ्ते ही, चीन के केंद्रीय बैंक ने युआन की रक्षा के लिए आक्रामक तरीके से कदम उठाया। इसने अपनी अप-तटीय बैंक इकाइयों का युआन की स्लाइड को टूटने में मदद करने के लिए हस्तक्षेप हेतु पर्याप्त डालर के भंडार को सुनिश्चित करने के लिए कहा। युआन ने इस वर्ष डालर की तुलना में पहले से ही 11 प्रतिशत का झटका लिया है। बड़ी संख्या में चीनी लोग डालर को उतारना चाह रहे हैं, जिससे बाजार में हलचल मच सकती है। यकीनन यह डालर के तेजी से बढ़ने के जवाब में है।

जापान, यूनाइटेड किंगडम और यूरोप भी अपनी-अपनी मुद्राओं को मजबूत करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। जापानी केंद्रीय बैंक ने 24 वर्षों में पहली बार येन को बढ़ावा देने के लिए हस्तक्षेप किया, वहीं यूरोपीय सैंट्रल बैंक (इसीबी) ने सितंबर में ब्याज दरों में 75 आधार अंकों की बढ़ोतरी की, जो अब तक की सबसे बड़ी एकल वृद्धि है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंक फेड के आक्रामक कड़ेपन को बनाए रखने के लिए अपने हाथ-पांव मार रहे हैं। यह सब डर के कारण है। इस सारी उथल-पुथल का एक तत्कालीन कारण है।

यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के कारण जर्मनी, ब्रिटेन और इटली अगले वर्ष मंदी की चपेट में आने वाले हैं। संघर्ष से आपूर्ति शृंखला के झटके कम वृद्धि के साथ उच्च लागत लाये हैं। यह यूके में सबसे अधिक है, जहां पौंड ने रिकॉर्ड निचले स्तर को छुआ है और घरों में लगभग 80 प्रतिशत मुद्रास्फीति देखी गयी है। यूरोपीय देश बेहतर नहीं हैं, क्योंकि रूस की तेल और गैस आपूर्ति उन्हें पुतिन की दया पर रखती है।

रूस पहले ही जर्मनी, बुल्गारिया और पोलैंड को गैस आपूर्ति में कटौती कर चुका है। सर्दियों के आने के साथ यूरोपियन लोगों को रूस से अपनी ऊर्जा आपूर्ति को कम करने के लिए समय के खिलाफ एक दौड़ का सामना करना पड़ सकता है। अगले कुछ महीने में यह सब हासिल करना एक असंभव कार्य है।

भारत में भी इसका असर हम पर है। शुक्रवार को डालर 82 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने वार्षिक जीडीपी वृद्धि संख्या को संशोधित कर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन यह संख्या भी बहुत कम आधार से आगे बढ़ती है और वास्तविक विकास को नहीं दर्शाती। सभी संकेतक 2008 की वैश्विक मंदी से अधिक परिमाप के संकट की ओर इशारा करते हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि दुनिया खंडित है तथा राष्ट्रीय ऋण चौंका देने वाले स्तर पर हैं, जो देशों को मंदी में एक बार किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने से रोकेंगे। राजकोषीय उत्तेजना मुश्किल होती है जब आपका राष्ट्रीय ऋण 30 ट्रिलियन अमेरिकी डालर के बराबर होता है, जोकि अमेरिकी सरकार का संघीय ऋण है।

इस्लामिक देश पाकिस्तान के बहकावे में जर्मन का कश्मीर पर गलत बयान दुःखद

सुखदेव वशिष्ठ

तानाशाह हिटलर के देश जर्मनी ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तानी राग अलापाना शुरू कर दिया है। उसने दुर्भाग्य पूर्ण रूप से कश्मीर मामले में संयुक्त राष्ट्र के दखल की मांग की है। हालांकि पाकिस्तान पोषित आतंकवाद और भारत में क्रॉस बॉर्डर आंतकवाद पर जर्मनी ने एक शब्द भी नहीं कहा है। भारत ने जर्मनी के इस रुख की कड़ी निंदा की है और करारा जवाब दिया है। भारत ने कहा, पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की मौजूदगी में जर्मनी के विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक ने कश्मीर पर जिस तरह की बातें कही हैं, वे पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। 41 साल के विदेश मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान प्रोजेक्टेड आतंकवाद का जिक्र क्यों नहीं किया।

बिलावल भुट्टो के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जर्मनी के विदेश मंत्री ने ये बातें कही थीं। दरअसल अफगानिस्तान में अमेरिकी फौज की तैनाती के वक्त जिन अफगान लोगों को जर्मन के कहने पर उनको बाहर निकालने में मदद की उसके बदले पाकिस्तान फायदा उठा रहा है। हालांकि जो जर्मनी के वफादार अफगान वहां शरण ले रहे हैं उनकी संख्या केवल हजारों में हैं। इसके अलावा बर्लिन चाहता है कि सुन्नी पश्तून इमिग्रेंट्स पर लगाम कस दे जिससे वे जर्मनी ना जा सकें। इस तरह स्पष्टतः जर्मन रुख भी स्वार्थपूर्ण है और वह कश्मीर के लोगों का नाम लेकर मात्र स्वांग रच रहा है।

बीते दिनों पाकिस्तानी सेना के चीफ जनरल कमर बाजवा ने अपनी स्पीच में कश्मीर का जिक्र एक बार भी नहीं किया था। हालांकि शहबाज शरीफ अपनी स्पीच में कश्मीर से इधर-उधर की कोई बात ही नहीं कर सके। क्योंकि उनका मामला वोट बैंक का था। पाकिस्तान में कश्मीर के नाम पर केवल वोट बटोरने का सिलसिला चल रहा है।

भारत की मोदी सरकार के खिलाफ जर्मनी के इस बयान का दूसरा कारण यह है कि यूक्रेन संकट पर रूस के खिलाफ पश्चिमी देश जिस तरह का कड़ा रुख अख्तियार कर रहे था, भारत ने वैसा नहीं किया। हालांकि भारत ने दोनों ही पक्षों से युद्ध को टालने की अपील की। भारत ने रूस के राष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति दोनों के सामने ही अपना स्पष्ट रुख रख दिया। वहीं क्वाड में चीन को लेकर कड़े रुख से जर्मनी की ऑटो इंडस्ट्री प्रभावित हुई क्योंकि चीन ही आउडी और मर्सिडीज का बड़ा उपभोक्ता है। दूसरी तरफ जर्मनी भारत के बढ़ते वैश्विक वर्चस्व से भी जलता है। यूएन सिक्यॉरिटी काउंसिल में भी जापान, ब्राजील और अमेरिका ने भारत की स्थायी सदस्यता की वकालत की थी। नाटो का सदस्य होने के बावजूद अमेरिका ने बर्लिन को सिक्यॉरिटी काउंसिल विस्तार के मामले में ज्यादा भाव नहीं दिया।भारत के लोगों में जर्मन की इस हरकत के लिये रोष और गुस्सा है। जर्मन का इस्लामिक देश पाकिस्तान के बहकावे में कश्मीर संबंधी गलत ब्यान निश्चित ही दुःखद है।

जमशेदपुर की खबरें

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया वायुसेना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्वी सिंहभूम इकाई के सदस्यों ने भुइयांडीह प्रीतम पार्क स्थित सामुदायिक भवन में भारतीय वायु सेना की 90 वीं जयंती मनाया। रविवार को जिला अध्यक्ष जे डब्ल्यू ओ बृज किशोर सिंह के नेतृत में तीनों सेना के सेवानिवृत्त जांबाज साथियों ने भारत माता के चित्र पर पुष्प देकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान भारतीय वायु सेना के गौरवमयी इतिहास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वायु सैनिकों ने अपना संक्षिप्त परिचय के साथ साथ बीते दिनों का अनुभव साझा किया। डॉक्टर कमल शुक्ला ने कार्यक्रम के महत्व की जानकारी दी। साथ ही भारतीय थल सेना के वरिष्ठ सदस्य हवलदार चंद्रमा सिंह भारतीय नौसेना के वरिष्ठ सदस्य सुशील कुमार सिंह एवं सभी उपस्थित वायु सैनिकों ने मिलकर संयुक्त रूप से वर्षगांठ का केक काटा। बृज किशोर सिंह ने

भारतीय वायु सेना का शांति एवं युद्ध के समय किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न प्रकार के फाइटर लॉजिस्टिक जहाजों के बारे में भी जानकारी दी। नौशाद आलम ने अपने बीते अनुभव साझा कर सबको ठहाके लगाने पर विवश किया। इस दौरान सभी उपस्थित सैनिक साथियों के बीच मिठाई का वितरण कर खुशी मनाया। सैनिक एकता ने समाज के हर क्षेत्र में यथासंभव सहयोग करने का संकल्प लिया गया, जिससे भारतीय सेना के कोर मूल्यों को जीवित रखा जा सके। सेना की यही एकता व अनुशासन दुश्मनों के दांत खट्टे करने पर मजबूर कर देती है। मौके पर तीनों सेनाओं के मजबूती सुरक्षा एवं संप्रभुता के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में जिला सचिव दिनेश सिंह, एस पी मौर्या, अजय सिंह, शेख अनवर, श्याम पद दास, ज्योतिर्मय साह, प्रमोद कुमार, हिमांशु मंडल, कुंदन सिंह, तारकेश्वर नाथ, नौशाद आलम, देवेंद्र त्रिपाठी, शिव शंकर चक्रवर्ती, भोला सिंह, बरमेश्वर पांडे, राधेश्याम, अर्जुन ठाकुर, कोमल दुबे, महेश चंद्र, विवेक कुमार, विजेंदर सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, नवल किशोर, मनोज ठाकुर, राजीव रंजन, जितेंद्र कुमार, डीएस तिवारी आशुतोष राय सतनाम सिंह के साथ बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक शामिल रहे। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन जे डब्ल्यू ओ ललन शाह ने किया।

राजेंद्र नगर में व्यापारी के बंद घर से लाखों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। साकची थाना अंतर्गत राजेंद्र नगर के बंद से अपराधियों ने बाथरूम के पिछले हिस्से मे ग्रिल काटकर नगदी समेत जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। रविवार को घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी सुधांशु जैन, साकची थाना प्रभारी मौके पर पहुच कर जांच में जुट गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक व्यापारी अजय मोदी परिवार के साथ 10 दिनों पूर्व सिंगापुर घुमने के लिये गये हुये थे। रविवार सुबह परिवार के लोग शहर लोटे। घर मे प्रवेश करते ही देखा मकान के भीतर सभी सामान इधर उधर पड़ा है। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना साकची पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस घटनास्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर चोरी की घटना का जानकारी मिलते ही चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका मौके पर पहुचकर घटना की जानकारी ली। अजय मोदी ने बताया 29 सितंबर को अपने परिवार के साथ दिल्ली गये थे। इसके बाद सिंगापुर और वृंदावन घुमने के लिये निकल गये थे। रविवार की सुबह लौटने पर देखा घर में चोरी हो गयी। बाथरूम के पिछले हिस्से मे ग्रिल कटा पाया गया। उन्होंने अनुमान लगाते हुए कहा चोर बाथरूम के पिछले हिस्से मे ग्रिल काटकर घर में प्रवेश किया था। उन्होंने बताया नकद लगभग 50 से 60 लाख रुपये समेत करीब डेढ़ करोड़ के जेवरात होने की अनुमान लगाया जा रहा है। अजय मोदी ने बताया उनके मकान में बहरागोड़ा का रसोइया साथ में रहता था।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने महर्षि बाल्मीकि जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर भुइयांडीह में महर्षि बाल्मीकि जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। रविवार को कार्यक्रम के दौरान सभी ने महर्षि बाल्मीकि के तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी ने आदि ऋषि बाल्मीकि जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा रचित काव्यों पर चर्चा की। बाल्मीकि जयंती समारोह के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के तहत बस्ती संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान में कालिंदी बस्ती भुईयांडीह, भालूबासा मुखी बस्ती, कालिंदी बस्ती बागुननगर, बाउरी बस्ती बागुनहातु समेत अन्य

बस्तियों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। साथ ही स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर महानगर मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी ने किया।

मौके पर मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा, सीतारामडेरा भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री मृत्युंजय यादव, मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिलीप पासवान, राकेश मुखी, अजय रजक, महामंत्री शंभू राम, पीके करवा, मंत्री सतीश मुखी, दास मीडिया प्रभारी ममता मुखी, अर्जुन रजक, धीरज मुखी, मंटू स्वासी, राम मुखी, ओम प्रकाश रजक, मंडल अध्यक्ष में विकास बाउरी, पोरेश कालिंदी, हीरा लाल रजक, अशोक कुमार, अजय कुमार, अशोक बेहरा, राहुल रजक, चंदन मुखी, सरजू मुखी, सोमनाथ मुखी, बंटी कालिंदी, दीपू राय, बिंदिया मुखी, बबीता मुखी, गीता मुखी, पूनम मुखी, राजेंद्र प्रसाद रवि, सुमित लाल उपस्थित रहे।

पवन अग्रहरी बने अखिल भारतीय अग्रहरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। अखिल भारतीय अग्रहरी समाज के एक बैठक सुल्तानपुर के लम्भुवा राधाकृष्णन मंदिर प्रांगण मे आयोजन किया गया। रविवार को बैठक में विधायक सीताराम वर्मा, सुल्तानपुर के चेयरमैन अजय जैसवाल,राष्ट्रीय संरक्षक संदीप अग्रहरी प्रयागराज,संरक्षक पृथ्वी राज अग्रहरी, संरक्षक अमृत लाल अग्रहरी अतिथि के तौर पर शामिल रहे। मौके पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राम चन्द्र गुप्ता ने स्वेक्षा से अस्वस्थ्य होने के कारण सभी के समक्ष त्यागपत्र दिया। बैठक में सभी के सहमति से जमशेदपुर के रहने वाले पवन अग्रहरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार सौंपा गया। बैठक के दौरान नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन अग्रहरी को शपथ दिलाया गया। शपथ लेने पाश्चात उन्होंने समाज को सही राह पर ले

जाने के विषय मे विस्तार से चर्चा कर सभी को मार्गदर्शन दिया। शपथ ग्रहण समारोह मे प्रदेश के सैकड़ों की संख्या में समाज के सदस्यों ने हिस्सा लिया। सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन अग्रहरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम मे विधायक सीताराम वर्मा, सुल्तानपुर के चेयरमैन अजय जैसवाल, राष्ट्रीय संरक्षक संदीप अग्रहरी, प्रयागराज, संरक्षक पृथ्वी राज अग्रहरी, संरक्षक अमृत लाल अग्रहरी, बुद्धिमान अग्रहरी, मदन अग्रहरी, सत्यप्रकाश अग्रहरी, अमन अग्रहरी, शंकरलाल अग्रहरी, रमाशंकर अग्रहरी, जितेन्द्र अग्रहरी, सूरज अग्रहरी, हरिओम अग्रहरी, गौरव अग्रहरी एवं महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष मधु अग्रहरी, लक्ष्मी अग्रहरी, सरिता अग्रहरी, लीलावती अग्रहरी, पूर्णिमा, राजकुमार अग्रहरी, संदीप अग्रहरी, हनुमान अग्रहरी के अलावा हजारों की संख्या मे समाज के लोग मौजूद रहे।

जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी : जिले के विभिन्न प्रखंडों में मुस्लिम समुदाय ने भव्य तरीके से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला

मस्जिदों में अपने देश व दीन की सलामती के लिए दुआ की

धुरकी में जुलूस में शामिल लोगों पर बच्चे जां निसार कमेटी ने पांच क्विंटल फूलों की बारिश की

आजाद सिपाही संवाददाता

धुरकी। धुरकी में जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय ने रविवार को भव्य तरीके से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला। जुलूस निकालने से पहले सभी मुस्लिम समुदाय के बच्चे, बूढ़े, नवजवान सभी लोग हुजूर सलललाह ताला अलैही व सलम के जन्मदिवस के अवसर बहुत जोश व खरोश के साथ उत्साहित थे। सभी लोग मदरसा दारूल उलूम गौसिया नूरिया के प्रांगण में जुटे वहां पर पेशइमाम मौलवी ग्यासुद्दीन शम्सी, मुफ्ती रौशन रजा, मौलाना एनामुर्रब, हाफिज अब्दुल मजीद, मौलाना एकरार, हाफिज बशीर सभी ने सलातो सलाम पढ़कर अपने देश व दीन की सलामती के लिए दुआ की। वहीं इसके बाद मुफ्ती रौशन रजा मिसबाही ने कहा कि हुजूर सललाह ताला अलैही व सलम दुनिया में अपनी पुरनुर की रौशनी लेकर और नफरत और आपसी मतभेद को मिटाने के लिए पैदा हुए। उन्होंने बड़े ही प्यार से लोगों को समझाकर बुराई से मुह मोड़ने के लिए संदेश दिया है।

वहीं इस दौरान जुलूस मदरसा परिसर से धार्मिक नारे के साथ निकला, जुलूस में सबसे अधिक ध्यानाकर्षक भारतीय और तिरंगा झंडा रहा। जुलूस में बच्चे जां निसार कमेटी ने पांच क्विंटल फूलों की बारिश भी की। वहीं जगह जगह पर इत्र और गुलाबजल का भी छिड़काव किया जा रहा था। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, मुखिया महबूब अंसारी, सहादत अंसारी, एहसान अंसारी, एनामुल हक, अली रौशन, मदरसे के मंसूर अंसारी, सोहेल अख्तर, नेजाम अंसारी, आफताब अंसारी, ज्याउल हक अंसारी सहित काफी संख्या लोग शामिल थे।

धुरकी एवं भंडरिया में जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल इस्लाम धर्मावलंबी

मेराल एवं सगमा में जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल इस्लाम धर्मावलंबी

भंडरिया

भंडरिया प्रखंड क्षेत्र में मुसलमानों का महत्वपूर्ण पर्व ईद उल मिलादुन्नबी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। भंडरिया, करचाली, मदगड़ी, कंजिया, बघवार सहित अन्य गांव में 12 रबी उल अव्वल का जुलूस निकाला गया। मौके पर हाजी सलामत्तुल्लाह अंसारी, हाजी अमीम अंसारी, जुबेर नसीम आजम, तौसीफ अहमद, हाफिज अशफाक आलम, मौलाना मुशर्रफ हुसैन, भंडरिया में यासिन अंसारी, खुर्शीद आलम, डॉक्टर एहतेराम, तैजुल खान, फरहत खान सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

मेराल

प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों में ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार की सुबह में मदरसा से पैगंबर साहब के अमन व शांति के पैगाम के साथ सामूहिक जुलूस निकाला गया। जो चरका पत्थर से थाना चौक, नेनुआ मोड़, चांदनी चौक, लखेया मोड़, बस स्टैंड बाजार होते हुए पुनः मदरसा पर आकर समाप्त हुआ।

श्री बंशीधर नगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल इस्लाम धर्मावलंबी

जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल मदरसा के बच्चे एवं मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अपने नबी की याद तकरीर करते हुए उनके द्वारा बताए गए शांति, अमन और भाईचारगी का संदेश दिया। मौके पर मौलाना यासीन ने कहा कि अपने नबी के बताए हुए रास्ते पर चलकर अपने कौम व मिल्लत और अपने मुल्क की तरक्की के लिए दुआ करें। अंत में सलातो सलाम पढ़ी गई फिर फातेहाखानी किया गया।

लूस में मुख्य रूप से गुलाम मुस्तफा, सदर मुख्तार अंसारी, अतहर अली अंसारी, फारुख अली, हामिद अंसारी, सफदर अली, आरिफ अंसारी, अख्तर अंसारी, सोनू, यूनुस, नूर मोहम्मद, बसीर अंसारी, इरफान अंसारी, मुमताज अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस के समापन के लिए थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ नेतृत्व करते देखे गए।

सगमा

सगमा प्रखंड क्षेत्र में पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम गांवों में मुहम्मदी जुलूस निकाला गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बड़े बूढ़े बच्चे काफी की संख्या में लोग जुलुसे मुहम्मदी में शामिल हुए। इस दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी ने कहा कि हजरत मुहम्मद साहब के कारण ही इस्लाम धर्म का प्रचार प्रसार हुआ और पवित्र ग्रंथ कुरान मिला है।

श्री बंशीधर नगर

इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाला गया। प्रखंड के चेचरिया, नगर उंटारी, बरडीहा, कुशदण्ड, कधवन, कोलझिकि, सोनवर्षा सहित अन्य ग्रामीणों क्षेत्रो में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस भव्य तरीके से निकाला गया। नगर उंटारी में अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान की सदारत में रसूलल्लाह का घर गुम्बदे खजरा और अल्लाह के घर खाने ए काबा का खूबसूरत नक्शा फूलों से कार पर सजाकर जुलूस चेचरिया स्थित कर्बला गौसिया मस्जिद से निकल कर मुख्य पथ से होते हुए भवनाथपुर मोड़ तक गया। पुनः मुख्य पथ से होते हुए राजकीय कृत उच्च विद्यालय पहुंचकर सलातो सलाम पढ़ने के बाद सम्पन्न हुआ। इधर बरडीहा जामा मस्जिद से होते हुये बरडीहा, बम्बा सहित अन्य गांव में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। इस बार जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस में लोगों ने शामिल होकर फूलों की वर्षा की। नगर उंटारी- चेचरिया स्थित जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस में पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी शामिल होकर हाजी व नगर उंटारी अंजुमन कमेटी के सदर को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर झामुमो नेत्री नेहा देवी, किरण देवी, सरपरस्त शमीम खान, तस्लीम खान, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना अब्दुल कादिर, हाजी कुतबुद्दीन अंसारी, मो मुमताज राही, महमूद आलम, खुर्शीद खान, नरही सदर नसीर अंसारी, फुलटुन खान,हाजी अतिकुल्लाह खलीफा, झामुमो युवा नेता लालबाबु खान, खुर्शीद खान, अजूबा खान, मंसूर खान अख्तर खान शामिल थे।

वहीं बरडीहा जुलूस में सदर मुश्ताक अहमद शेख, डॉ ताहीर हुसैन, राहत हुसैन, उस्मान अंसारी,तसमुदिन अंसारी, मसउवर अंसारी, रहमुद्दीन,डॉ रिजवान अहमद, राकिब अनवर, अमीर हसन, मौलाना नेमतुल्लाह अंसारी,साजिद रजा,गुलाम हुसैन, मकबूल, वकील, भानू, गुलाम,रागिब, रासिब,अप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

रविदास मुहल्ला में पीसीसी सड़क निर्माण की खुशी में झामुमो नेताओं ने मंत्री का जताया आभार

रंका (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा आजादी के पचहत्तर वर्ष बितने के बाद रंका प्रखंड के कंचनपुर गांव के रविदास मुहल्ला में पीसीसी सड़क निर्माण कराने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा प्रखंड उपसचिव राजकिशोर रवि एवं सदस्य संतोष कुमार रवि ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें कंचनपुर की समस्त जनता की ओर से आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि यह दलित बाहुल्य क्षेत्र है, जिसे पूर्व के विधायक मंत्रियों के द्वारा उपेक्षित रखा गया था। यह अति उपयोगी सड़क कंचनपुर शंभू ठाकुर के घर से रंका खरवार छात्रावास होते हुए कंचनपुर पंचायत सचिवालय भवन चिनिया मुख्य सड़क में मिला दी गयी है। इस कार्य के लिए क्षेत्र में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की खूब सराहना हो रही है।

ग्रामीणों ने झामुमो नेता से की पीडीएस डीलर के खिलाफ फ्री राशि नहीं देने की शिकायत

रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कंचनपुर पंचायत अंतर्गत रंका खुर्द गांव के डीलर महेंद्र कुमार चंद्रवंशी के द्वारा ग्रामीणों को मार्च से लेकर जुलाई तक का फ्री राशन नहीं देने, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा मशीन से पर्ची निकाल कर एक महीना गैपिंग करके डीलर के द्वारा राशन दिये जाने तथा कार्डधारी मोहन भुईयां के साथ मारपीट करने आदि समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने झामुमो के युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी से मुलाकात कर समस्याओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने झामुमो नेता से समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई गई है। ग्रामीणों ने गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के समक्ष समस्या को रखने का आग्रह किया। जिसके आलोक में दीपक कुमार सोनी ने कहा कि इस समस्या की जानकारी मंत्री जी को दी जाएगी और जितना जल्द हो सके समस्या का समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

वज्रपात से दो युवकों की मौत पर बेलवादमार टोले में छाया मातम

रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड के टंडवा गांव के बेलवादमार टोले के दो युवकों की वज्रपात से मौत हो जाने से परिवार सहित पूरा टोले के ग्रामीण सदमे में हैं। मालूम हो कि एक दिन पूर्व क्रिकेट खेलने दौरान ठनका की चपेट में आने से पांच युवक घायल हो गए थे। जिसके बाद इलाज के क्रम में अशोक मेहता के 14 वर्षीय संदीप मेहता व हरिओम पासवान के पुत्र अभिनंदन पासवान 15 वर्ष की मौत सदर अस्पताल गढ़वा में हो गई। वहीं तीन घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल के बाद बाहर में रेफर कर दिया गया। जिसमें भोला सिंह के पुत्र अनुज सिंह, नागेंद्र पासवान के पुत्र राकेश पासवान तथा स्व. विनोद सिंह के पुत्र राजू सिंह के नाम शामिल हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि एंबुलेंस व आक्सीजन नहीं मिलने के बाद युवकों की हालत बिगड़ गयी थी। इधर आकस्मिक घटना के बाद जिप सदस्य शांति देवी ने मृतक के घर पहुंचकर शोक जताया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुधांशु कुमार मुखिया संतोष सिंह, बीडीसी बुधन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों युवकों के शव पहुंचते ही गांव में परिजनों के चित्कार से कोहराम मच गया। आसपास के ग्रामीण परिजनों के ढांढस बंधाने में लगे रहे। इसके बावजूद आकस्मिक घटना में मृतक शव को देखते ही सभी आंखें नम हो गयीं। वही स्थानीय निवासी गुलाम अली अंसारी, भुनेश्वर मेहता, नागेश्वर सिंह, लालमणि राम, नागिन सिंह, मुगल सिंह, जयगोविंद सिंह, लालजी राम, सुनेश्वर मेहता, विश्वनाथ मेहता, रविंद्र मेहता राहुल टंडवाल आदि लोगों ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह सभी बच्चे क्रिकेट खेलने गए थे जिस के क्रम में आकस्मिक ब्रजपात से दो बच्चे की मौत हो गई। इस मार्मिक घटना के बाद पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, रोहित वर्मा, प्रदीप सिंह सहित कई लोगों ने मृतक के परिजनों से मिलकर संतावना दी। साथ ही परिजनों को हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

मेराल थाना पर उपद्रव मामले में पुलिस ने जिप सदस्य के पिता को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले के मेराल थाना पर बीते 20 अगस्त को हुए उपद्रव मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे मेराल दक्षिणी के जिला परिषद सदस्य रौशन प्रवीण के पिता करीब अंसारी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब अंसारी के खिलाफ कोर्ट द्वारा वारंट जारी किया गया था। जिन्हें छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिला अंतर्गत प्रतापपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

पत्नी की हत्या का आरोपी प्रेम कोरबा को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल थाना क्षेत्र के जोलंगा गांव से पत्नी का हत्यारा पति प्रेम कोरवा को रंका थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि दशहरा के दिन पति-पत्नी दशहरा का मेला घूमकर घर आये थे। इसी बीच दोनों में किसी बात को लेकर आपस में तू तू मैं मैं हुई थी। जिसके बाद पति-पत्नी के संबंध को कलंकित करते हुए प्रेम कोरवा ने अपनी पत्नी को नशे में धुत होकर डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि अभियुक्त को रंका थाना कांड संख्या 179/22 दिनांक 6 अक्टूबर को धारा 302 भादवि के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

समाजसेवी झामुमो पंचायत अध्यक्ष रामाश्रय यादव के निधन पर गांव में छाया मातम

निधन की सूचना पर उनके घर पर उमड़ा लोगों का हुजूम

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुरा । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पिपरीकला गांव निवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत अध्यक्ष रामाश्रय यादव 53 वर्ष की मृत्यु शनिवार को पीजीआई लखनऊ अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी।

परिजनों के अनुसार वह पिछले कई महीनों से बिमार चल रहे थे। अचानक तबियत बिगड़ते देख परिजनों ने एसजी पीजीआई लखनऊ अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज कर रहे चिकित्सकों ने किडनी में इन्फेक्शन की बात कह तत्काल उन्हें आईशियो में ले जाया गया, जहां डायलोसिस के बाद भी

तवियत में सुधार नहीं हुआ और अंततः शनिवार को दिन के लगभग तीन बजे के आस-पास उनकी मौत हो गई।

इधर उनकी मौत की खबर सुन पिपरीकला गांव में मातम सा छा गया। मृतक के घर पिपरिकला में शव पहुंचते ही देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव मर्माहत था। मृतक रामाश्रय यादव समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले मृदुभाषी व अपनी बेबाक बातों से जाने जाते थे। वे वर्तमान में झामुमो के पंचायत अध्यक्ष भी थे। रविवार को बांकी नदी के तट पर छोटे पुत्र नवनीत यादव ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। निधन की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अंनत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, जिप सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन मेहता, उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, सुधीर सिंह, सभी मृतक के घर आकर परिजनों को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। वहीं उन्होंने कहा कि रामाश्रय यादव झामुमो पार्टी के एक सच्चे सिपाही थे। उनकी मौत से पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति हुई है।

अंतिम संस्कार में विधायक प्रतिनिधि अशोक पासवान, समाजसेवी ज्ञासुद्दीन अंसारी, हेमेंद्र चंद्रवंशी, धर्मेंद्र सिंह, मानिक सिंह, जय सिंह, सत्येंद्र यादव, शिव कुमार यादव, नंदू यादव, रघुवीर यादव,रामनाथ पाल, अजय बैठा, संतोष अरावली, दिनेश चंद्रवंशी, महेंद्र यादव, अवधेश चंद्रवंशी, जगजीत प्रजापति, हरनाथ पाल, प्रेमन यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण व झामुमो कार्यकर्ता शव यात्रा में शामिल हुए।

चिंता : एक माह बीत जाने के बाद भी विद्यालय से गायब रहने वाले शिक्षक पर नहीं हुई कार्रवाई

यदि कार्रवाई नहीं हुई है तो अन्य शिक्षकों में विभागीय कार्रवाई का नहीं रहेगा भय

दृष्टि यूथ ऑर्गेनाईजेशन के प्रधान शशांक शेखर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, आयुक्त, उपायुक्त सभी से शिकायत कर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं

अरुण कुमार चौबे

कांडी। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय डूमरसोता के अभिभावकों व छात्र-छात्राओं के द्वारा कक्षा 10वीं के एक शिक्षक आनंद यादव के खिलाफ वर्षों प्रतिदिन विद्यालय नहीं आने एवं एडवांस हाजरी बनाने की शिकायत दृष्टि यूथ ऑर्गेनाईजेशन के प्रधान शशांक शेखर से की थी।

जिसके पश्चात ग्रामीण शशांक शेखर के साथ 10 सितंबर 2022 दिन शनिवार को विद्यालय में पहुंचे तो वहां देखते हैं कि शिक्षक आनंद यादव विद्यालय में अनुपस्थित हैं और उनके विद्यालय में अनुपस्थित होने के बावजूद उनकी हाजरी बनी हुई है। जिसके पश्चात शशांक शेखर के द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, आयुक्त, उपायुक्त सभी से शिकायत कर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की, पर अधिकारियों व मंत्रियों के द्वारा कार्रवाई करना तो दूर की बात है शिक्षक के नाम पर स्पष्टीकरण तक जारी नहीं किया जाता है।

एक माह बीत जाने के पश्चात भी आखिर ऐसे शिक्षक पर कार्रवाई नहीं होने से यह स्पष्ट जाहिर होता है कि शिक्षक किसी के सरंक्षण में रहकर इतनी मनमानी कर रहे हैं या अधिकारियों को पैसे के बल पर मैनेज कर लिया जा रहा है। आखिर ऐसे शिक्षक पर आज एक माह का समय गुजर जाने के बावजूद भी आयुक्त, उपायुक्त के द्वारा दिये गए जांच के आदेश के बावजूद भी शिक्षक आनंद यादव पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? अब सोचनीय विषय यह है कि इस शिक्षक पर यदि कार्रवाई नहीं होती है तो अन्य शिक्षकों में भी विभाग की ओर से किये जाने वाले कार्रवाई का भय रहेगा ही नहीं।

क्या कहते हैं जिला शिक्षा अधीक्षक

इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, मामले की विद्यालय में जाकर उच्च स्तरीय जांच कर त्वरित कार्रवाई जल्द ही की जाएगी।

आदिवासी खरवार भंडरिया प्रखंड कमेटी का गठन

देवनरायण सिंह बनाये गये प्रखंड अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। भंडरिया प्रखंड के सरईडीह गांव स्थित प्रस्तावित आदिवासी उच्च विद्यालय के प्रांगण में खरवार लोक सेवक संगठन संघ गढ़वा के नेतृत्व में आदिवासी खरवार समाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही भंडरिया प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीद नीलांबर पीतांबर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में उपस्थित लोक सेवक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने संगठन के उद्देश्य व कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए संघ के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी छात्र-

छात्राओं को मदद करने, अनाथ बच्चियों के संगठन के सहयोग से विवाह कराने, समाज को शिक्षित कर जागरूक करने आदि की जानकारी दी गई। इनके अलावे कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य हिरवन्ती देवी, मुखिया प्रवन्ता देवी, पूर्व केन्द्रीय सचिव बसंत सिह, जिला सचिव चन्द्रदेव सिंह, दुबराज सिंह, चिनिया प्रखंड अध्यक्ष रामवृक्ष सिंह, रंका प्रखंड अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कुवंर सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज सिंह, तेजप्रताप सिंह, गंगा सिंह, मदन सिंह, सुरेश सिंह, कामता प्रसाद सिंह का योगदान रहा। मौके पर खरवार लोक सेवक संगठन विस्तार किया गया। इसमें प्रखंड अध्यक्ष देवनरायण सिंह, उपाध्यक्ष अम्बिका सिंह, कोषाध्यक्ष गोबिंद सिंह व सचिव मनोज सिंह चुने गये। मौके पर जितना सिंह, बासदेव सिंह, मुखिया प्रवणता देवी, जिप सदस्य हिरवन्ति देवी सहित सैकड़ों खरवार समाज के लोग उपस्थित थे।

तमाड़ की खबरें

किसान जनाधिकार मंच की बैठक में 15 दिनों में ग्रामसभा कमेटी बनाने का लिया गया निर्णय

तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उलीलोहर पंचायत अंतर्गत लुपुंगडीह गांव में किसान जनाधिकार मंच का पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसकी अध्यक्षता करम चंद्र महतो ने की। जिसमें मंच के केंद्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद साहू, मंगलदीप स्वांसी, दुबराज सिंह भी उपस्थित थे। सम्मेलन में पंचायत के विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही पंचायत संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक गांव में 15 दिनों के अंदर ग्राम कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही ज्वलंत मुद्दों को एकत्रित कर संबंधित पदाधिकारियों से बात कर उसका निराकरण करने का आग्रह किये जाने का निर्णय लिया गया। मथुरा प्रसाद ने कहा किसान जनाधिकार मंच कोई राजनीतिक दल नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक संगठन है। जो गरीब, किसान-मजदूर व दबे-कुचले लोगों की आवाज बनकर जन आन्दोलन करता है। इस मौके पर सदानंद अहीर, गिरीश चंद्र महतो, जदुनाथ अहीर, शशि भूषण प्रमाणिक, कमल अहीर, राजकिशोर अहीर, बलदेव स्वांसी, राधाकृष्ण यादव, ऋषि महतो, शिवचरण मुखयार, फलगुणी लोहरा, सुखराम स्वांसी, मनोज कुमार यादव, चंदन कुमार यादव, मनोज कुमार गुप्ता और विष्णु अहीर समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांसद प्रतिनिधि ने किया 25 केवी के ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

तमाड़ (आजाद सिपाही)।झटगांव में 25 केवी का ट्रांसफरमर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा एवं विभागीय सांसद प्रतिनिधि विशाल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। बतातें चलें कि दो माह पूर्व आसमानी बिजली के चलते ट्रांसफरमर जल गया था, जिससे ग्रामीण काफी परेशान थे। इसकी जानकारी होने पर नया ट्रांसफल लगाया गया।

बुंडू में धूमधाम से मनायी गयी कोजागरी लक्खी पूजा

बुंडू (आजाद सिपाही)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को आसपास के क्षेत्रों में कोजागिरी लक्खी पूजा मनाई गई। खासकर बंगाली समुदाय में उत्साह का माहौल देखा गया। बुंडू के मिलन मंदिर सेवा संघ, बजरंग दल एवं श्रीश्री श्यामसुंदर भुदेव समिति में भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। वहीं सभी पूजा पंडालों में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई और प्रसाद वितरण भी किया गया।

मुरी व आसपास के क्षेत्रों में मनायी गयी कोजागरी लक्खी पूजा

मुरी/सिल्ली (आजाद सिपाही)। मुरी व आसपास के इलाकों में रविवार को कोजागरी लक्ष्मी (लक्खी) पूजा धूमधाम से मनायी गई। मुरी-सिल्ली व आसपास के सभी दुर्गापूजा पंडालों में मूर्ति स्थापित की गई है। महिलाएं उपवास कर अपने निकटतम पंडालों में पूजा अर्चना के लिए पहुंची। वहीं, सैकड़ों घरों में मूर्ति स्थापित कर पूजा की जा रही है। लक्ष्मी पूजा के कारण मुरी बाजार में भीड़ देखी गयी। सुबह से ही महिलाएं एवं पुरुष बाजार में फल एवं पूजा की सामग्री लेते हुए दिखाई दिए।

पैगंबर मोहम्मद हजरत साहब का जन्मदिन मनाया गया

बुंडू (आजाद सिपाही)। मुस्लिमों के पैगंबर मोहम्मद हजरत साहब के जन्मदिन पर रविवार को बुंडू में कोर कमेटी की ओर से एदलहातू से मस्जिद मोहल्ला तक जुलूस ए मोहम्मदी निकाली गई। इस अवसर पर अब्बू सईद अंसारी सैयद कमरूज्जमां महमूद आलम मौलाना ताहिद, मोहम्मद बारीक, मो अतुर, मो महबूब, मो जाकिर, मो हकीम शाहबाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

हाथियों से हो रहे नुकसान को लेकर सुदेश महतो ने की वन अधिकारियों संग बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। विधायक सुदेश महतो ने रविवार को रांची स्थित आवास पर वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों द्वारा किए जा रहे नुकसान और ग्रामवासियों के जन-धन एवं फसलों के बचाव को लेकर सभी उपायों और सुझावों पर मंथन किया गया। इस दौरान सुदेश महतो ने कहा कि हाथियों से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना कर पर रहा हैं। क्षेत्र के सैंकड़ों परिवार और किसान इससे परेशान और आतंकित हैं। विधायक ने हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को हाथी भगाने का प्रशिक्षण समय-समय पर दिलाने के लिए अधिकारियों से अपील की। साथ ही हाथियों को भगाने के लिए पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध कराने, मुआवजे की राशि का समय पर भुगतान करने एवं पिछले तीन माह पूर्व सिल्ली वंरक्षी गौतम बोस को रांची स्थित कार्यालय पदस्थापित गया था। उसे वापस सिल्ली में पदस्थापित करने की बात कही। गौरतलब हो कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों हाथी को उत्पात बढ़ता जा रहा है। कई लोगों ने हाथियों के कारण अपनी जान गंवाई है। कई मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए है। हाथी फसल नष्ट कर देते हैं। घरों में रखे अनाज को भी बर्बाद कर दे रहें है। वहीं, बैठक में रांची वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा, सहायक वन संरक्षक गोरखनाथ यादव, रांची पूर्वी परिक्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी राजेश कुमार मौजूद उपस्थित थे।

खलारी-पिपरवार में मनाया गया जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी

पैगंबर हजरत मोहम्मद ने दिया इंसानियत का पैगाम : मुमताज

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार व खलारी में पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिवस पर निकाले गये जुलूस में शामिल अल्पसंख्यक समाज के लोग।

पिपरवार। कोयलांचल क्षेत्र व आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को जश्न-ऐ-ईद मिलाद उन नबी (बारह रबि उल अव्वल) का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बचरा सहित कई ग्रामीण इलाकों में जुलूस ऐ मोहम्मदी निकाला गया। बचरा जामा मस्जिद से सुबह 8 बजे तिंरगा झंडा के साथ जुलूस निकाला गया, जो बचरा कब्रिस्तान पहुंचा जहां फातेहा के बाद जुलूस आगे रवाना हुए। यह विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज आलम ने बताया कि पूरे देश में लोग ईद मिलाद उन नबी को पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के तौर पर मनाते हैं। इस दिन उनकी याद में जुलूस निकालते हैं। रात में अल्लाह की इबादत की जाती है और घर व मस्जिदों में पवित्र कुरान पढ़ी जाती है एवं फातेहा कराया जाता है। उन्होंने कहा कि हजरत पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम देश में इंसानियत और आपसी भाईचारे का संदेश दिया है। वर्तमान में उनके दिखाये मार्ग पर चलने और उनके अधुरे सपनों को साकार करने की जरूरत है। वहीं, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार और सहायक अवर निरीक्षक उपेंद्र नारायण सिंह कु अगुवाई में पुलिस पदाधिकारी जुलूस के साथ क्षेत्र भ्रमण किए। इस मौके पर बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी, सचिव इरफान शेख, अब्दुल कुदुस अंसारी, मोहम्मद ताज, अयूब अंसारी, सैयद अरमान, रिंकु खान, छोटू खान, जसमुदीन अंसारी, जियाउल हक, मुबारक हुसैन, तहुर आलम, रेयासत अंसारी, नसरूदीन मंसूरी, जहांगीर मंसूरी, पिंटू खान, जैनुल आबेदिन, मोहम्मद आदम, दानिश अंसारी, एहसान अंसारी, जावेद अख्तर आदि शामिल थे। दूसरी ओर, पिपरवार क्षेत्र के न्यू मंगरदाहा, कल्याणपूर और राय में भी ईद मिलाद उन नबी के मौके पर जुलूस ऐ मोहम्मदी निकाला गया। इस मौके पर कल्याणपूर में सदर इदरीस अंसारी, नईम अंसारी, अब्दुल अंसारी, लियाकत अंसारी, बशारत अंसारी, शकील अंसारी, अरशद अंसारी, जमीर अंसारी, मोहम्मद जावेद मंसूर आलम आदि मौजूद थे।

वहीं, **खलारी** में भी इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिवस पर रविवार को ईद मिलादुन्नबी का भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें खलारी मस्जिद मोहल्ला, खलारी बाजारटांड़, मायापुर, मुस्तफा नगर, हुटाप, जेहलीटांड़, जी-टाइप, नया बस्ती सहित अन्य स्थानों के मुस्लिम समुदाय के युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने अपने हाथों में इस्लामी झंडा-(पताका) के साथ शामिल हुए। विभिन्न रास्ते से होते हुए टी-टु-टाइप पहुंचे। जहां जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अहमद ने मौके पर उपस्थित सभी को ईद मिलादुन्नबी के बारे में बताया? कहा कि हुजूरे पाक की यौमे पैदाइश का दिन है। आज के दिन पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। जिन्होंने अपनी उम्मत को सही राह पर चलने और सच्चाई ईमानदारी की साथ जिंदगी बसर करने व नेक काम और नेक लोगों के साथ रहने, गरीबों को मदद करने का संदेश दिया। जुलूस मुहम्मदी में जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अहमद, जी टाइप मस्जिद के इमाम मोहम्मद मंसूर, बाजार टांड़ के इमाम हाजी मौलाना बदरुद्दीन हाफिज जमाल उद्दीन के साथ अन्य मस्जिदों के इमाम के आलावा, जामा मस्जिद सेक्रेटरी मो.फैयाजुद्दीन सिद्दीकी, अब्दुल बुखारी, कलीम रिजवी, शमीम अंसारी, खुर्शीद आलम, मो. मुस्ताक, मो. इफ्तेखार खालिद अंसारी, मो. इस्लाम, मो. परवेज, मो. अकबर खान, मो. महफूज, मो. अख्तर आदि शामिल थे।

केंद्रीय विद्यालय नेशनल स्पोर्ट्स मीट में खूंटी के आठ युवा तीरंदाज लेंगे भाग

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। नई दिल्ली और फरिदाबाद में 16 से 21 अक्टूबर तक आयोजित होनेवाली केंद्रीय विद्यालय नेशनल स्पोर्ट्स मीट में खूंटी के आठ युवा तीरंदाज भाग लेंगे, जिसमें पांच लड़कियां शामिल हैं। वीर बिरसा आर्चरी एकेडमी में तीरंदाजी का गुण सीखने वाले सभी खिलाड़ी खूंटी केंद्रीय विद्यालय की छात्र-छात्राएं हैं और पहली बार किसी नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेंगे। टूर्नामेंट में शामिल होने के पूर्व सभी खिलाड़ी बोकारो में सोमवार से आयोजित होनेवाले विशेष कैंप में भाग लेंगे। रविवार को सभी खिलाड़ी पांच दिवसीय शिविर में भाग लेने के लिए बोकारो रवाना हुए। बालक वर्ग के मुकाबले दिल्ली में होंगे, जबकि लड़कियों के मुकाबले फरीदाबाद में होने हैं। केंद्रीय विद्यालय खूंटी के इतिहास में पहली बार तीरंदाजी प्रतियोगिता में यहां के खिलाड़ी भाग लेंगे।

चयनित तीरंदाज

बालिका वर्ग में शिवानी साहू, शिवानी कुमारी, उर्वशी कुमारी, दर्शिका कुमारी और ऐंजल हेरेंज और बालक वर्ग में अंकित कश्यप, श्रीकांत कुमार और रुद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। सीमित संसाधनो के बावजूद इन युवा तीरंदाजों की उपलब्धि पर वीर बिरसा आर्चरी एकेडमी के तीरंदाजों के अलावा एकेडमी के प्रशिक्षक बसंत कुमार, दानिश अंसारी, राहुल कुमार, अशीष कुमार व महिला कोच मोनिका कुमारी ने हर्ष व्यक्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों को वीर बिरसा आर्चरी एकेडमी के अभिभावक व पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण कडिया मुंडा, केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद और भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष और विधायक कोचे मुंडा, जिले के डीसी शशि रंजन, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, शैलेंद्र सिन्हा, इशान जयसवाल, केंद्रीय विद्यालय की प्राध्यापिका रेखा मिंज, खेल शिक्षिका मगन कुजूर सहित जिलावसियों ने तीरंदाजों को शुभकामनाएं दी हैं।

कांग्रेस में बने रहेंगे राजन सिंह राजा

खलारी (आजाद सिपाही)। 25 सितंबर से राजन सिंह राजा के कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर अब विराम लग गया है। वे कांग्रेस में व्ही बने रहेंगें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, सुबोधकांत सहाय व कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने राजन सिंह राजा से बात की व उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं की मागों को समय पर पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रदेश संगठन ने भी माना कि राजन सिंह द्वारा उठाये गये सवाल सही व संगठन के हित में हैं। भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोधकांत ने राजन सिंह को आश्वस्त करते हुए कहा कि पिछले 10 दशकों से उनका परिवार कांग्रेस का सिपाही रहा है। ऐसे में राजन सिंह द्वारा कांग्रेस छोड़ने की सोचना भी गलत है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राजन सिंह को संगठन का एक इमानदारी सिपाही बताया।

आजसू ही एकमात्र संगठन जो बुद्धिजीवियों का करता है सम्मान : हरेलाल महतो

बुद्धिजीवियों को समाज की जिम्मेदारी निभाने की जरूरत : डोमन सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा व अन्य।

सोनाहातू। सीमावर्ती क्षेत्र ईचागढ़ प्रखंड के मिलन चौक प्रिया हॉल में रविवार को आजसू बुद्धिजीवी मंच की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व डीडीसी डोमन सिंह मुंडा भी शामिल हुए। इसके अलावा प्रोफेसर डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो भी शामिल हुए। बैठक में वर्तमान परिप्रेक्ष्य एवं बुद्धिजीवी संगठन के विस्तार के लिए विस्तृत चर्चा की गई। सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे। साथ ही संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति तैयार की गई. इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने कहा कि बुद्धिजीवियों को समाज की जिम्मेदारी उठाने की जरूरत है। निश्चिततौर पर युवाओं को सही मार्गदर्शन, उचित समय पर दिया जाय तो समाज और राज्य की दिशा और दशा में ऐतिहासिक परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षा और आंदोलन का रास्ता बताना बुद्धिजीवी वर्ग की जिम्मेदारी है। वहीं, केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा कि आजसू ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जो बुद्धिजीवियों का सम्मान करता और उनके मार्गदर्शन को लेकर आगे बढ़ रहा है। हरेलाल महतो ने कहा कि आजसू परिवार हर वर्ग को समेटकर रखना अच्छी तरह से जानती हैं। इस मौके पर कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक गुरुचरण महतो को आजसू बुद्धिजीवी मंच का ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। मौके पर मंच के केंद्रीय सचिव लंबोदर महतो, जिलाध्यक्ष योगेंद्र नाथ महतो, आजसू जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुरुपद सोरेन, संगठन सचिव नंदन कुंज पात्र, जिला उपाध्यक्ष जीतू राम महतो, देवराज महतो, बैद्यनाथ महतो, उमाकांत महतो, कमलाकांत महतो, रामचंद्र महतो, गोपेश महतो, चंदन महतो, भगत सिंह मुंडा, गुरुचरण महतो, तुलशी महतो, दिलीप दास आदि थे।

जतरा मेला हमारी परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर है : बिगन

खलारी (आजाद सिपाही)। बड़कीटांड़ में विश्रामपुर बूढ़ी पूर्णिमा जतरा मेला का आयोजन किया गया। सबसे पहले गणेश पाहन एवं दुलार गंझू, बालजीत गंझू द्वारा जतरा खूंटा स्थल पर पूजा कर मुर्गों की बलि दी गई। वहीं जतरा का उद्घाटन रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता एवं जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी सहित आदि ने किया। बिगन सिंह भोगता ने कहा कि जतरा मेला हमारी परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर है। इससे आपसी भाईचारा बढ़ता है। जतरा में इस वर्ष भी नागपुरी ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। लोहरदगा के नागपुरी गायक धनेश द्वारा नागपुरी भक्ति गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही रामगढ़ से आये कलाकार सिकंदर राज, रूबी यश, जसपुर से बसंती देवी, धनबाद से डांसर शिवानी यादव व खलारी से स्थानीय कलाकार आशीष दयावान आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों को गा कर से सबको झुमाया। जतरा में खिलौने, श्रृंगार, पारंपरिक मिठाई, ईख सहित मनोरंजन के लिए कई दुकानें लगीं हुई थी। इस मौके पर मुखिया दीपमाला कुमारी, रतिया गंझू, जालिम सिंह आदि थे।

अनुमंडल स्तरीय ग्राम प्रधान संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा

तमाड़ (आजाद सिपाही)। दिउड़ी स्थित अखाड़ा में रविवार को अनुमंडल स्तरीय ग्राम प्रधान संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान यदुगोपाल सिंह मुण्डा ने की। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला एवं समाज सेवी पूर्ण चंद मुण्डा भी उपस्थित थे। बैठक में ग्रामसभा के सशक्तिकरण के साथ ही 5वीं अनुसूची को पूर्णतः लागू करने, पंचायत के योजना में ग्रामसभा द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र सुनिश्चित करने, ग्राम प्रधानों के मानदेय को नियमित करने के साथ ही 17 अक्टूबर को राज्यपाल से मिलने पर प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान मौके पर बालेश्वर सिंह मुण्डा, दल गोविन्द सिंह मुण्डा, मकर मुण्डा, बीर सिंह मुण्डा, सबरण सिंह मुण्डा, गोपाल सिंह मानकी, ठाकुर मनमोहन सिंह मुण्डा, जानकी देवी, प्रधान पातर, लक्ष्मण सिंह मुण्डा, जगन्नाथ मानकी, रामेश्वर सिंह मानकी, योगेन्द्र सिंह मुण्डा, शिव लोचन सिंह मुण्डा, सुमित्रा देवी, ठाकुर सिंह मुण्डा, राजेन्द्र सिंह मुण्डा, देवी सिंह मुण्डा, राजकिशोर मुण्डा, रतन मुण्डा, सत्यनाश मुण्डा आदि उपस्थित थे।

मुआवजे की मांग को लेकर रांची-पुरुलिया मार्ग को ग्रामीणों ने दो घंटे किया बाधित

सिल्ली (आजाद सिपाही)। जंगली हाथियों द्वारा खेतों को नुकसान पहुंचाए जाने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को रांची पुरुलिया मार्ग के किता के समीप वन विभाग से मुआवजे की मांग करते हुए दो घंटे तक आवागमन बाधित कर दिया। इससे उक्त मार्ग पर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे सिल्ली थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। उनका कहना था कि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है। हमें सालभर किसी तरह का वन विभाग से सुविधा व मुआवजा नहीं दिया गया है। हाथियों को भगाने के लिए टॉर्च और पटाखे आदि समान भी नहीं दिया गया। उधर, सड़क अवरोध की सूचना पाकर वन विभाग के वनरक्षी भी पहुंच गए। उन्होंने कहा कि हम अपने अधिकारी से बात कर टॉर्च बत्ती, पटाखे एवं फसल नुकसान का मुआवदा आदि दिलाने का प्रयास करेंगें। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और अवरोध हटा लिया, जिसके बाद आवागम शुरू हो सका।

ओवरटेक के चक्कर में ट्रक पलटा

डकरा (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र के करंजतोरा बस्ती के निकट रविवार की सुबह 11 बजे अक अन्य वाहन से आगे निकलने की होड़ में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक खलारी से रामगढ़ की ओर जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि खलारी की ओर से तेज गति से आ रहा खाली ट्रक ओवरटेक के चक्कर में पलट गया है। चालक आगे का शीशा तोड़कर बाहर निकल गया। उसे सामान्य चोट लगी है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

बचरा में हुई काली पूजा समिति की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा काली मंदिर प्रांगण में रविवार को काली पूजा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गिरजा प्रसाद और संचालन विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में पिछले साल का आय-व्यय का ब्योरा पेश किया गया। साथ ही इस साल बचरा में काली पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया। साथ ही अगली बैठक में कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर धीरेंद्र शर्मा, प्रमोद प्रसाद, गणेश महतो, कमलेश मेहता, भीम मेहता, छोटू सिंह, गुंजन सिंह, रीना देवी, रविन्द्र सिंह, मालिक सिंह, परमात्मा शर्मा, मनोज सिंह, अरुण सिंह, देवेंद्र सिंह, रवि भारद्वाज, अरुण सिंह, राजेंद्र साव, लक्ष्मण मंडल, पप्पू सोनी, विकाश कुमार और सोनू तिवारी आदि उपस्थित थे।

खलारी में बंगाली समुदाय के लोगों ने की लक्खी पूजा

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी क्षेत्र में रविवार को बंगाली समुदाय के लोगों ने कोजागरी लक्खी पूजा कर मां लक्ष्मी की विषेश पूजा की। शरद पूर्णिमा के दिन होने वाली इस पूजा में विशेष रूप से माता लक्ष्मी की प्रतिमा बनाकर लोग पूजा करते हैं। पूजा को लेकर आचार्य विश्वजीत घोषाल ने बताया कि मां लक्ष्मी को नारियल लड्डू, सिन्नी, गुड़ का लड्डू का भोग लगाया जाता है। कोजागरी लक्खी पूजा नवविवाहितों के जीवन में धन-धान्य और सुख समृद्धि बनी रहे इसके लिए भी की जाती है। उन्होंने बताया कि आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा मनाया जाता है। ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए बंगाली समुदाय के द्वारा मां लक्ष्मी की विशेष पूजा कोजागरी लक्खी पूजा की जाती है। वहीं यह भी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात पृथ्वी पर मां लक्ष्मी विचरण के लिए आती हैं। दुर्गा पूजा के 7 दिन बाद अष्टमंगला के दिन मां लक्ष्मी अपनी मायके आती हैं जैसे कि विवाहित कन्या सात दिनों के बाद वापस मायके आकर रस्मों रिवाज को करती है।

जश्न-ए-मिलादुन्नबी : विभिन्न प्रखंडों में धर्मावलंबियों ने निकाला जुलूस-ए मोहम्मदी

नबी की आमद मरहबा के नारों से गूंजे क्षेत्र

सेंट्रल मोहर्रम मैदान कांके इमामबाड़े पर लोगों के बीच मिठाइयां-सीरनी बांटी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

कांके और रातू में जुलूस-ए मोहम्मदी में शामिल इस्लाम धर्मावलंबी।

बेड़ो और मांडर में जुलूस-ए मोहम्मदी में शामिल इस्लाम धर्मावलंबी।

कांके। पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे पैदाइश (जन्मदिन) के मौके पर मदरसा अजमेरिया बदरूल इस्लाम मिल्लत कॉलोनी कांके से पैगंबर मोहम्मद की शान में हकीकत एहतराम और भाईचारे के साथ जुलूस-ए मोहम्मदी निकाला गया। यह जुलूस मिल्लत कॉलोनी कांके से निकल कर चुड़ी टोला, सीआईपी होते हुए कांके मजार शरीफ, सेंट्रल मोहर्रम मैदान कांके पहुंचा और इमामबाड़े पर फातिहा पढ़ा गया जहां लोगों के बीच मिठाइयां और सीरनी बांटी गई। वहीं पर उलमा ए एकराम द्वारा तकरीर की गई और पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवनी और उनकी राह में चलने का संदेश दिया गया। जुलूस वहां से निकलकर कांके चौक होते हुए बाजार ताड़ चूड़ी टोला होते हुए वापस मिल्लत कॉलोनी पहुंच कर सलातो सलाम पेश किया गया और जुलूस की समाप्ति की गई। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सरफराज खान, सचिव मो. फुरकान, कारी हाशिम कमाल, मौलाना सैयद नौशाद, डा. मनौवर सिद्दीकी, हाजी अब्दुल रहमान, अब्दुल निजाम, हाफिज अब्दुल वहाब, मो शहजाद, अनीस अहमद, सकील आजाद, अली इमाम, आमिर सोहेल, मिजान अहमद, मो. जावेद, शोएब अख्तर, तारीक खान, राजा आलम, जीशान अहमद, अफरोज खान, एहसान खान, मो. रिक्की, मो फारूक, मो नूरेन, मो शम्मी, मो इम्तियाज, हामिद हुसैन, फहीम हुसैन, मो तौसीफ, रमीज राजा, सिकन्दर रजा, मो नसीम, अब्दुल अमान, आफताब आलम, मो उजैर, फैज अहमद, सहित कई अकीदतमंद उपस्थित थे।

रातू। रातू प्रखंड क्षेत्र के प्रायः सभी मुस्लिम बहुल गांवों, अलकमर कॉलोनी, पिर्रा, फुटकलटोली, भोंडा, बिजोलिया, सिमलिया, काठीटांड़ आदि के हजारों मुस्लिम भाइयों ने हाजी चौक, सिमलिया से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। जुलूस का नेतृत्व प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर कमरूल हक, झामुमो अध्यक्ष बेलाल अंसारी, प्रवक्ता असलम अंसारी, अत्ताउल्लाह अंसारी, सैयद फिरोज, पूर्व उप प्रमुख महमूद अंसारी, आजाद अंसारी, शमीम मंसूरी आदि कर रहे थे। जुलूस काठीटांड़ चौक आकर पुनः वापस फुटकल टोली जनाजागाह में पहुंच कर जलसे में तब्दील हो गया। जिसे आलिम डा. दिलदार, हुसैन अंसारी, गुलाम साबिर, हाफिज सरवर, मौलाना सज्जाद आदि ने तकरीर पेश की। थाना प्रभारी आभाष कुमार ने मौके पर सभी को मुबारकबाद देते हुए अमन की दुआ मांगी। मौके पर बच्चों ने नात और गजल पेश कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। इस दौरान क्षेत्र में खासकर जुलूस में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे।

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के कादोजोरा, चनकोपी, नरकोपी, मसियातु, बोबरो, चपाडीह, सेरो, बिल्टी, कमल टोली सहित कई गांवों में रविवार को पैगंबर मुहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाया गया। वहीं झांकियां निकाली गयीं व जश्न मनाया गया। मौके पर मोहसिन राजा, अकिब मिरदाहा, सोनू मिरदाहा, कोरेस मिरदाहा, शेख इमाम व गुलाम शाबिर मौजूद थे।

मांडर। मांडर प्रखंड क्षेत्र के गोरे गांव से रविवार को इस्लाम धर्म के संस्थापक व आखरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश की खुशी में निकाले गए जुलूस में गांव-मोहल्ले के भारी संख्या में युवा, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए। अकीदतमंद रसूल की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा, रसूल ए खुदा की शान अल्लाह-अल्लाह आदि नारे बुलंद किये गये। जुलूस का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुखिया अयूब खान ने बताया कि जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए सुबह 10:30 बजे गोरे गांव से कनभिठा गांव के चौक तक पहुंचा। वहां से मुड़मा रोड होते हुए कंदरी चौक, मांडर बाजार टांड़, कंजिया, बुढाखुखरा होते हुए 2 बजे तक गोरे गांव के मस्जिद पहुंच गया। जहां उपस्थित मोहम्मदियों ने मोहम्मद साहब के बताये सच्चे मार्ग पर चलने का प्रण लिया। सुरक्षा को लेकर मांडर पुलिस जगह जगह पर मुस्तैद दिखी। जुलूस ए मोहम्मदी जुलूस को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट था, जहां सर्किल इंस्पेक्टर संजीव कुमार के साथ थाना प्रभारी विनय कुमार ने भी कई क्षेत्रों में मोर्चा संभाल रखा था। इस मौके पर पूर्व मुखिया अयूब खान, जहीर खान, समद खान, तबरक खान, माशूक अली, उप प्रमुख अमानत अंसारी, आबिद अंसारी, शमीम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रातू के आठ गांवों का त्रिवार्षिक अंजुमन कमेटी का चुनाव संपन्न

कुद्दूस अंसारी ईदगाह, अनीसुल रहमान मदरसा एवं सुभान राय मुहर्रम कमेटी के सदर बने

उस्मान अंसारी, इम्तियाज अंसारी एवं मकबूल अंसारी चुने गये सेक्रेटरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के अगड़ू, भोंडा, कोटा, तिगरा, बाजपुर, हिसरी, बिजलिया व चापाटोली गांव का त्रिवार्षिक अंजुमन कमेटी का चुनाव रविवार की शाम संपन्न हो गया। अगड़ू के ईदगाह टंगरा स्थित नुरुल उलूम मदरसा में आयोजित त्रिवार्षिक चुनाव अंजुमन कमेटी की देखरेख में ईदगाह कमेटी, मुहर्रम कमेटी व मदरसा कमेटी के सदर, सेकेट्री व खजांची पद का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया। दिन के 8 बजे से 2 बजे तक लगातार 6 घंटे तक बैलेट पेपर के द्वारा कराये गये चुनाव में 8 गांवों के 678 लोग शामिल हुये। नियम के मुताबिक एक घर से एक व्यक्ति को ही वोट में शामिल किया गया। उम्मीदवार में सदर व सेक्रेटरी पद के लिए कुल 14 प्रत्याशी खड़े थे। जिसमें ईदगाह कमेटी के सदर पद के लिए दो उम्मीदवार अगड़ू के कुद्दूस अंसारी व बिजुलिया के अफरोज। मुहर्रम कमेटी के सदर पद के लिये तीन उम्मीदवार सरीफ, सुभान व एनामुल तथा मदरसा कमेटी के सदर पद के लिये तारिक अंसारी व अनीसुर्रहमान खड़े थे। इसके अलावा सेक्रेटरी पद के लिये भी सात उम्मीदवार थे। वोट के उपरांत बैलेट पेपर की गिनती हुई, जिसमें कुद्दूस अंसारी ईदगाह, अनीसुल रहमान मदरसा व सुभान राय मुहर्रम कमेटी के सदर बने तथा उस्मान अंसारी, इम्तियाज अंसारी व मकबूल अंसारी सेक्रेटरी निर्वाचित हुए। मतों के गिनती के बाद नवनिर्वाचित सदर व सेक्रेटरी को कमेटी के लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

शहीद की माता ने किया शहीद राजकुमार महतो पुस्तकालय का उद्घाटन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अमर शहीद लांस नायक राजकुमार महतो की जन्म जयंती के अवसर पर रविवार को उनके पैतृक गांव मासू स्थित शहीद राजकुमार महतो स्मारक भवन में शहीद राजकुमार महतो पुस्तकालय का उदघाटन शहीद की माता देवमनी देवी एवं धर्मपत्नी जयाप्रभा महतो ने किया। मौके पर शहीद की धर्मपत्नी जयाप्रभा महतो ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं और उन छात्र-छात्राओं के लिए यह पुस्तकालय उपयोगी साबित होगी, जो पढ़ लिखकर आगे कुछ करना चाहते हैं। यहां बच्चों और युवकों को विभिन्न प्रकार के ज्ञान उपयोगी पुस्तकें पढ़ने के लिए प्राप्त होंगी। साथ ही प्रतियोगिता की तैयारी करने वालों के लिए भी यहां पुस्तकें उपलब्ध करायी जाएंगी। मौके पर कारीनाथ महतो, विष्णु महतो, जगन्नाथ महतो, पारस महतो, मुल्लू महतो, अर्जुन राम, करण महतो, पंसस मदरा मुण्डा, उपमुखिया दुर्गा महतो, सोनेलाल महतो, विरेन्द्र महतो, विशेश्वर मुण्डा, सकलनाथ महतो, रामेश्वर महतो, हरीलाल महतो, अर्पणा सोलंकी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

आजसू बुद्धिजीवी मंच की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर की गयी चर्चा

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। आजसू बुद्धिजीवी मंच की एक बैठक रविवार को अनगड़ा में जगन्नाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आजसू जिला बुद्धिजीवी मंच के पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवब्रत चैधरी, केन्द्रीय सचिव राजेन्द्र शाही मुण्डा, जिला समिति के उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह भोगता, जलनाथ चैधरी, जिला सचिव राजेश पाहन, सज्जाद आलम आदि उपस्थित हुए। बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मौके पर देवब्रत चैधरी ने कहा कि पार्टी में सभी मंच मोर्चा आदि संगठन की संरचना को मजबूत करने हेतू ग्राम स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक पदाधिकारियों का चयन कर पार्टी के नीति-सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करने का दायित्व सौंपा जाना चाहिए। सज्जाद आलम ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच का विस्तार पुनः सभी प्रखंडों में कर अधिक से अधिक प्रबुद्धजनों को इसमे जोड़ने की आवश्यकता है। बैठक में बुद्धिजीवी मंच के पूर्व प्रखंड सचिव बृजलाल महतो, आतिश महतो, बालेश्वर महतो, बबलु खान, मदरा मुण्डा, जीतराम महतो आदि मौजूद थे।

आजसू पार्टी हेसातु पंचायत की बैठक में जनधन कार्यक्रम पर की गयी चर्चा

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी हेसातु पंचायत की बैठक शनिवार को अजित साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक में संगठन की मजबूती एवं जनधन कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर चर्चा की गई। साथ ही पार्टी की पंचायत स्तरीय बैठक प्रत्येक माह के पांच तारीख को करने का निर्माण लिया गया। बैठक में केन्द्रीय सचिव राजेन्द्र शाही मुण्डा, राजेश पहान, राजकुमार बेदिया, देवदत्त महतो, विरेन्द्र सिंह भोगता, फूलेन्द्र भोगता, मनिनाथ भोगता, सावन बेदिया, सुनील करमाली, गणेश तुरी, विजय रजवार, नसीन अख्तर, बिरसा मुण्डा, मनीचर गंझू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सिकिदिरी डाक शाखा में लगा मेगा शिविर

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। भारतीय डाक विभाग रांची मंडल के द्वारा राष्ट्रीय डाक सप्ताह के रूप में सिकिदिरी डाक शाखा में मेगा शिविर लगाया गया है। शिविर 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्राहकों को विस्तार से बताया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ रवि कुमार रंजन डाक निरीक्षक उत्तरी अनुमंडल रांची ने किया। मौके पर अनिल कु. सिंह, लाल यशवंत नाथ शाहदेव, विपिन चंद्र पाल, राजेश साहू, भुनेश्वर कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

वाइएफसी साल्हन टीम बनी रूदिया देवी फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में एफसी आगरटोली की टीम बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। साल्हन मैदान में आयोजित रूदिया देवी तीन दिवसीय मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब वाइएफसी साल्हन की टीम ने जीत लिया। फाइनल मुकाबले में साल्हन ने एफसी आनंदी की टीम को टाईब्रेकर में 4-3 से पराजित किया। दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें निर्धारित अवधि तक दोनों टीम में से कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। बाद में पेनाल्टी शूट आउट में हराकर साल्हन विजेता बनी। इससे पहले सांसद आदित्य प्रसाद साहू एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बॉल को कीक मारकर फाइनल मैच को शुरू कराया।

वहीं महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में एफसी आगरटोली की टीम ने एफसी टाटीसिलवे की टीम को हराकर विजेता बनी। इससे पूर्व जेयुटी के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रिझू नायक, मनोज कु. चैधरी, कलाकार मजबुल महेशपूरी आदि ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर महिला फुटबॉल मैच का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के दौरान मुख्य आयोजक एवं मुख्य संरक्षक एतवा भगत ने सभी आगंतुक अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जेयुटी के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी ने विजेता एवं उपविजेता पुरूष एवं महिला टीम को नकद व ट्रॉफी देकर पुरस्कार से नवाजा। संचालन डॉ रिझू नायक ने किया। कार्यक्रम प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया कविता देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, रामनाथ महतो, गौरी शंकर मुण्डा, विरेन्द्र भोगता, रामरेखा सिंह, सिकंदर अंसारी, शिबु मुण्डा, बिरजा मुण्डा, सलीम अंसारी, रामपद चैधरी, कृष्णा भगत, रोहित करमाली, शत्रुधन महतो आदि। टुनार्मेंट को सफल बनाने मे आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक एतवा भगत, अध्यक्ष राजू नायक, खेल प्रभारी सूरज करमाली, सचिव सूरज नायक, दुर्योधन नायक, दिपक मुण्डा, कोषाध्यक्ष अमित नायक, शशि महतो, मनक करमाली, अर्जुन मुण्डा, अविनाश, सुरेश, नीरज, रिंकु, मेसी, अविनाश, अनिल, आशिष, अरविंद, ज्योतिष, अतिश, रोहन, विजय, भुषण, इंदर, बोंगों, संजय आदि का अहम योगदान रहा।

नगड़ी में जय गुरुदेव के शिष्यों ने शाकाहार रैली निकाली

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। जय गुरुदेव नाम योग साधना स्थल मेला टिकरा नगड़ी के दर्जनों शिष्यों के द्वारा नगड़ी, देवरी, बांध टोली, नारो सहित कई गांवों में शाकाहार रैली निकाली गयी।

मौके पर जय गुरुदेव के शिष्यों ने लोगों से मांस, मछली त्यागकर शाकाहार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मांसाहार रहने से मानव कई तरह के छोटी-बड़ी बिमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। इसलिए आप मांसाहार को त्यागकर सादा शाकाहार जीवन शैली में रहने का हरसंभव प्रयास कीजिए, जिससे आपका जीवन सफल हो सके। ऊपरवाला ने मानव को शाकाहार बने रहने को भेजा है, पर मानव भौतिकवाद के जाल में फंसकर मांस, मछली के चक्कर में पड़ जाता है। इसे छोड़ें और शाकाहारी बनें। मौके पर धनंजय कुमार, अनुप महतो, आंनद प्रजापति, उमेश साहू, महावीर प्रजापति, प्रेमनंद विश्वकर्मा, धनंजय साहू सहित जय गुरुदेव के दर्जनों शिष्य शामिल थे।

नशा के खिलाफ फैसला : सिरका को नशामुक्त पंचायत बनाने का लिया गया संकल्प

शराबी परिवार के घर बेटी का ब्याह नहीं करने का फैसला

शराब बेचनेवाले और सेवन करने वालों का ग्रामीण सामाजिक बहिष्कार करेंगे : मुखिया रोशनलाल मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। प्रखंड के सिरका पंचायत को नशामुक्त बनाने के लिए रविवार को मुखिया रोशनलाल मुण्डा ने गांव की महिलाओं के साथ एक बैठक की।

बैठक में मुखिया ने उपस्थित सभी ग्रामीण महिला-पुरूष को नशामुक्त गांव बनाने को लेकर संकल्प कराया। मौके पर मुखिया रोशनलाल मुण्डा ने कहा कि शराब के कारण समाज और परिवार तबाह हो जाता है। वहीं नशे की हालत में हत्या, रेप, चोरी, लूट जैसी अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। कहा कि नशा के कारण परिवार उजड़ जाता है। उन्होंने नशा को विकास का सबसे बड़ा बाधक बताते हुए ग्रामीणों को नशामुक्त समाज निर्माण का शपथ दिलाते हुए कहा कि आज यहां सभी प्रतिज्ञा लें कि ना कोई शराब का सेवन करेगा और ना हीं कोई शराब बनाएगा। कहा कि शराब बेचने वाले और सेवन करने वालों का ग्रामीण सामाजिक बहिष्कार करेंगे। बैठक मे उपस्थित महिलाओं ने कहा कि पुरूषों के अलावे महिलाएं भी शराब का सेवन करती हैं जो अत्यंत शर्मनाक है।

मौके पर सभी ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त कर एक स्वस्थ और सुंदर समाज की रचना मे अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लेते हुए कहा कि आज से हमलोग शराब नहीं बनाएंगे और ना पीयेंगे। जिस घर में शराब बनता है या फिर शराब का सेवन करते हैं उस परिवार मे अपनी बेटी का विवाह भी नहीं करेंगे।

बैठक में ग्राम प्रधान बाबूलाल मुण्डा, दुर्गा महतो, सेवालाल महतो, झल्लु मुण्डा, श्याम महतो, विनोद महतो, रामजीत नायक, अजय नायक, झमय नायक, रीता देवी, सीता देवी, सरस्वती देवी, वीरो देवी, मनक महतो, जलेश महतो, पारसनाथ महतो, अजीत महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बेड़ो में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया

बेड़ो (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में महादानी मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। शरद पूर्णिमा महोत्सव के मौके पर संघ के सदस्यों ने बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मनोहर कुमार व डा. रमेश प्रसाद गुप्ता ने बौद्धिक ज्ञान के माध्यम से हिंदू धर्म और संस्कृति की व्याख्या की। वहीं उन्होंने कहा कि भारत संतों की भूमि है। सनातन धर्म में भारतीय संस्कृति और परंपरा को प्राचीन काल से ही मानते आ रहे हैं। भारत पूरे विश्व का गुरु रहा है। हमें उसी आदर्श को स्थापित करना है और गुरु और शिष्य की परंपरा को आगे लेकर चलना है। इस दौरान आरएसएस के सदस्यों द्वारा खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर गोप, मुकेश कुमार राय, पुजारी अशोक पंडा, सुरेंद्र सिंह, मुकेश गोप समेत कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

पिठोरिया दुर्गा मंदिर की नयी समिति के पदाधिकारियों का चयन

पिठोरिया (आजाद सिपाही)। रविवार को बालू गांव स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति की आवश्यक बैठक रामचंद्र महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर की नयी समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित समिति में अध्यक्ष शंभू शंकर सिंह, सचिव संतोष राम, कोषाध्यक्ष नरेश गोप, उप कोषाध्यक्ष बबलू राम के अलावे रवि महतो, अजय महतो वीरेंद्र महतो, रोहित महतो, सुनील महतो, गोपाल महतो, मनोज महतो, अमित यादव, सूरज यादव, रामजन्म यादव, राहुल यादव, शिवलाल बेदिया, संदीप बेदिया और अर्जुन यादव को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। नवनिर्वाचित समिति की अगली बैठक में मंदिर के बेहतर संचालन के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

तीन अक्टूबर से लापता रामजतन वर्मन का शव पिस्का रेलवे क्रॉसिंग के समीप गड्ढे में मिला

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का रेलवे क्रासिंग के समीप से पिछले तीन अक्टूबर से लापता रामजतन वर्मन का शव आज रेलवे क्रांसिंग के समीप ही गढ्ढा में पड़ा मिला। जिसकी सूचना पर नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो सदल पहुंचे व इसकी सूचना परिजनों को दी। इसके पश्चात परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पहचानते ही रोने लगे। जानकारी के अनुसार दो अक्टूबर को रामजतन वर्मन अपने रिश्तेदार के साथ रांची की ओर जा रहे थे कि अचानक पिस्का रेल फाटक के समीप स्कूटी से उतर कर गायब हो गये। नगड़ी पुलिस सहित उनके परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर नहीं मिले। इधर रविवार की दोपहर में रेलवे फाटक जाम हो जाने पर यात्रियों को दुर्गंध आने लगी तो एक यात्री की नजर पास के गढ्ढे में एक शव पर पड़ी। तब उसने तुरंत इसकी सूचना नगड़ी पुलिस को दी।

आजसू कांके प्रखंड महिला कमेटी का गठन

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी कांके प्रखंड समिति महिला सम्मेलन का आयोजन रविवार को रिंग रोड गांगी मोड़ स्थित शत्रुधन महतो के मकान बालक मार्केट कांके प्रखंड अध्यक्ष अमन शाहदेव की अध्यक्षता में हुआ। संचालन कांके प्रखंड सचिव सुरेन्द्र महतो ने किया। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र की उपस्थिति में सर्वसम्मति से महिला प्रखंड अध्यक्ष बबली कुमारी, प्रखंड सचिव संगीता देवी एवं रूपाश्री गाड़ी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रतिमा देवी, संगठन सचिव मालती देवी, कोषाध्यक्ष उषा देवी, उपाध्यक्ष मीना देवी सुमन सुरीन, सुनिता देवी, सीमा देवी, प्रीति को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य मोजिबुल रहमान, बिरेन्दर तिवारी, आनंद महतो, पारसनाथ महतो, शत्रुधन महतो, एतवा उरांव, रूपलाल महतो, सूरज मिश्रा, बबलू खान, राजू नायक, मनोज महतो, बलराम महतो, सनोज महतो, दिनेश महतो, तैयब असांरी, दिनेश महतो, बलकुवर महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पैगंबर हजरत मोहम्मद व महर्षि बाल्मीकि के जन्मदिन पर पर्यावरणविद ने लगाया पौधा

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जिले के पोखराहा खुर्द अंवेदकर चौक परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत 11,11 महोगिनी के पौधे लगाकर विश्व के दो महान विभूतियों का जन्मदिन मनाया। उन्होंने इस मौके पर पौधरोपण के उपरांत देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने की अपील की। पर्यावरणविद श्री कौशल ने पौधा लगाते हुए कहा कि समाज में गुरु, संत, सरोवर, व तरुवर दूसरों के परोपकार के लिए होते हैं। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि सामाजिक प्रदूषण दूर करने के लिए महर्षि बाल्मीकि जी ने राम कथा लिखकर लोगों को शिक्षा दी थी कि अहंकार करने वाला रावण का सर्वनाश हो गया जबकि राम की शालीनता ने उन्हें भगवान बना दिया। उन्होंने समाज में लोगों से नेक कार्य कर राम बनने के लिए प्रेरित किया था रावण नहीं। उधर सऊदिया के सुनसान लाल रेगिस्तान में जन्मे इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल ने एक कबीले के ऊंट दूसरे के चाराहगाह में चल जाने के छोटी सी गलती के कारण दोनों पक्षों के लोग 40 वर्षों तक लड़ाइयां लड़ते रहे। जिसमें लगभग 17 लोग मारे गए। मानव जाति का अस्तित्व समाप्त की कगार पर पहुंच गया था। जिसे पैगंबर साहब ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर लड़ाई खत्म कराते हुए उस युद्ध के मैदान में निमाज पढ़ाया था। तब उन्होंने समाज में फैले अहंकार को समाप्त कराया था। आज उनके तीनों महाद्वीपों में इस्लाम धर्म के लोग उन्हें खुदा मानते हैं। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति की रक्षा के लिए उन्हें पौधा लगाकर उसे बच्चे की तरह हिफाजत करने की जरूरत है। क्योंकि खुदा का बनाया कुदरत का रंग हरा है। इसकी हिफाजत भी करना सबका दायित्व है।इतिहास गवाह है कि मक्का मदीने का रोजा का गुम्बद 14 सौ वर्षो से भी अधिक दिनों से हरा है । जिसके रंग में कोई बदलाव आज तक नही हुआ है। उसीतरह इस्लामी झंडा और इस्लामी पगड़ी का रंग भी हरा है। प्रकृति के अनुरूप ही उनके टोपी और जैकेट हरे रंग का ही है।पर्यावरणविद का मानना है कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरा रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इसलिए जन्नत के दरवाजा तक पहुंचने के लिए उन्हें पर्यावरण प्रेमी होना जरूरी है। साथ में जमीर अंसारी, संतोष प्रजापति,मालदेव चंद्रवंशी भी मौजूद थे।

सतबरवा में ट्रक और बोलेरो की टक्कर में 2 बच्चियों की मौत, 4 गंभीर रूप से जख्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

सतबरवा । जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के शाहगंज रजडेरवा मोड़ पर शनिवार की रात्रि में दो वाहनों में आमने-सामने हुई टक्कर में बोलेरो पर सवार दो बच्चियों की मौत हो गई है, जबकि बोलोरो चालक समेत चार अन्य बाराती जख्मी है. मेदिनीनगर के एमएमसीएच के चिकित्सकों ने तीन की गंभीर स्थिति को देखते हुए

बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया है. सड़क हादसा के बाद बोलेरो के परखच्चे उड़ गए हैं. वहीं ट्रक भी क्षतिग्रस्त है. हादसे के बाद ग्रामीण दुर्घटना स्थल की और दौड़ पड़े तथा सभी घायलों को बोलोरो वाहन से बाहर निकालकर उन्हें इलाज के लिए 108 वाहन से मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच भेजा. सतबरवा थाना क्षेत्र के रजडेरवा गांव के समीप एनएच 75 की दुर्घटना में बोलेरो सवार नीलमा मिंज और रिया लकड़ा नामक दो बच्चियों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी, जबकि बोलेरो पर सवार युवतियां के साथ चालक भी गंभीर रूप से घायल है. परिजनों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के डगरा गांव से छेका समारोह में शामिल होकर एक बस और बोलेरो वाहन पर सवार होकर सभी बाराती लोहरदगा लौट रहे थे. चालक के अलावे बोलेरो में कुल 6 लड़कियां सवार थी. जिसमें दो बच्चियों की मौके पर मौत हो गई. जबकि अन्य चार गंभीर रूप से घायलों में सीमा खाखा, अनमोल खाखा, अरुणा लिंडा, रिचा की गंभीर हालत को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया है. ट्रक चालक की लापरवाही के चलते दुर्घटना हुई. मृतकों में एक चचेरी बहन तथा एक भतीजी शामिल हैं. सभी बाराती झारखंड के लोहरदगा जिले के हैं.

रेहला में धूमधाम से मनाया गया मोहम्मद साहब का जन्मदिन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रेहला में जस्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रेहला मदरसा से डंडिला कला, बीमोड़ से शुक्रबाजार,टिकरी पर से होते हुए मदरसा में आकर समापन जुलूस का समापन हुआ। मुफ्ती महफूज साहब ने बताया कि हजतर मोहम्मद साहब का जन्मदिन पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद साहब पूरे विश्व में सबको अमन चैन से रहने की नसीहत दी थी।

इस मौके पर फिरोज खान, अस्मुद्दीन अंसारी, यावर अली, नजमुद्दीन नूरी, अमीन अंसारी, डां वकील अंसारी, मंजूर आलम, अजमेर अंसारी, अस्जद रजा,अली रजा, फिरदौस अंसारी, सोनू आलम, इजहार अंसारी, असगर अंसारी, मिस्टर अंसारी, मुजाहिद हुसैन, वारिस रजा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-मिलादुन नबी

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। छतरपुर शहर समेत पूरे गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-मिलादुन नबी। जुलुस में करिमाटी, खाटीन, मसिहनी, मंदेया, मुनकेरी, रामगढ़, खेन्धरा जुलुस लेकर छतरपुर शहर में पहुचे जुलूस बीएसएनएल टावर से जपला मोड़,सरैडीह मोड़ होते हुए ब्लॉक होकर जुलुस समाप्त हो गया। पूरा छतरपुर पति-पति फूल-फूल या रसूल-या-रसूल ...के नारों से गूंजता रहा। जुलुस समाप्ति पर जनाब सलाउद्दीन साहब के घर के पास मिलादुन-नबी का आयोजन किया गया। मिलादुन -नबी कार्यक्रम का आगाज हाफिज इरफान अंसारी ने कलामे-पाक का तिलावत से शुरू किया। हाजी हाफिज मुनीर हुसैन ने कहा कि ईद-मिलादुन -नबी हुजूर सल्लाहो अलैहे वस्ल के जन्म दिन मनाते है इस दिन सभी लोग उनके जन्म दिन के मौके पर जुलुस निकाला जाता है। मिलाद का कार्यक्रम किया जाता है। मौलाना मुबारक हुसैन ने कहा कि जब हुजूर तसरीफ लाये तो दुनिया में खुशियां,हरियाली आ गई हुजूर सभी के लिए रहमत बनकर आये सभी को अमन का

पैगाम दिया सभी को साथ लेकर चलते थे सभी से मोहब्बत से मिलते थे। हाफिज असलम हुसैन ने कहा कि हमारे नबी नफरत करने वालो को भी गले लगाकर खुशियाँ दिया। कई शायर और मौलाना ने हुजूर के शान में उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम सरताज खा के सरपरस्ती में किया गया। इसे सफल बनाने के लिए आसिफ इकबाल,नौखेज सरताज,वारिस हुसैन,शादाब हुसैन,गुड्डू अंसारी, शमशा द खा कैश अख्तर, बदरूदीन ने मुख्य भूमिका निभाया जुलुस में सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में छतरपुर के साथ पूरे मूलक में अमन-चयन भाईचारगी, खुशहाली, देश के तरक्की के लिए दुवाएं की गई।

शव को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने क्रशर प्लांट में दिया धरना

हरिहरगंज/पीपरा (आजाद सिपाही)। पीपरा थाना क्षेत्र के बरदाग माइंस में शनिवार की देर शाम पत्थर गिरने से एक युवक की मौत के बाद सैकड़ो ग्रामीणों ने रविवार को शव को लेकर प्लांट परिसर में ही धरने पर बैठ गएं। ग्रामीणों ने पच्चास लाख रुपये व मृतक की पत्नी को नौकरी की मांग माइंस संचालक से की है।जबकि उक्त क्रेशर प्लांट के सभी कर्मी घटना के दिन से ही फरार हैं।वहीं घटना के दिन से ही आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवा परिचालन पर पूर्णतः रोक लगा दी है। बाद में संचालक से ग्रामीणों ने पच्चीस लाख रुपये और मृतक के पत्नी की नौकरी की मांग की और नहीं दिए जाने पर सदा के लिए माइंस बंद करने की मांग की है।देर शाम तक हो हंगामे के बाद पीपरा प्रमुख विक्रम यादव ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को अंतिम संस्कार करने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि गरीबों की

गोसाइंडीह के ग्रामीणों में दहशत

ग्रामीणों ने बताया कि बरदाग स्टोन माइंस से भुइंया टोली गोसाइंडीह काफी नजदीक है।जिसके कारण आये दिन घटना दुर्घटना होती रहती है। ब्लास्ट के दौरान छतों पर पत्थर गिरना ग्रामीणों के लिए आम बात सी हो गई है।ग्रामीणों ने बताया कि हंगामा करने पर चार दस लोगो का नाम लिख कर पुलिस को दे दिया जाता है और पुलिस द्वारा डरा धमकाकर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। यहाँ के ग्रामीण दसहत के माहौल में जी रहें हैं।वहीं पुलिस प्रसाशन के संरक्षण से माइंस संचालक का मनोबल बढ़ गया है और नियमो को ताक पर रख कर बिना सुरक्षा के काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को भी सुरक्षा को नजर अंदाज कर मृतक प्रहलाद उर्फ गुड्डू भुइंया पर साइड इंचार्ज तकदीर सिंह ने दबाव बनाया और पत्थर ब्लास्ट के लिए होल करने के लिए कहा,उस वक्त पोप्लेन के द्वारा मिट्टी और पत्थर हटाने का काम चल रहा था और उपर से उसके उपर अचानक बड़ा सा पत्थर गिर गया और उसकी मौत हो गया और साथ में काम कर रहे पिंटु कुमार घायल हो गया। बरदाग माइंस में किसी भी मजदूरों की सुरक्षा नहीं दी जाती है।

यह लडाई जारी रहेगा, हमें अभी पड़े शव को दाह संस्कार करने की जरुरत है। वहीं न्यूज लिखे जाने तक शव को नहीं उठाया गया था। मौके पर हरिहरगंज-हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने पहुंचकर पलामू डीसी से दूरभाष पर बात कर मृतक के परिजनों को सरकारी मुआबजे दिलाने की बात कहा।इस दौरान पीपरा प्रमुख विक्रम यादव, जीप सदस्य ददन पासवान, मुखिया राजेश राजवंशी, जनेश्वर राम, जनेश्वर भुइंया, नरेश यादव, अनिल पासवान, सुनील कुमार सिंह, अजय भुइंया, कमलेश भुइंया, अमृत भुइंया, गणेश भुइंया, दिलीप भुइंया, रामशीष राम, सिकेंद्र राम, बिरबल भुइंया, टोनियां देवी, गुड़िया देवी, कलौती देवी दुलारी देवी, प्रतिमा देवी, पानपति देवी, मीणा देवी, प्रियंका देवी, उर्मिला देवी, अनिता देवी सहिंत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सतबरवा में निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर सतबरवा, करमा ताबर समेत कई गांव में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। इस दौरान गाड़ी पर डीजे बांधकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर का नारा लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। जुलूस में बच्चे बूढ़े नौजवान और मदरसा के बच्चे भी शामिल थे। वही कर्मा निवासी समाजसेवी जुम्मन मियां ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन को हम लोग ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक यह त्यौहार तीसरे महीने रबी उल अव्वल के 12 वें दिन मनाया जाता है। साथ ही इस दिन मस्जिदों को सजाया जाता है और कुरान पढ़ा जाता है। मौके पर सदर गुलाम मोहिउद्दीन इमाम खान वकील अहमद शमशाद अंसारी तहसीन रजा समिति के लोग मौजूद थे।

धूमधाम से मना हुसैनाबाद में ईद मिलादुन्नबी, निकला जुलूस

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। ईदमिलादुन्नबी के मौके पर हुसैनाबाद में पैगम्बर हजरत मोहम्मद का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मदरसों के बच्चों के द्वारा जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम अकीदतमंद सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मुख्य आयोजन जपला खैरूरल इस्लाम मदरसा परिसर में किया गया। इसके बाद मदरसा परिसर से जुलूस निकाला गया जो शहर के गांधी चौक, रविदास मुहल्ला, मोकबरा मोड़, मधुशाला मोड़, पटेल चौक, जयप्रकाश चौक, अंबेडकर चौक होते हुए पुनः मदरसा परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ।जुलूस में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।लोगों के हाथ मे इश्लामी परचम के अलावा देश का शान तिरंगा लहराया गया।जुलूस मे हुजूर की आमद मरहबा ,सरकार की आमद मरहबा समेत पैगम्बर मोहम्मद की नारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा।स्थानीय बच्चा कमिटी के द्वारा केक व बिस्किट पानी की व्यवस्था की गयी थी। साथ ही शहर के कई प्रबुद्ध लोगों के द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर चाय पानी की व्यवस्था की गयी। इस मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ,एसडीओ कमलेश्वर नारायण, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश,नगर उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज आलम,जाकिर अली उर्फ राज अली,अजय भारती,समाजसेवी मुन्ना कुमार देव,वार्ड पार्षद संघ के अध्यक्ष नजीर अहमद,सुहैल आलम, सहित गणमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर फिरोज अहमद,मो0 अली, जुल्फिकार अली, इमाम अली,इम्तेयाज आलम,इजहार अंसारी,नेहाल असगर,सिबतेंन मिर्जा, सहित अन्य लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।जुलूस के दौरान थाना प्रभारी जगरनाथ धान,एसआई मनोज राम,शैलेंद्र सिंह, चौकीदार मोहम्मद समेत पुलिस बल के जवान शांति व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे ।

समाजसेवी ने किया मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर फल का वितरण

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अमन व शांति के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर समाजसेवी अंशु अग्रवाल व इम्तेयाज आलम की ओर से शहर के कई अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर अमन व शांति का पैगाम देते हुए हजरत मोहम्मद को याद किया गया।इस दौरान समाजसेवी युवाओ ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ,वनांचल हॉस्पिटल, प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल, संजीवनी हॉस्पिटल पहुँचकर मरीजो के बीच सेव, केला,ब्रेड व पानी बोतल का वितरण किया।मौके पर युवा समाजसेवी अंशु अग्रवाल ने कहा कि मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर शांति व भाईचारगी को बढ़ाने की जरूरत है।साथ ही गरीब,बीमार व जरूरतमंद की सेवा करना पैगम्बर मोहम्मद का सबसे बड़ा पैगाम है। मौके पर सिबतेंन मिर्जा,मोहम्मद अली उर्फ डबली, अरमान राइन, टीपू सुल्तान, मोहम्मद असगर खान उर्फ मिथुन,मंगरु राइन समेत कई युवा मौजूद थे।

मोहम्मद साहब का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

मोहम्मदगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हजरत मोहम्मद सल्लालाहू ताला अलैहि वा सल्लम का जन्म रबी उल अव्वल का माह के 12 वे दिन 570 ईस्वी में हुई थी। इनकी यादों में धूमधाम से 12 रबी उल अव्वल का त्यौहार मनाया जाता है। पलामू जिले के मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत के रामबांध पंचायत के दूबा गांव में 12 रबी उल अव्वल का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। मदरसा से दूबा चौक होते हुए ईदगाह मोहल्ला होकर वापस दुबा गांव के मस्जिद के पास पहुंचा। इमाम अनवर अली शाह बताते हैं कि आज ही के दिन हजरत मोहम्मद सल्लालाहू ताला अलैहि वा सल्लम मक्का मदीने में इन की पैदाइश हुई थी। हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशी में पूरे विश्व में 12 रबी उल अव्वल का त्यौहार धूमधाम से एवं जुलूस के साथ मनाया जाता है। अल्लाह ने फरिश्ते जिब्राइल के माध्यम से हजरत मोहम्मद साहब को कुरान की शिक्षा और संदेश दिया था पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब मुसलमानों को कुरान का संदेश देने वाले पहले और आखिरी इंसान थे। इसलिए मुस्लिम समुदाय उन्हें बेहद आदर सम्मान के साथ इस दिन याद करते है। और अपनी-अपनी मान्यता के मुताबिक इस त्यौहार को खुशी खुशी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। जुलूस में उपस्थित मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला परिषद अंजू देवी के पुत्र अश्वनी कुमार सिंह,महताब शाह, मुख्तार अंसारी, मोबिन अंसारी, तजम्मूल खान,सुल्तान अंसारी ,मासूम मंजर,पंचायत समिति पति शादाब खान, अशफाक अंसारी, बाबू खान, भुट्टू खान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

छतरपुर प्रखंड के कांग्रेस कार्यकारिणी का किया गया गठन

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही) । छतरपुर प्रखंड के बाजार परिसर में एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि छतरपूर प्रखंड के कांग्रेस पार्टी का प्रखंड कार्यकारिणी का पुनः विस्तार करना है जिसमें दो मंडल अध्यक्ष का भी चुनाव करना एवं कई पंचायतों के अध्यक्ष को भी चुनना है। जो पश्चिमी से प्रदीप कुमार को मंडल अध्यक्ष चुना एवं शहरी से गणेश सिंह को मंडल अध्यक्ष चुना गया और काशीम अंसारी को नौडीहा पंचायत का अध्यक्ष चुना गया। मुस्ताक अंसारी का मड़वा एवं लगन रजक को बगैया, मोहन सिंह को चिरु का अध्यक्ष चुना गया और छतरपूर नगर पंचायत की महिला अध्यक्ष सुशमा देवी को सर्वसम्मति चुना गया। बैठक में छतरपूर नगर पंचायत अध्यक्ष मुस्ताक आलम, छतरपुर प्रखंड के उपाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, छतरपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष, राजन चंद्रवंशी के साथ सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

जमीन बंटवारे के विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई को मारी गोली

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा पंचायत अंतर्गत कोलुआ रोड में जमीन के बंटवारा विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई को गोली मार दी। गोली युवक के पैर में लगी है। उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। युवक की स्थिति खतरे से बाहर है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार गोली लगने से जख्मी पूर्वडीहा पंचायत के कोलुआ रोड निवासी विमल दुबे है। विमल दुबे पेशे से ताईद का काम करते हैं। उनके गोतिया परिवार में जमीन बंटवारा विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम बटवारा को लेकर गोतिया परिवार में बातचीत की जा रही थी। इसी क्रम में बात बढ़ गई और विमल दुबे के चचेरे छोटे भाई मनोज दुबे ने पिस्टल निकालकर पहले हवाई फायरिंग की। उसके बाद एक गोली विमल दुबे के पैर में मार दी। गोली लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में विमल दुबे को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। उनका इलाज किया जा रहा है। जख्मी हालत में विमल दुबे ने बताया कि जमीन बंटवारा का विवाद पहले से चला रहा है इधर कुछ दिनों से पैसों के लेनदेन का मामला बना हुआ था इसे लेकर अचानक गाली गलौज करते हुए मनोज दुबे ने उसे गोली मार दी। चैनपुर के थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में छानबीन तेज कर दी गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

स्पोर्ट्स

आडवाणी का आखिरी विश्व खिताब 12 महीने पहले कतर में आया था

पंकज आडवाणी ने रचा इतिहास, कुआलालंपुर में जीता अपना 25वां विश्व खिताब

▸▸जीत के बाद आडवाणी ने कहा, "लगातार पांच बार विश्व खिताब की रक्षा करना एक सपना है

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के अग्रणी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने विश्व चैंपियनशिप के 150 अप बिलियड्र्स फाइनल में हमवतन सौरव कोठारी को 4-0 से हराकर अपना 25वां विश्व खिताब जीता। आडवाणी ने बहुत पहले ही अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे। उन्होंने 149 ब्रेक के साथ पहला फ्रेम हासिल किया, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी, ने एक भी अंक हासिल नहीं किया था। कोठारी द्वारा सीमित अवसरों को भुनाने में विफल रहने के बाद दूसरा फ्रेम आडवाणी के पक्ष में चला गया। 77 के ब्रेक की मदद से आडवाणी 2-0 की बढ़त ले ली। आडवाणी ने तीसरे फ्रेम में 153 का सर्वोच्च ब्रेक बनाते हुए 3-0 की बढ़त ले ली। चौथे फ्रेम में, आडवाणी ने 86 और 60 के ब्रेक के साथ 4-0 से खिताब अपने नाम कर

लिया। कोठारी के फाइनल में कुल 72 अंक थे, जबकि आडवाणी ने लगातार पांचवें वर्ष अपने खिताब की रक्षा के लिए 600 से अधिक अंक अर्जित किए। महामारी के कारण, यह आयोजन आखिरी बार 2019 में हुआ था और तीन साल के अंतराल के बाद फिर से आयोजित किया गया। इस जीत के साथ ही आडवाणी ने एक ही कैलेंडर वर्ष में रिकॉर्ड पांचवीं बार बिलियड्र्स नेशनल-एशियन-वर्ल्ड गोल्डन टारगेट पूरा किया। जीत के बाद आडवाणी ने कहा, "लगातार पांच बार विश्व खिताब की रक्षा करना एक सपना है। इस साल मैंने जिस तरह से हर बिलियड्र्स इवेंट में हिस्सा लिया और जीता, उससे मैं वास्तव में खुश हूं। अपने देश में विश्व स्तर पर एक और स्वर्ण पदक लाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।" आडवाणी का आखिरी विश्व खिताब 12 महीने पहले कतर में आया था, जहां उन्होंने आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर विश्व कप जीता था।

जदयू जिला कार्यसमिति की बैठक में रांची में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय

धनबाद (आजाद सिपाही)। जनता दल (यू) जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को धनबाद परिसदन में हुई। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं प्रमुख पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर को रांची में जनता दल यू का प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संसदीय दल के नेता ललन सिंह शामिल होंगें। इसमें झारखंड के संगठन प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार एवं जदयू के सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो भी उपस्थित रहेंगे। सभी प्रखंड से कार्यकर्ता रांची के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बताया कि धनबाद से 1200 सक्रिय कार्यकर्ता रांची के कार्यक्रम में जाएंगे। जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस दौरान मौके पर प्रदेश के वरीय उपाध्यक्ष गुलाब महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, सुशील सिंह, दीप नारायण सिंह, उचित महतो, मो तनवीर अहमद, केबी सहाय, डॉ आरके गोस्वामी, भगवान दास शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष अनीता देवी, सुभाष राय, पुष्पा पांडेय, रीता रानी मंडल, विजय सिंह कुशवाहा, मुन्ना कुमार सिन्हा, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, अशोक सिंह, शंकर चौरसिया, कपिलदेव यादव, सकलदेव राय, अरुण प्रसाद, मोहम्मद इकबाल आदि मौजूद थे।

विधायक ने किया कपसा स्थान में यात्री शेड का शिलान्यास

ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रहे विकासमूलक कार्य:डॉ लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। प्रखंड के चुटे पंचायत अंतर्गत वनडीहा स्थित धार्मिक स्थल कपसा स्थान में गोमिया विधायक विधायक डॉ लंबोदर महतो और प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े ने संयुक्त रूप से यात्री शेड का शिलान्यास किया। उक्त सेड विधायक मद से मनाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कई कार्य किये जा रहे हैं। जिसमें ग्रामीण सड़क, सिंचाई, पानी, बिजली और शिक्षा आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के संपर्क पथों को मेन सड़क से जोड़ा जा रहा है। वहीं जर्जर पथों को दुरुस्त किया जाएगा। जिससे ग्रामीण अपनी कृषि की उपज के सामानों को शहरी बाजारों में जाकर बेच सकेंगे और रोजगार से जुड़ सकेंगे। इसी प्रकार खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और घर-घर स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाएगा। कहा कि कपसा स्थान एक धार्मिक स्थल है। यहां शेड बनने से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। विकास कार्यों में सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए और सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। इस मौके पर पूर्व प्रमुख गुलाबचंद्र हांसदा, पूर्व पंसस राजू महतो, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, जगदीश महतो और किशोर वर्मन आदि उपस्थित थे।

यात्री सेड का शिलान्यास करते विधायक डॉ लंबोदर महतो, प्रखंड प्रमुख व अन्य।

रसोइयों का मानदेय बढ़ाये व सेवानिवृत्त होने पर पेंशन देने की व्यवस्था करे सरकार : सारो

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के रसोइया एवं संयोजिका की बैठक झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया/संयोजिका अध्यक्ष संघ के बैनर तले रविवार को होसिर मध्य विद्यालय मैदान में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सारो मंडल ने किया। बैठक में 15 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई। साथ ही गोमिया प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन एवं विस्तारीकरण पर बल दिया गया। सारो मंडल ने कहा कि देश के नौनिहालों को हर दिन भोजन परोसने का काम विद्यालय की रसोईया एवं संयोजिका करती है। पर राज्य सरकार रसोइयों की उपेक्षा कर रही है। विद्यालय खुलने से बंद होने तक लगभग सात घंटे विद्यालय अवधि में काम करने वाली रसोइया/संयोजिका को न्यूनतम मजदूरी से भी कम भुगतान किया जाता है। इसके बावजूद हम सब ईमानदारी से अपने कार्यो का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार रसोइया/संयोजिका के मानदेय में बढ़ोतरी करने के साथ ही सेवानिवृत्त होने पर पेंशन देना भी सुनिश्चित करें। अन्यथा आने वाले दिनों में आंदोलन करने को विवश होंगीं। सारो ने प्रखंड के सभी रसोइया/संयोजिका को आह्वान किया कि नवंबर महीने के दूसरे रविवार को होसिर मध्य विद्यालय मैदान में होने वाली बैठक में सभी एकजुटता का परिचय देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करें। कहा कि जो सदस्य बैठक में शामिल नहीं होंगे, उनके खिलाफ कार्यवाई की जाएगी। इस मौके पर रेखा देवी, मीना देवी, कलावती देवी, रुक्मणी देवी, राधा देवी, सोनिया देवी, सोमरी देवी, चानो देवी, शहनाज खातून, धनवंती देवी, लीला देवी, गीता देवी, करमी देवी, बबिता देवी, तिलेश्वरी देवी, कल्पना देवी आदि मौजूद थीं।

माता-पिता बच्चों की प्राथमिक पाठशाला : डॉ प्रभाकर

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। सेक्टर 12 थानांतर्गत गुमला नगर झुग्गी बस्ती दामोदर नदी के नजदीक रविवार को बाल अधिकार कार्यकर्ता सह मनोवैज्ञानिक डॉ प्रभाकर कुमार की ओर से मास्क वितरण करने के साथ ही बाल अधिकार सरंक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ प्रभाकर कुमार ने बच्चों की परिभाषा देते हुए चारों अधिकारों की विस्तारपूर्वक चर्चा की। बताया कि बच्चों को सुरक्षित व संवर्द्धन में माता पिता अभिभावकों की भूमिका अग्रगण्य है। बच्चों में बाल अपराध, नशे की बढ़ती आदतों, गलत संगी साथी और स्कूलों मे अनुपस्थिति आदि से बचाने की जिम्मेदारी माता-पिता की होती है, जो प्राथमिक पाठशाला की भूमिका निभाते हैं। बाल अधिकारों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित होने में भी माता-पिता की अग्रणी भूमिका की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों के शोषण और उनपर शारीरित-मानसिक अत्याचार की बढ़ती घटनाओं से बचाव के लिए चुप्पी तोड़कर स्थानीय पुलिस या 1098 तक बाल अपराध की अद्यतन जानकारी पहुंचायी जाये। इस मौके पर शक्ति प्रसाद, कृष्णा गहलोत, लक्ष्मी देवी, छगत यादव, रामानंद कुमार, आरती कुमारी, अरुण यादव, महेश यादव, बद्दु लाल यादव, सुनीता देवी, रंजन कुमार, रिंकू कुमारी, रंजीत कुमार, बिमला देवी, सुनैना देवी, मानो देवी, शिला देवी, मंगली देवी आदि उपस्थित थीं।

मास्क वितरण व जागरूकता अभियान चलाते मनोबैज्ञानिक डॉ प्रभाकर कुमार।

बूथ स्तर कर मजबूत होगी कांग्रेस : वैभव

धनबाद (आजाद सिपाही)। बरवाअड्डा स्थित एक रेस्तरां में रविवार को गोविंदपुर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार हाड़ी ने की। बैठक में प्रखंड, मंडल व बूथ कमेटी का गठन समयानुसार करने व भरत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रखंड प्रभारी वैभव सिन्हा व जिला नियुक्त सह प्रभारी पंकज मिश्रा उपस्थित थे। वैभन ने कहा कि गोविंदपुर में बहुत ही कर्मठ प्रखंड अध्यक्ष का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी के नेतृत्व में गोविंदपुर प्रखंड बहुत ही मजबूत एवं सशक्त होगा। मौके पर अनिल साव, अरुण सिंह चौधरी, विश्वनाथ बावरी, तपन मंडल, शकील अख्तर, गंगाधर राय, अजय हाड़ी, रंजीत महतो, गोपाल दास, निरंजन तुरी, रवि चौधरी, मधुसूदन पंडित, टिंकू चौधरी, प्रदीप राय, वीरेंद्र हजरा आदि थे।

दिव्यांग युवक को जंगली बंदर ने काटा

चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड के सुदूरवर्ती बड़की चिदरी पंचायत के ढोढ़ी गांव में इन दिनों एक जंगली बंदर जमकर उत्पात मचा रहा है। बावजूद इशके वन विभाग लोगों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में गोमिया प्रखंड के दिव्यांग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चितांमन कुमार ने बताया कि शनिवार को चतरोचट्टी बाजार जाने के क्रम में ढोढ़ी ग्राम निवासी दिव्यांग युवक कर्मा टुडू को जंगली बंदर ने काट लिया। उसे दुखन महतो नामक चारवाहे ने बचाया। उसका घर पर ही इलाज हो रहा है।

हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी संपन्न, प्रशासन मुश्तैद

हाथों में तिरंगा, जुबां पर जिक्र-ए-मोहम्मद के साथ निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी

आजाद सिपाही टीम

धनबाद/झरिया/महुदा। हाथों में तिरंगा और जुबान पर जिक्र-ए-नबी। बच्चे, बूढ़े और जवान सभी जश्न ईद मिलादुन्नबी के जश्न में सराबोर दिखे। रविवार को पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिवस (ईद मिलादुन्नबी) पर मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों का नजारा आम दिनों से बदला नजर आया। सड़क, मुहल्ले, गली, चौक चौराहों में पर्व को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। कहीं सड़कों पर फुलझड़ियां तो कहीं बड़े-बड़े इस्लामिक झंडे तो कहीं सड़कों किनारे लगे निशान इस पर्व की महत्ता का बखान कर रहे थे। धनबाद शहर के वासेपुर के कबाड़ी पट्टी, रमजान मंजिल, अली नगर, शमशेर नगर, रहमतगंज, गुलजारबाग, करीमगंज, कमर मखदुमी रोड से जुलुस ए मुहम्मदी निकाल कर श्रमिक पहुंचे। यहां बने विशाल मंच से उनका स्वागत किया गया। यहां दो दर्जन अलग-अलग कमेटियों के लोग जुटे थे।

वहीं, धनबाद की तरह झरिया में भी अद्भूत नजारा देखने को मिला। यहां जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, शमसेर नगर, नीचे कुल्हि, हुसैन नगर, शिमलाबहाल, ईस्ट भगतडीह आदि क्षेत्रों से विशाल जुलूस निकाला गया। जो नगर भ्रमण कर अपने-अपने इलाके में लौट गए। वहीं झरिया के जामा मस्जिद से निकली जुलूस लक्ष्मनिया मोड़, कतरास मोड़, चौथाई कुल्हि, थाना मोड़, ऊपर कुल्हि के रास्ते इंदिरा चौक पहुंची, यहां से वापस बालू बंकर मैदान पहुंच उलेमाओं ने तकरीर किया। तकरीर में उलेमाओं ने मुहम्मद साहब के जीवनी पर रोशनी डालते हुए दुनिया में इंसानियत और अमन का पैगाम देने वाले मुहम्मद साहब के बताए मार्गो पर चलने की अपील की। इसके बाद सामूहिक रूप से विश्व में शांति और देश की तरक्की के लिए दुआ की गयी।

जिस रास्ते गुजरा जुलूस, वहां हुआ भव्य स्वागत

कोरोना के चलते रविवार को दो वर्ष बाद निकले जुलूस का लोगों ने दिल खोल कर स्वागत किया। कई समाजसेवी संस्थाओं सहित कई लोगों ने अलग-अलग स्थानों पर अपने-अपने तरीकों से स्वागत किया। कतरास मोड़ से इंदिरा चौक तक हर 10 मीटर की दूरी पर जुलूस का अभिवादन करने के लिए निःशुल्क स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें फल, खीचड़ा, शर्बत, पानी आदि बांटा गया। वहीं, जिले में शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से ईद मिलादुन्नबी का त्योहार संपन्न कराने के लिए शनिवार की रात से ही प्रशासन और पुलिस की टीम सक्रिय हो गई थी। धनबाद और झरिया में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए मुख्य मार्गों पर वनवे की व्यवस्था की गई थी। ट्रैफिक डीएसपी स्थानीय डीएसपी, सीओ से लेकर सड्डी थानों के थानेदार पूरी तरह चौकस रहे। जुलूस के साथ साथ पुलिस के जवान मौजूद रहे।

शिवलीबाड़ी में जश्न-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मुहम्मदी के दौरान सड़कों पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जुलूस का नेतृत्व शिवलीबाड़ी जामा मस्जिद के मौलाना मसूद अख्तर ने किया। हाथों में इस्लामिक परचम लहराते हुए लोगों की जुबान में जिक्र-ए-नबी होता रहा। जुलुस शिवलीबाड़ी से एग्यारकुंड मोड़ तक पहुंचा वहां से वापस मैथन मोड़ होते हुए तालडांगा की ओर बढ़ गया। मौलाना मसूद अख्तर ने बताया कि मुहम्मद साहब ने पूरे दुनिया को अमन और शांति का पैगाम दिया। कहा कि अगर मुहम्मद साहब के बताए रास्ते पर लोग चलना शुरू कर दें तो दुनिया में आज जो अशांति फैली हुई है वह खत्म हो जाये। उधर, **महुदा** में भी पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लाहो अलैहिवसल्लम की यौमे पैदाईश का जश्न ईद मिलादुन्नबी के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई गांवों में जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। वहीं शनिवार की शाम क्षेत्र के तमाम मस्जिदों में विधुत सज्जा कर आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

कोयलांचल धनबाद जिले के विभिन्न जगहों से पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिवस पर रविवार को जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

लोयाबाद, शिवलीबाड़ी और महुदा में ईद मिलादुन्नबी की रही धूम

महुदा-लोयाबाद में जुलूस-ए-मुहम्मदी के दौरान लोयाबाद मोड़ पर 16 गांव के लोग जुटे। सभी के हाथों में इस्लामी ध्वज लेकर जश्न ईद की मुबारकबाद दी रहे थे। उलेमा के नाते पढ़ने पर उम्मते मोहम्मदी झूम रहे थे। जगह जगह मिठाइयां बांटी गई।लोयाबाद 5 नंबर, 6 नंबर, 7 नंबर, 8 नंबर, बांसजोड़ा, निचितपुर, मदनाडीह, कनकनी, लोयाबाद कोकप्लांट,शाह मोहल्ला आदि जगहों के लोग जुलूस में गुम्बदों खिज्रा की नक्काशी लेकर पहुंचे और भ्रमण करते हुए ईदगाह की तरफ कूच कर गए। मुस्लिम कमेटी के सदर इम्तियाज अहमद और महा सचिव असलम मंसूरी आदि जुलूस की निगरानी करते रहे। वहीं, लोयाबाद थाना प्रभारी विकास यादव एवं पुलिस बल भीड़ और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर ततपर दिखी। ईदगाह में सामुहिक रूप से सभी की सलामती और देश मे अमन शांति के लिए दुआ मांगी गई। मौके पर इमाम अब्दुल खालिक कादरी, मौलाना मुबारक हुसैन नईमी, चेंबर के अध्यक्ष राजकुमार महतो, पूजा कमेटी के सचिव बिजेंद्र पासवान, रामेश्वर तुरी आदि थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बस्ताकोला में दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

भगतडीह (आजाद सिपाही)। झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला सोनार बस्ती में शनिवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों मे जमकर मारपीट हो गई। इसमें कृष्णा चौहान और पप्पू राय नामक व्यक्ति घायल हो गए। उनका सिर फट गया है। दोनों पक्षों ने मामले की शिकायत झरिया पुलिस से की है। एक पक्ष के कृष्णा चौहान का आरोप है कि आरोपित उसके घर के पास जमावड़ा कर महिलाओं पर फब्तियां कसते है। उनके बेटे राहुल ने जब इसका विरोध किया तो रात में पड़ोस के सौरभ गोस्वामी, संजय गोस्वामी, रंजीत गोस्वामी, छोटू गोस्वामी, सूरज गोस्वामी और रोहित गोस्वामी जबरदस्ती घर में घूस आए। गाली गलौज करते हुए राहुल की पिटाई करते हुए अपने साथ ले जाने लगे। उनकी बेटी सोनी और सीमा कुमारी ने जब विरोध किया तो हमलावरों ने उसके छेड़खानी की। उनके पड़ोस के पप्पू राय छुड़ाने पहुंचे तो पप्पू नामम हमावर ने सिर पर लोहे के रॉड से हमला कर कर दिया दोनों का सिर फट गया। जब मुहल्ले के लोग जुटने लगे तभी हमलावर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष के सौरभ ने भी मारपीट की शिकायत दर्ज करी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

पुलिस ने जब्त किया पांच क्विंटल कोयला

धनबाद (आजाद सिपाही)। तेतुलमारी पुलिस ने रविवार को सिजुआ-राजगंज मुख्य मार्ग के बैजकारटांड़ बस्ती के समीप दो बाइक में अवैध लदे करीब पांच क्विंटल कोयला जब्त किया। हालांकि पुलिस को आता देख बाइक पर सवार युवक भागने में सफल रहा। जब्त बाइक व कोयले को पुलिस थाने ले गई। छापमारी का नेतृत्व एएसआई अभिराम सिंह कर रहे थे। एएसआई ने बताया कि कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि तेतुलमारी के बेलदारी, पाण्डेडीह छह नंबर, खास सिजुआ, चंदौर पहाडी, चंदौर तीनपटिया धौड़ा आदि जगहों से बाइक, टेंपो, मारुति वैन में कोयला लादकर अवैध कोयला डिपो में गिराया जाता है। इसके बाद ही छापामारी की गई।

भौंरा बाजार में युवक पर जानलेवा हमला

धनबाद (आजाद सिपाही)। भौंरा बाजार में रविवार की सुबह एक युवक पर जानलेवा हमला किये जाने की घटना प्रकाश में आयी है। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसकी पहचान साजन सिंह के रूप में हुई है। वह गौर खूटी का रहने वाला है। हमले में उसका सिर फट गया है। उसे इलाज के लिए चासनाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इस संबंध में साजन सिंह ने विवेक भुइयां, चुनमुन यादव, जेबा अंसारी, राजू यादव, मंटू यादव, राजेंद्र यादव, राहुल बाउरी व अन्य के खिलाफ हरवे हथियार से लैस होकर हमला करने का मामला सुदामडीह थाना में दर्ज कराया है। कहा कि सब्जी खरीदने के लिए भौंरा बाजार गया था। तभी उक्त लोगों ने घेर कर हमला कर दिया। पिस्टल सटाकर कहा कि भौंरा बाजार में आने पर जान गवानी पड़ेगी। उधर, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

झरिया में रक्तदान कर युवाओं ने मनाया मुहम्मद साहब का जन्मदिवस, पहुंचे डीएसपी व सीओ

झरिया (आजाद सिपाही)। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर रविवार को झरिया के नीचे कुल्हि में मुस्लिम युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 58 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, झरिया सीओ परमेश कुशवाहा व झरिया थानेदार पंकज झा भी पहुंचे। डीएसपी ने रक्तदान करने और आयोजनकर्ताओं को मेडल पहनाकर हौसला बढ़ाया। साथ ही रक्तदान करने वाले युवाओं को भविष्य में भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। आयोजनकर्ता अखलाक अहमद ने बताया कि पिछले चार वर्षों से ईद मिलादुन्नबी पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रक्तदाता स्वेच्छा से आते हैं और रक्तदान करते हैं। ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में शिविर का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है यह भी है कि जिस तरह हमारे नबी मुहम्मद साहब ने हमेशा लोगों की मदद की उसी प्रकार हम युवा भी उनके बताए मार्ग पर चलें।

बेरमो में अकीदत के साथ मनाई गई जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी

आजाद सिपाही संवाददाता

जरीडीह बाजार/बेरमो। बेरमो कोयलांचल में अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से रविवार को जगह-जगह जश्न ए ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। जरीडीह बाजार, फुसरो, कुरपनिया, कथारा, जारंगडीह, अमलो, सुभाष नगर, रजा नगर, घुटिया तांड, बाटा गली, पटेल नगर, भेड़ मुक्का, राजा बेडा और चलकारी आदि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग झंडे और डीजे के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकाली और नबी की शान में नारे लगाते और नातिया कलाम की सदा बुलंद करते हुए भ्रमण किया। सभी जुलूस करगली फुटबॉल मैदान पहुंचा और जलसे में तब्दील हो गया। यहां ऑल इंडिया मुस्लिम कमेटी की ओर से जलसे का आयोजन किया गया था। जहां सभी धर्मों के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। उलमाओं ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी आज दुनियाभर के मुसलमानों द्वारा मनाए जाने वाला खुशी का त्योहार है। जिसे हजरत मोहम्मद के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। कहा कि हमारे नबी ने धार्मिक सहिष्णुता के प्रतीक और सौहार्द के संदेश वाहक थे। हजरत मोहम्मद ने पूरी दुनिया को इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम दिया। समाज में अज्ञानता के अंधेरों को मिटाया। हजरत मोहम्मद ने महिलाओं को इंसाफ दिलाया। मुसलमानों के बीच उंचनीच का भेदभाव को मिटाया। इस दौरान नातिया कलाम पेश कर लोगों को बांधे रखा गया। जल से काश निजामत मौलाना मुबारक हुसैन कर रहे थे। जलसा को सफल बनाने में ऑल इंडिया मुस्लिम कमेटी बेरमो के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

लोकसभा चुनाव की तैयारी : वर्ष 2019 में हारी सीटों के लिए भाजपा का मेगा प्लान

144 सीटों में से 40 पर मोदी और 104 पर नड्डा, शाह करेंगे रैलियां

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भाजपा ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए पार्टी 2019 में हारी 144 लोकसभा सीटों पर रैलियां करने की योजना बना रही है। इन लोकसभा सीटों में से 40 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 40 बड़ी रैलियां करेंगे। बची हुई सीटों पर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत बड़े नेता सभाएं करेंगे।

पीएम मोदी जिन 40 लोकसभा सीटों पर बड़ी रैलियां करेंगे, उन्हें 40 कलस्टर में बांटा गया है। नये प्लान के मुताबिक प्रधानमंत्री की इन सभी 40 क्लस्टर में जनसभा करेंगे। इन कलस्टर्स के प्रभारी कैबिनेट मंत्री होंगे। बाकी बचीं 104 सीटों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दूसरे केंद्रीय कैबिनेट मंत्री पहुंच कर सभाएं करेंगे।

सितंबर में जेपी नड्डा-अमित शाह की मीटिंग में लिखी गयी स्क्रिप्ट

इस पूरी रणनीति की पटकथा सितंबर में नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में हुई बैठक के बाद लिखी गयी थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मीटिंग में उन 144 लोकसभा सीटों का एनालिसिस किया, जिन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के लिए कठिन माना जा रहा है। इस बैठक में 25 केंद्रीय मंत्री शामिल हुए थे। इन सभी मंत्रियों ने उन्हें सौंपे गये 3 से 4 लोकसभा क्षेत्रों में उनके काम को लेकर रिपोर्ट्स पेश की थीं। इसके बाद ही पार्टी ने लोकसभा प्रवास योजना फेज-2 तैयार की।

असंतुष्ट कार्यकर्ताओं से बात करेंगे नेता

लोकसभा प्रवास योजना फेज-2 में हर कलस्टर का प्रभारी कैबिनेट मंत्री को बनाने के पीछे पार्टी की खास रणनीति है। इसके मुताबिक अपने प्रवास के दौरान क्लस्टर प्रभारी स्थानीय असंतुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं की शिकायतों को सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। प्रभारियों को क्षेत्र की बड़ी स्थानीय हस्तियों के साथ नियमित बैठकें करने की जिम्मेदारी भी दी जायेगी।

क्लस्टर प्रभारी धर्मगुरुओं से मिलने भी जायेंगे

यात्रा के दौरान क्लस्टर के प्रभारी कैबिनेट मंत्री को स्थानीय धार्मिक नेताओं, संतों और अलग-अलग समुदायों के स्थानीय नेताओं के साथ उनके घर जाकर बैठकें करनी होंगी। स्थानीय सामुदायिक उत्सवों और रीति-रिवाजों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना होगा।

डॉक्टरों-वकीलों के साथ मीटिंग भी करेंगे मंत्री

उन्हें संघ के सभी सहयोगी संगठनों के स्थानीय अधिकारियों और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ-साथ प्रभारी नेताओं के साथ बैठकें करनी होंगी। वकील, डॉक्टर, प्रोफेसर, बिजनेसमैन समेत अन्य पेशेवरों के साथ भी बैठकें करनी होंगी।

सदियों पहले जिस मोढेरा पर आक्रांताओं ने जुल्म ढाये, अब वह बना मिसाल : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मेहसाणा के मोढेरा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मेहसाणा जिले में मोढेरा को भारत का पहला सौर ऊर्जा संचालित गांव घोषित किया। इसके बाद पीएम मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोढेरा सूर्य मंदिर के लिए जाना जाता था, अब इसे सौर ऊर्जा से चलने वाला गांव भी कहा जायेगा। आज मेहसाना और मोढेरा गांव के लिए गौरव का पल है। आज जब हम सूर्य ग्राम मोढेरा में है, तो यह संयोग ही है कि आज शरद पूर्णिमा भी है। पीएम मोदी ने कहा- आज मोढेरा, मेहसाणा समेत पूरे उत्तर गुजरात के लिए विकास की नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। बिजली, पानी से लेकर रोड, रेल तक... डेयरी से लेकर कौशल विकास और स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। बीते कुछ दिनों से सूर्य ग्राम मोढेरा को लेकर पूरे देश में चर्चाएं हो रही हैं। लोग कह रहे है कि सोचा नहीं था कि यह सपना हमारी आंखों के सामने साकार हो सकता है। आज हम सभी इस सपने को सिद्ध होता हुआ देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हम बिजली के लिए भुगतान नहीं करेंगे। अब हम बिजली बनाकर बेचना शुरू करेंगे और इससे कमायेंगे। कुछ समय पहले, सरकार नागरिकों को बिजली की आपूर्ति करती थी, लेकिन अब, सौर पैनलों की स्थापना के साथ, नागरिक अपनी बिजली का उत्पादन करेंगे। सदियों पहले जिस मोढेरा को मिट्टी में मिलाने के लिए आक्रांताओं ने जुल्म ढाये... जिस मोढेरा पर भांति-भांति के अत्याचार हुए। अब वह मोढेरा अपनी पौराणिकता के साथ-साथ आधुनिकता के लिए भी दुनिया में मिसाल बन रहा है।

रोजगार के नये अवसर पैदा करेंगी नयी परियोजनाएं

प्रधानमंत्री ने कहा- अब तक ये होता था कि सरकार बिजली पैदा करती थी और जनता खरीदती थी। अब केंद्र सरकार यह प्रयास कर रही है कि लोग अपने घरों में सोलर पैनल लगाएं। सरकार देश में सोलर पॉवर को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक मदद दे रही है। ऐसी परियोजनाएं रोजगार के नये अवसर पैदा करेंगी। ये परियोजनाएं किसानों और पशु पालकों की आय बढ़ाने में मदद करेंगी। साथ ही इस पूरे क्षेत्र में पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं को भी विस्तार देंगी। गुजरात का यही सामर्थ्य है, जो मोढेरा में नजर आ रहा है। यह गुजरात के हर कोने में मौजूद है।

मोढेरा का नाम सबसे पहले लिया जायेगा

पीएम मोदी ने कहा- मोढेरा सूर्य मंदिर के लिए जाना जाता था। अब इसे सौर ऊर्जा से चलने वाले गांव के नाम से भी जाना जायेगा। भविष्य में जब भी सोलर पावर को लेकर के बात होगी तब मोढेरा का नाम सबसे पहले लिया जायेगा। मोढेरा में सभी घर सोलर पावर से रोशन होंगे। खेती बाड़ी से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग तक सभी सोलर पावर से होंगे। पीएम मोदी ने बातों ही बातों में आगामी विधानसभा चुनावों की ओर भी इशारा कर दिया। उन्होंने कहा- गुजरात के लोगों ने मुझे पिछले दो दशकों से आशीर्वाद दिया है और मेरी जाति को देखे बिना मुझे चुनाव जिताया है।

एकल अभियान रांची अंचल की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

गांव का नाम रोशन कर रहे हैं गांव के बच्चे : जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

सोनाहातू। एकल अभियान रांची भाग के तत्वावधान में अभ्युदय यूथ क्लब रांची अंचल के द्वारा रविवार को सारेयाद मोड़ मैदान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। मौके पर मुख्य अतिथि जसपुरिया बीएड कॉलेज के अध्यक्ष सह समाजसेवी जैलेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चे देश स्तर तक गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। वे जिला से पार कर राज्य स्तर तक पहुंच चुके हैं, जो गांव की ताकत की पहचान बना चुके हैं। एकल अभियान केंद्र सरकार को महत्व देते हुए बढ़ावा देने का काम किया है। प्रतियोगिता में सोनाहातू, सिल्ली, राहे, अनगड़ा, ओरमांझी, ठाकुरगांव, चान्हो, बेड़ो, मांडर के छात्र- छात्राएं ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को मेडल और जर्सी देकर सम्मानित किया गया। सभी चयनित छात्रों को राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन किया गया। मौके पर एकल अभियान के प्रातीम अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी, विनय महतो धीरज, विधायक प्रतिनिधि श्याम कुमार महतो, जवाहर महतो, रामदास महतो, दिलेश्वर कोईरी, राधाबल्लभ सिंह, रूप कुमार साहू, श्रीपति महतो, मिहिर कुमार महतो, धर्मेंद्र कुमार, आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एकल अभियान के कर्ण महतो, कमल नाथ महतो,करम सिंह, जयकुमार यादव, अर्जुन सिंह, भदरू महतो का साहनीय योगदान रहा।

बिजली गिरने से दो की मौत, 13 घायल

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राउरकेला बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। फुटबॉल खेलते समय बिजली गिरी। ऐसी ही घटना हातीबारी थाना क्षेत्र के कंदरकेला के लता गांव में हुई है। घायलों को हातीबारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ गंभीर घायलों को राउरकेला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो मृतकों में से माइकेल सुरीन (15) और अजय लाखुआ (24) उनको बिजली की चपेट में आने के बाद स्थानीय लोग ने देशी चिकित्सा के लिए सभी घायलों को गोवर की ढेर में डाल दिया गया। खबर मिलते ही हातिबारी पुलिस मौके पर पहुंची और 15 घायलों को तत्काल हातिबारी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया।

केजरीवाल के हिंदू विरोधी मंत्री राजेंद्र पाल का इस्तीफा

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन पर विजयादशमी के दिन दिल्ली में बौद्ध सम्मेलन में हिंदू देवी-देवताओं को न मानने की शपथ दिलाने का आरोप है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने इसका वीडियो शेयर करके मंत्री की बर्खास्ती की मांग की थी। बताया गया है कि राजेंद्र पाल गौतम के बयान पर अरविंद केजरीवाल ने भी नाराजगी जतायी थी। राजेंद्र पाल गौतम आम आदमी पार्टी के दलित नेता हैं। वे दिल्ली की सीमापुरी सीट से विधायक हैं। केजरीवाल सरकार में उनके पास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति/जनजाति, रजिस्ट्रार ऑफ को-आपरेटिव सोसाइटीज मंत्रालय की जिम्मेदारी थी। उन्होंने अपने इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा- भाजपा के खिलाफ लड़ता रहूंगा। वे मेरे नाम पर केजरीवाल को टारगेट कर रहे थे।



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**